✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 239 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 25 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



नयी दिल्ली में गणतंत्र दिवस की झांकी में दिखेगा बिहार का मखाना उत्पादन

# नागरिक सुविधाओं को मजबूत करना सरकार का उद्देश्य : नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में वैशाली पहुंचे। यहां उन्होंने 54 करोड़ रुपये की लागत से 25 योजनाओं का शिलान्यास किया जबकि 98 करोड़ रुपये की लागत से 103 योजनाओं का उद्घाटन किया। साथ ही प्रगति यात्रा के दौरान घोषित किए गए योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय स्टार्टअप एवं इनोवेशन स्टॉल के अलावा अलग-अलग स्टॉल का इंस्पेक्शन भी किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक करते हुए कहा कि बिहार को सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने हेतु सात निश्चय-3 कार्यक्रमों को लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-3 के प्रमुख उद्देश्यों में एक उद्देश्य मजबूत आधार-आधुनिक विस्तार है। इसके तहत राज्य में शहरी क्षेत्रों का विस्तार एवं नागरिक सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। साथ ही, राज्य में नए आधुनिक नियोजित शहरों का विकास किया जा रहा है। शहरों में सुलभ संपर्कता के लिए 5 नई एक्सप्रेस-वे सड़कों का निर्माण और ग्रामीण सड़कों का चरणबद्ध तरीके से 2 लेन चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इसके अतिरिक्त बिजली से जुड़ी आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण एवं सभी इच्छुक लोगों के घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य के पर्यटन स्थलों को विकसित कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थलों के रूप में स्थापित किया जा रहा है। पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाले सर्किट में सभी प्रकार की पर्यटकीय सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। साथ ही इको-टूरिज्म के विकास पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना में विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स सिटी के निर्माण के साथ ही राज्य के सभी जिलों में खेलों के लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना की जा रही है। राज्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का लगातार आयोजन कराया जा रहा है।



साथ ही प्रगति यात्रा से संबंाित 430 स्वीकृत योजनाओं तथा सात निश्चय-2 के बचे कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। राज्य में उद्योग लगाने और स्वरोजगार करने वालों को कई प्रकार की सुिवाायें देकर सरकार उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। बिहार में उद्योग लगाने के लिये उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जा रहा है, इससे राज्य में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को काफी मदद मिलेगी। उद्योग लगाने के लिये सभी जिलों में सुिवाायें दी जा रही हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि बिहार में उद्योगों को और ज्यादा बढ़ावा मिले, बिहार के युवा दक्ष एवं आत्मनिर्भर हों तथा उन्हें अिाक से अिाक रोजगार मिल सके एवं उनका भविष्य सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप नीति बनाई गई है ताकि युवा अपना रोजगार शुरू कर सकें। हमारे राज्य के युवा दक्ष और सक्षम हों इसके लिए हमलोग कार्य कर रहे हैं।

# सूचना एवं जन संपर्क विभाग के निदेशक अनिल कुमार समेत 10 आइएएस आज होंगे सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग के निदेशक अनिल कुमार सहित प्रदेश के 10 आइएएस को आज सम्मानित किया जाएगा। बिहार सरकार के निर्वाचन विभाग ने सभी जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी को 'बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड 2025' के खिताब से सम्मानित करने के लिए नामित किया है। यह प्रतिष्ठित अवार्ड उन्हें उनकी बेहतरीन कार्यशैली और निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्धता के चलते मिलेगा। आज 25 जनवरी को पटना स्थित अधिवेशन भवन में आयोजित 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में सभी को पुरस्कृत किया जाएगा। बिहार सरकार के निर्वाचन विभाग द्वारा दिया जाने वाला यह अवार्ड राज्यभर के केवल आइएएस को दिया जाएगा। इनमें आठ वर्तमान में डीएम के पद पर पदस्थ हैं जबकि अररिया के पूर्व डीएम अनिल कुमार वर्तमान में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक के पद पर आसीन हैं। वहीं कटिहार के पूर्व डीएम मनेश कुमार मीणा खान विभाग के निदेशक के रूप में सेवा दे रहे हैं। भागलपुर डीएम डॉ नवल किशोर चौधरी, सुपौल डीएम सावन कुमार, भोजपुर डीएम तनय सुल्तानिया, सीतामढ़ी डीएम रिची पांडेय, नालंदा डीएम कुंदन कुमार, मुजफ्फरपुर डीएम सुब्रत सेन, गया डीएम शशांक कुमार और जमुई डीएम नवीन को रविवार को सम्मानित किया जाएगा।




## अटल पथ पर एंबुलेंस बना आग का गोला

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी के अटल पथ पर शनिवार की शाम मरीज को लेकर जा रही एक एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। यह घटना उस वक्त हुई जब एंबुलेंस एक मरीज को इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जा रही थी। अचानक वाहन से धुआं उठता देख आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और कुछ देर के लिए सड़क पर गाड़ी रूक गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चलते वाहन के इंजन हिस्से से अचानक धुआं निकलने लगा। धुआं देखते ही एंबुलेंस चालक ने हालात को समझते हुए तुरंत गाड़ी को सड़क किनारे रोक दिया। चालक की इस सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। यदि कुछ सेकंड की भी देरी होती तो मरीज और साथ चल रहे लोगों की जान खतरे में पड़ सकती थी। एंबुलेंस में एक मरीज के साथ चार अटेंडेंट मौजूद थे। चालक और परिजनों ने बिना घबराए मरीज को स्ट्रेचर समेत बाहर निकाला और सभी अटेंडेंट को सुरक्षित सड़क के किनारे पहुंचाया। कुछ ही पलों के बाद एंबुलेंस में आग तेजी से फैल गई और वाहन से लपटें उठने लगीं। तब तक सभी लोग सुरक्षित बाहर आ चुके थे। आग लगते ही मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग पर काबू पाने की कोशिश की गई और कुछ देर बाद स्थिति सामान्य हुई।

## कैबिनेट विस्तार के साथ बोर्ड, निगम, आयोगों का होगा पुनर्गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य कैबिनेट में विस्तार के आसपास ही बोर्ड, निगम और मनोनयन के जरिए गठित होने वाले आयोगों का पुनर्गठन होगा। कुछ नए आयोग गठित भी होंगे। एनडीए के घटक दल अभी इस समीक्षा में जुटे हैं कि पिछले साल जिन नेताओं-कार्यकर्ताओं का मनोनयन किया गया था, वे विधानसभा चुनाव में कितने कारगर हुए। कई पदधारकों के विरूद्ध दल विरोधी आचरण की शिकायतें भी मिली थीं। घटक दलों ने शिकायतों की जांच कर ली है। संगठन के छोटे पदधारकों पर कार्रवाई भी हुई है। अब कार्रवाई के दायरे में वे लोग भी आएंगे, जिन्हें मनोनयन के आधार पर मंत्री स्तर का वेतन और दूसरी सुविधाएं दी जा रही हैं। सबसे अधिक मनोनयन कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति और नागरिक परिषद में हुआ है। चुनाव से ठीक पहले नागरिक परिषद का विस्तार जिलों तक किया गया। इसी तरह कार्यक्रम कार्यान्वयन की समितियां प्रखंड स्तर पर बनाई गईं। इनके माध्यम से एनडीए के हजारों कार्यकर्ताओं को ताकतवर बनाया गया। इसी तरह बोर्ड, निगम और आयोग के पद भी भरे गए। अपेक्षा की गई थी कि ये नए पदधारक विधानसभा चुनाव में एनडीए के उम्मीदवारों के लिए मददगार साबित होंगे लेकिन चुनाव के बाद कई पदधारकों के बारे में उम्मीदवारों की शिकायत आई कि वे जीत के बदले हार के प्रबंध में जुटे रहे। मधुबनी के बाबूबरही की जदयू विधायक मीना कामत ने एक मंत्री स्तरीय पदधारक के विरूद्ध लिखित शिकायत की है। अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। बिहार नागरिक परिषद में मंत्री स्तर के कुछ पद जिन्हें दिए गए थे, वे विधायक बन गए हैं। जदयू के मंजीत कुमार सिंह और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के माधव आनंद नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष थे। परिषद के पुनर्गठन में इनकी जगह नए को मौका मिलेगा। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले युवा आयोग के गठन की घोषणा हुई थी। उस समय पदधारकों का मनोनयन नहीं हो सका। उम्मीद की जा रही है कि फरवरी में इस आयोग का गठन हो जाएगा। इसमें एक अध्यक्ष और दो उपाध्यक्षों के अलावा सात सदस्य होंगे। इसके लिए अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष तय की गई है। इसमें आम कार्यकर्ताओं के बदले विषय विशेषज्ञों को जगह दी जाएगी।

## बिहार सहित छह राज्यों में एआइसीसी पर्यवेक्षकों की हुई नियुक्ति

**नई दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला कांग्रेस अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया के लिए एआईसीसी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से बिहार, उत्तर प्रदेश, गोवा, नागालैंड, मणिपुर और मेघालय में लागू होंगी। जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रत्येक पर्यवेक्षक को एक-एक जिले की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी और वे प्रदेश कांग्रेस समिति के पर्यवेक्षकों के साथ मिलकर चयन प्रक्रिया को पूरा करेंगे। बिहार के लिए नियुक्त एआईसीसी पर्यवेक्षकों में भजनलाल जाटव, अशोक सिंह, राजेश ठाकुर, अरुण यादव, सत्यानारायण पटेल, अंबा प्रसाद, निलांशु चतुर्वेदी, निलेश पटेल उर्फ लाला पटेल, रणविजय सिंह लोचव, राजेश कच्छप, विनोद सुल्तानपुरी, मलेंद्र राजन, आफताब अहमद, मामन खान, श्वेता सिंह, हिम्मत सिंह पटेल, राव दान सिंह, संजय कपूर, संगीता बेनीवाल, रागिनी नायक, जयशंकर पाठक, देबासीस पटनायक, अब्दुल हन्नान, मकसूद खान, मानस चौधरी, शमीना शफीक, नीतू वर्मा, योगेश दीक्षित और अखिलेश शुक्ला शामिल हैं. कांग्रेस नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिला स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने और पारदर्शी ढंग से नेतृत्व चयन के उद्देश्य से यह प्रक्रिया शुरू की गई है।

## जमीन की रजिस्ट्री से पहले होगा भौतिक सत्यापन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में जमीन निबंधन प्रक्रिया को ट्रांसपेरेंट और राजस्व नुकसान से मुक्त बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। अब जमीन की रजिस्ट्री से पहले उसका फिजिकल वेरीफिकेशन जीआइएस तकनीक से किया जाएगा। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने इसे अनिवार्य कर दिया है। विभाग का मानना है कि इससे जमीन की सही स्थिति, क्षेत्रफल और उस पर बनी संरचना की पूरी जानकारी मिलेगी और राजस्व की चोरी पर रोक लगेगी। अक्सर देखा गया है कि रजिस्ट्री के दौरान जमीन की वास्तविक स्थिति छिपा ली जाती है। कहीं जमीन खाली बताई जाती है तो कहीं उस पर बनी इमारत की जानकारी नहीं दी जाती। इससे सरकार को भारी राजस्व नुकसान होता है। इसी समस्या को खत्म करने के लिए अब जीआइएस तकनीक से जमीन का सत्यापन होगा। इस तकनीक के जरिए जमीन की लोकेशन, उसका क्षेत्रफल, आसपास का ढांचा और उस पर बने निर्माण की पूरी जानकारी डिजिटल तरीके से जांची जाएगी। इसका मतलब यह हुआ कि अब कागजों की जानकारी और जमीन की हकीकत में फर्क नहीं चलेगा। नए नियम के अनुसार नगर निकाय क्षेत्रों में जमीन और उस पर बनी संरचना का निरीक्षण अब खुद निबंधन पदाधिकारी करेंगे। अन्य इलाकों में यह जिम्मेदारी कार्यालय अधीक्षक, प्रधान लिपिक और अन्य अधिकृत कर्मचारियों को दी जा सकती है। इतना ही नहीं, कर्मचारियों द्वारा किए गए निरीक्षणों में से दस प्रतिशत मामलों का क्रॉस वेरिफिकेशन खुद निबंधन पदाधिकारी करेंगे ताकि किसी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। अब रजिस्ट्री आवेदन के तीन दिनों के भीतर स्थल निरीक्षण कराना अनिवार्य होगा। जीआइएस सत्यापन के बाद ही रजिस्ट्री पूरी मानी जाएगी। फ्लैट रजिस्ट्री के मामलों में बिल्डर एसोसिएशन और रेरा के साथ समन्वय किया जाएगा, ताकि खरीदारों को सही जानकारी मिल सके। सरकार चलंत निबंधन इकाइयों और कैंपों के माध्यम से लोगों को नए नियमों के बारे में जागरूक भी करेगी।



# योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश 'विकास भी और विरासत भी' का सशक्त उदाहरण : पीएम

## उत्तर प्रदेश दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री ने की प्रशंसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** शनिवार को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेशवासियों को उत्तर प्रदेश दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उत्तर प्रदेश को 'विकास भी और विरासत भी' के मंत्र का उत्तम उदाहरण बताया। अपने संदेश में उन्होंने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हो रहे व्यापक बदलावों को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने पत्र में लिखा कि अयोध्या में राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा और ध्वजारोहण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निर्माण, महाकुंभ का आयोजन तथा वर्तमान में चल रहा माघ मेला उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक सामर्थ्य को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यही सांस्कृतिक शक्ति प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाओं को साकार कर रही है और वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की पहचान को मजबूत बना रही है। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के तेजी से एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ़ने का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश 21 हवाई अड्डों वाला राज्य बनने की राह पर है और इस मामले में देश में अग्रणी स्थिति में है। लखनऊ, वाराणसी और अयोध्या जैसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे दुनिया के लिए भारत के नए द्वार खोल रहे हैं जबकि जेवर का नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा शीघ्र ही लाखों यात्रियों की आकांक्षाओं को नई उड़ान देगा। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश को मजबूत कानून व्यवस्था का उदाहरण बताते हुए कहा कि नए कीर्तिमानों के साथ राज्य ने जनसेवा और लोक कल्याणकारी नीतियों को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाकर उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने लिखा कि उत्तर प्रदेश 'पिछड़ों को प्राथमिकता' के मंत्र को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। उज्ज्वला योजना का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना की शुरुआत उन्होंने बलिया से की थी जिसने गरीब महिलाओं के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया। आज यह योजना गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण का पर्याय बन चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनसंख्या की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के नाते उत्तर प्रदेश की प्रगति से देश के विकास को भी नई गति मिलेगी। सामूहिक शक्ति और स्पष्ट विकास लक्ष्य के साथ आगे बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा रहा है।

# कर्पूरी ठाकुर जयंती पर विधानसभा परिसर में राजकीय समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** शनिवार को बिहार विधानसभा परिसर में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सामान्य, सरल और सहज जीवनशैली के पक्षधर रहे, इसी कारण वे जननायक के नाम से लोकप्रिय हुए। उन्होंने पिछड़ी जातियों के लिए सरकारी नौकरी में आरक्षण की व्यवस्था लागू करने और मैट्रिक परीक्षा में अंग्रेजी विषय की अनिवार्यता समाप्त करने जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए जिन्हें आज भी सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जाता है। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को बिहार राज्य के दूसरे उप मुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रहने का गौरव प्राप्त रहा। सामाजिक न्याय, समानता और जनकल्याण के आदर्शों के लिए उनके योगदान को देश हमेशा स्मरण रखेगा। उल्लेखनीय है कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को उनकी सौवीं जयंती के अवसर पर वर्ष 2024 में भारत सरकार द्वारा मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कला के माध्यम से सामाजिक चेतना के लिए प्रतिबद्ध संस्था अहसास कलाकृति द्वारा रेलवे चिल्ड्रेन इंडिया के सौजन्य से पटना के पाटलिपुत्रा जंक्शन एवं दानापुर जंक्शन पर कुमार मानव लिखित एवं निर्देशित नुक्कड़ नाटक रेलवे स्टेशन पर बच्चों की सुरक्षा की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों और स्टेशन पर कार्य करने वाले कुली, सफाईकर्मी, वेन्डर आदि को बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। नाटक के माध्यम से यह दिखाने की कोशिश की गई कि ऐसे बच्चे जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम है जो किसी कारण घर से निकल जाते हैं और सबसे पहले रेलवे स्टेशन की ओर रुख करते हैं। वे किसी संदिग्ध व्यक्ति, बाल तस्कर के गिरफ्त में आ सकते हैं और उनका शोषण तथा दुर्वयवहार हो सकता है। ऐसे में सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क और सचेत रहें और उनकी मदद के लिए आगे बढ़ें। इसके लिए चाइल्ड हेल्प लाइन के 1098, टॉल फ्री नंबर 112 या रेलवे स्टेशन के हेल्प लाइन नम्बर 139 पर कॉल कर सकते हैं या जी आर पी, आर पी एफ से संपर्क कर ऐसे बच्चों की जरूर सहायता करें। नुक्कड़ नाटक में भाग लेने वाले कलाकार थे अर्चना कुमारी, विजय कुमार, भुनेश्वर कुमार, हिमांशु कुमार, देव कुमार, हेमा कुमारी। गायक थे कृष्णा तूफानी और नाल पर थे राजकिशोर पासवान।

कार्यक्रम के अंतिम में पाटलिपुत्रा जंक्शन के स्टेशन मैनेजर मिथिलेश शरण एवं जी आर पी एस एच ओ पंकज कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम लगातार होना चाहिए जिससे कि आम लोगों में बाल संरक्षण के प्रति जागरुकता आये। इस अवसर पर रेलवे चिल्ड्रेन इंडिया के कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार सिंह, संजय रजक, शुभांशु कुमार भी उपस्थित थे।

# कर्पूरी ठाकुर वंचित-शोषित समाज की सशक्त आवाज थे : डा. प्रेम कुमार

## कर्पूरी ठाकुर द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चल रहे हैं पीएम नरेंद्र मोदी: प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय स्थित अटल सभागार में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ एवं ओबीसी मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात जयंती समारोह का संयुक्त रूप से उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया तथा भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी द्वारा किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर वंचित-शोषित समाज की सशक्त आवाज थे। उन्होंने बिहार के पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका जीवन अत्यंत सादगीपूर्ण रहा। उन्होंने बिहार में आरक्षण का फार्मूला लागू कर पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग का वर्गीकरण किया जिससे समाज के कमजोर वर्गों को नौकरियों में भागीदारी सुनिश्चित हुई। संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर एक आदर्श नेता थे। उन्होंने अनिवार्य अंग्रेजी की बाध्यता समाप्त कर हिंदी माध्यम से भी मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण करने का कानून बनाया जिससे गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा एवं सरकारी सेवाओं में आगे बढ़ने के अवसर मिले। राज्यसभा सदस्य डॉ. भीम सिंह ने कहा कि उन्हें जननायक कर्पूरी ठाकुर के साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ जिससे उन्होंने समाजवाद के मूल सिद्धांतों को सीखा। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने समाजवाद को आगे बढ़ाया जबकि आज कुछ लोग परिवारवाद तक सीमित हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 1977 में कर्पूरी ठाकुर के मुख्यमंत्री बनने में जनसंघ की अहम भूमिका रही थी। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर द्वारा दिखाए गए मार्ग पर आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों से कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की मांग होती रही, लेकिन कांग्रेस सरकारों ने यह सम्मान नहीं दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न प्रदान कर पूरे बिहार को गौरवान्वित किया है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा एवं नरेंद्र मोदी ही देश में पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्गों के वास्तविक सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में जस्टिस रोहिणी आयोग का गठन किया गया। ताकि पिछड़े वर्गों में भी सबसे कमजोर वर्गों की पहचान कर उनके विकास के लिए नीति बनाई जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के लाल नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर केंद्रीय नेतृत्व ने पूरे बिहार को सम्मान दिया है। इस अवसर पर विधायक संजय गुप्ता, संजय खंडियाल, यू.पी. शर्मा, बलिराम मंडल, अनामिका पासवान, शिवपूजन राम, वीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, मुकेश पटेल, अभय सिंह, इंदल सिंह चंद्रवंशी, पवन ठाकुर, सतीश कुमार, भावना शर्मा, संजय चौहान, अनिल कुमार चंद्रवंशी, चंपा देवी, अनामिका देवी, संजय निषाद, संतोष पटेल, रमन सिंह चंद्रवंशी, मुकेश मंडल, राकेश चौरसिया, मधेश्वर सिंह चंद्रवंशी, कमलेश कुमार चंद्रवंशी, बाबूलाल गुप्ता सहित कई प्रमुख कार्यकर्ताओं ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

# टीबी उन्मूलन की दिशा में बिहार का सतत प्रयास जारी : मंगल पांडेय

## टीबी मुक्त अभियान के तहत 1.52 करोड़ से अधिक उच्च जोखिम आबादी की मैपिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन के लक्ष्य को लेकर बिहार ने बीते वर्षों में निरंतर प्रतिबद्धता और संगठित प्रयासों के साथ काम किया है। राज्य सरकार की स्पष्ट नीति, तकनीक आधारित हस्तक्षेप और समुदाय-केंद्रित रणनीतियों ने टीबी नियंत्रण की दिशा में ठोस प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया है। इन प्रयासों का परिणाम रहा है कि चिन्हित टीबी रोगियों को निक्षय पोर्टल से जोड़कर निःशुल्क जांच, दवाएं, ड्रग-रेजिस्टेंस परीक्षण, ब्लड शुगर एवं एचआईवी जांच तथा उपचार के दौरान पोषण सहायता प्रदान की जा रही है। श्री पांडेय ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राज्य में 1.52 करोड़ से अधिक उच्च-जोखिम आबादी का मैपिंग किया गया जिसके आधार पर लगभग 23 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग कराई गई। इस सघन अभियान से टीबी की जल्द पहचान संभव हुई और मरीजों को समय पर उपचार से जोड़ा जा सका। उच्च जोखिम युक्त समूहों में आधुनिक जांच तकनीकों और एआई आधारित पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों का उपयोग कर राज्य के 10 जिलों में लक्षणहीन टीबी रोगियों की भी पहचान की गयी। संक्रमण की श्रृंखला तोड़ने के लिए टीबी निवारक उपचार (3 एचपी एवं 1 एचपी) जैसी पद्धतियों को राज्यभर में लागू किया गया है। वहीं सामाजिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से निक्षय मित्र पहल के तहत लगभग 37,710 निक्षय मित्रों की भागीदारी से अब तक लगभग 55,016 फूड बास्केट टीबी मरीजों को वितरित किए गए हैं जिससे उपचार के दौरान पोषण और निरंतरता सुनिश्चित हुई है। श्री पांडेय ने बताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार में एआई युक्त डिजिटल एक्स-रे मशीनों का विस्तार किया जा रहा है। इसके साथ ही पटना के अगमकुआं में यक्ष्मा प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण केंद्र का चार मंजिला नया भवन का निर्माण अंतिम चरण में है। यह केंद्र प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और अनुसंधान का प्रमुख हब बनेगा और बिहार को टीबी मुक्त भारत के बड़े राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर और सशक्त रूप से आगे बढ़ाएगा।

# ऊर्जा ऑडिटोरियम में रोजगार मेला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ऊर्जा ऑडिटोरियम, शास्त्री नगर पटना में रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिसमें भारत सरकार के केंद्रीय सुरक्षा बलों तथा अन्य विभागों में चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति पत्र पाने के लिए उर्जा ऑडिटोरियम, शास्त्री नगर पटना में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप रोजगार मेला इस दृष्टिकोण को धरातल पर उतारने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसकी शुरुआत से अब तक देशभर में आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 11 लाख से अधिक भर्ती पत्र जारी किए जा चुके हैं। पटना के इस कार्यक्रम में भारत सरकार के 11 विभिन्न विभागों के नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले कुल 447 अभ्यर्थी शामिल रहे। देश भर में पटना सहित 45 स्थानों पर आयोजित होने वाले इस रोजगार मेले का उद्घाटन नरेन्द्र मोदी के द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर देश के युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 भारत के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी के बाद का यह समय अभ्यर्थियों के जीवन में भी नए वसंत के आगमन का संकेत देता है। प्रधानमंत्री ने नियुक्ति पत्रों को केवल औपचारिक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की यात्रा का संकल्प पत्र बताते हुए कहा कि ये पत्र युवाओं के आत्मविश्वास और देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशल से जोड़ना, उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से सरकारी भर्तियों को मिशन मोड में करने हेतु रोजगार मेले की शुरुआत की गई है जिससे पारदर्शी, समयबद्ध और व्यापक भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा किए जा रहे वैश्विक व्यापार समझौते भारत की युवा शक्ति को देश और दुनिया में नए अवसरों से जोड़ रहे हैं जिससे विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के नए द्वार खुल रहे हैं।

# पंचायत में वैज्ञानिक खेती की पहल : मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर आधारित 8053 प्रत्यक्षण

## प्रत्यक्षण के आधार पर हर पंचायत में दिखाई जा रही सही खेती की मिसाल : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य के किसानों के खेतों की मिट्टी को स्वस्थ, उपजाऊ एवं दीर्घकाल तक संरक्षित रखने के उद्देश्य से केन्द्र प्रायोजित मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को वैज्ञानिक खेती से जोड़ा जाए जिससे कम लागत में अधिक उत्पादन के साथ-साथ भूमि की उर्वरता भी बनी रहे। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक पंचायत के एक राजस्व ग्राम में मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर कुल 8053 प्रत्यक्षण आयोजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर प्रत्यक्षण कराये जा रहे हैं जिससे अधिक-से-अधिक किसान इस योजना से लाभान्वित हो सकें। कृषि मंत्री ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर किसानों को उनकी भूमि की वास्तविक स्थिति की जानकारी दी जा रही है। प्रत्यक्षण हेतु चिन्हित क्षेत्रों में कृषकों द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसा के अनुसार मृदा सुधारक, सूक्ष्म पोषक तत्वों, रासायनिक एवं जैव/कार्बनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग किया जा रहा है। इसके माध्यम से किसानों को यह समझाने का प्रयास किया जा रहा है कि वैज्ञानिक तरीके से उर्वरकों का प्रयोग किस प्रकार फसल उत्पादन को बढ़ाता है और अनावश्यक खर्च को कम करता है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्षण प्लॉट एवं कंट्रोल प्लॉट के माध्यम से किसानों को प्रत्यक्ष रूप से यह दिखाया जा रहा है कि अनुशंसित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग से फसल की वृद्धि, पैदावार और गुणवत्ता में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। इससे किसानों का विश्वास वैज्ञानिक खेती की ओर बढ़ रहा है और वे स्वयं इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि प्रत्यक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को उर्वरकों के संतुलित एवं सीमित उपयोग के लाभों से अवगत कराना है। ताकि मृदा की दीर्घकालिक उर्वरता बनी रहे और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। यह योजना टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि देश का किसान वैज्ञानिक, आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बने। मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती और संतुलित उर्वरक प्रबंधन जैसी योजनाओं के माध्यम से टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देते हुए उत्पादन लागत में कमी और आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विजन है कि राज्य का प्रत्येक किसान आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक सलाह और सरकारी योजनाओं से जुड़कर समृद्ध बने।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी ने किया कुष्ठ रोगियों के बीच कंबल वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सेवा एवं मानवता के प्रति अपने दायित्व के निर्वहन के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी के तत्वावधान में कुष्ठ रोगियों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 24 जनवरी 2026, शनिवार को कुष्ठ नियंत्रण इकाई सह राजकीय औषधालय, गायघाट, पटना-7 में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में कुल 100 कुष्ठ रोगियों एवं जरूरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण किया गया जिससे ठंड के इस मौसम में उन्हें राहत मिल सके। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उपस्थित होकर सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के संयोजक रो राजेश बल्लभ उर्फ मुन्ना यादव ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी क्लब समाज के वंचित वर्गों की सेवा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने अपने संबोधन में कहा कि 'सेवा ही हमारा उद्देश्य है' के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए रोटरी क्लब समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुँचाने का कार्य करता रहेगा। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष रो डॉ अजय प्रकाश व रो विष्णु झुनझुनवाला ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्यों के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष राकेश बल्लभ उर्फ डब्बू यादव, रवि शंकर प्रीत, बिजय कुमार यादव, रव्यांशु प्रीत, कवि सैनी, राहुल राज सिंह, आशीष कसेरा, मंजीत राज, राजेश राज, अनजीत कुमार सहित सभी सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थित रही।

# ज्ञान गंगा कोचिंग सेंटर में सरस्वती पूजा और सेंटर की 12वां वर्षगांठ पर कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित ज्ञान गंगा कोचिंग सेंटर में सरस्वती पूजा एवं सेंटर का 12वां वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक संजय कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि सरस्वती माता हमलोगों को यह संदेश देती है कि ज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह संगीत, कला, विज्ञान और आत्म-चिंतन में भी मौजूद है। वह हमें सत्य, विवेक और विनम्रता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान गंगा संस्था के सफल छात्रों जो आज सम्मानित हुए आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहे और आगे बढ़ते रहे। इस अवसर पर पूर्व कुलपति डॉ. के.सी. सिन्हा ने कहा कि ज्ञान गंगा का मतलब ही होता है शिक्षा का विस्तार।

उन्होंने कहा कि वह इस संस्था के निदेशक मोहित जी को धन्यवाद देते हैं कि वे अपने संस्था के सफल छात्रों को हमेशा सम्मानित करते रहे। इससे छात्रों में मनोबल बढ़ाता है। इस मौके पर वार्ड 32 के वार्ड पार्षद पिंकी यादव एवं वार्ड 31 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र शर्मा के साथ ही कमलनयन श्रीवास्तव, राजेश राज एवं अन्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कोचिंग संस्थान के निदेशक मोहित कुमार ने उपस्थित सभी अतिथियों को धन्यवाद देते हुये कहा कि उनके मार्गदर्शन से संस्था को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा कोचिंग संस्थान को एक नये मुकाम तक पहुंचाने का अथक प्रयास करेंगे। उन्होंने सभी शिक्षकगण को धन्यवाद दिया जिन्होंने इस संस्था के 12 साल के सफर में उनका साथ दिया। कार्यक्रम में सफल 21 छात्रों को सम्मानित किया गया जिसमें प्रथम स्थान नीरज कुमार, दूसरा स्थान मुस्कान सिंह कला के छात्रा एवं तीसरा स्थान मुस्कान कुमारी विज्ञान के छात्रा को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकगण पवन कुमार, निशांत मिश्रा, सनोज राज, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, उत्सव राज, सूरज सिंह, गुलशन कुमार, गणेश कुमार, रोहित राज, राहुल कुमार, रौशन कुमार, अजय किशोर, उज्ज्वल कुमार, सूरज, श्याम एवं अन्य रहे। इस मौके पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 239 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 25 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना के गांधी मैदान में गणतंत्र दिवस को लेकर रिहर्सल करते जवान

# बिजली वितरण में बिहार का डंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की दोनों बिजली वितरण कंपनियों (नॉर्थ और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड) ने देश में परचम लहराया है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की रेटिंग में अपने प्रदर्शन के बल पर बिहार ने हरियाणा, प. बंगाल, आंध्र प्रदेश, केरल, उत्तराखंड, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, तेलंगाना जैसे राज्यों को पछाड़ दिया है। रेटिंग में एनबीपीडीसीएल 100 में 82.02 अंक हासिल कर ए ग्रेड के साथ 13वें पायदान पर रहा। राज्य सरकार की स्वामित्व वाली कंपनियों में यह सातवें पायदान पर है। इस तरह बिलिंग और बिल वसूली, तकनीकी और व्यावसायिक नुकसान में कमी, वित्तीय प्रबंधन और समग्र शासन व्यवस्था में सुधार के कारण कंपनी ने लंबी छलांग लगाई है। वित्तीय व उपभोक्ता सेवा के सभी मानकों पर देश की 42 सरकारी कंपनियों में नॉर्थ और साउथ बिहार को ए ग्रेड मिला है। ऊर्जा मंत्रालय के अधीन पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन



(पीएफसी) की 14वीं इंटीग्रेटेड रेटिंग एवं रैंकिंग रिपोर्ट में बिहार की कंपनियों को वित्तीय अनुशासन, परिचालन दक्षता, शासन मानक और उपभोक्ता-केंद्रित पहल में निरंतर सुधार करने वाला बताया है। एसबीपीडीसीएल ने 67.37 अंक प्राप्त किए और राष्ट्रीय स्तर पर ए ग्रेड हासिल किया। साउथ बिहार को सभी वितरण कंपनियों में 20वां स्थान मिला है। राज्य सरकार के अधीन कंपनियों में साउथ बिहार ने 12वां स्थान प्राप्त किया है। पिछली बार साउथ बिहार को बी माइनस ग्रेड मिला था। साउथ बिहार ने लंबी छलांग लगाते हुए बेहतर राजस्व संग्रहण, परिचालन नियंत्रण में सुधार, एसीएस के अंतर में कमी और मजबूत शासन प्रणाली के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। पीएफसी ने देश की 65 विद्युत वितरण कंपनियां (सरकारी व गैर सरकारी) का 100 अंकों के लिए मूल्यांकन किया गया। एसीएस-एआरआर गैप, बिलिंग एवं संग्रहण दक्षता, वितरण हानि, अनुदान, कॉर्पोरेट गवर्नेंस समेत विभिन्न मानदंडों के आधार पर वितरण कंपनियों का मूल्यांकन हुआ। पीएफसी ने बिहार की दोनों कंपनियों को अत्यंत उच्च वित्तीय एवं परिचालन प्रदर्शन की श्रेणी में रखा है। यह उपलब्धि बिहार सरकार और ऊर्जा विभाग के निरंतर सुधारात्मक प्रयासों, पारदर्शी कार्य प्रणाली तथा उपभोक्ता-केंद्रित सेवाओं की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## ट्रेन की चपेट में आने से रेलकर्मी की मौत

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी चंपारण जिले के चनपटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुमारबाग में शनिवार तड़के एक दर्दनाक रेल हादसे में ट्रैक पर काम कर रहे एक आउटसोर्सिंग रेल कर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान 26 वर्षीय आशीष कुमार के रूप में हुई है। घटना अहले सुबह करीब 3:30 बजे रेलवे गुमटी के पास की है, जब चनपटिया-बेतिया रेलखंड पर डाउन लाइन पर कार्यचल रहा था। बताया जाता हैकि इसी दौरान चनपटिया से बेतिया की ओर जा रही 63338 मेमू ट्रेन आशीष को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आशीष उछलकर ट्रैक के बगल में जा गिरा। हादसे के तुरंत बाद वहां मौजूद अन्य कर्मियों ने आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चनपटिया पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में आशीष के सिर और चेहरे में गंभीर चोटें आई थीं। सूचना मिलते ही चनपटिया थाने के एसआई शशिकांत दुबे और संजीव कुमार सीएचसी पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है। थानाध्यक्ष प्रभाकर पाठक ने बताया कि मामले की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर गाइडलाइन जारी

## सुबह 7 बजे से शुरू होगा आम जनता का प्रवेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 26 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। समारोह को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के मकसद से आम जनता, मीडिया औरअतिथियों के लिए अलग-अलग प्रवेश व्यवस्था तय की गई है। प्रशासन ने कहा है कि आम नागरिकों का एंट्री केवल निर्धारित गेटों से ही हो पाएगी। प्रशासन के आदेश के मुताबिक गणतंत्र दिवस के अवसर पर आम जनता के लिए गांधी मैदान में प्रवेश गेट संख्या 5, 6 और 7 से कराया जाएगा। जेपी गंगा पथ, अशोक राजपथ, गोलघर, मंदिरी, बुद्धा कॉलोनी और इससे जुड़े सड़क से आने वाले दर्शक गेट संख्या 5 और 6 का उपयोग कर सकते हैं। गेट संख्या 5 गांधी मैदान के उत्तर दिशा में श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल के सामने है। गेट संख्या 6 उत्तर-पूर्वी कोने पर कारगिल चौक के पास बनाया गया है। इससे लोगों को आसानी से मैदान में प्रवेश मिल सकेगा। बारी पथ, नाला रोड, ठाकुरबारी, बाकरगंज, एक्जीविशन रोड, फ्रेजर रोड, टीएन बनर्जी रोड, छज्जुबाग और आसपास के इलाकों से आने वाले दर्शकों के लिए गेट संख्या 7 तय किया गया है। यह प्रवेश द्वार गांधी मैदान के पूर्व दिशा में उद्योग भवन के सामने है। मीडिया के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। मीडिया बंधुओं का प्रवेश गेट संख्या 9 से होगा, जो गांधी मैदान के दक्षिण दिशा में रिजर्व बैंक के सामने स्थित है। मीडिया कर्मियों को अपने वैलिड पहचान पत्र और पास साथ रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सुरक्षा जांच में किसी तरह की परेशानी न हो। प्रशासन ने यह भी कहा है कि गांधी मैदान में आम जनता का प्रवेश सुबह 7 बजे से शुरू होगा। लोगों से अपील की गई है कि वे समय से पहले पहुंचें। तय गेटों का ही उपयोग करें और सुरक्षा कर्मियों के निर्देशों का पालन करें। किसी भी तरह की प्रतिबंधित वस्तु मैदान में ले जाने से बचें। जिला प्रशासन का कहना है कि लोगों के सहयोग से ही गणतंत्र दिवस समारोह को सफल बनाया जा सकता है।

# गणतंत्र दिवस की झांकी में दिखेगा बिहार का मखाना उत्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मिथिलांचल के पोखरों से निकलकर मखाना आज 'लोकल से ग्लोबल' सुपरफूड के रूप में दुनिया की थाली तक पहुंच रहा है। क्क्र टैग, महिला सहभागिता और किसानों की मेहनत से मखाना को पूरी दुनियां में पहचान मिली है। 26 जनवरी को रक्षा मंत्रालय की ओर से दिल्ली लाल किले में आयोजित परेड में मखाना उत्पाद की झांकी प्रस्तुत की जाएगी। झांकी के माध्यम से बिहार के इस सुपर फूड मखाना की पूरी प्रोसेसिंग की प्रक्रिया प्रस्तुत की जाएगी। मिथिला का मखाना को केवल एक खाद्य पदार्थ नहीं, बल्कि बिहार की सांस्कृतिक और आर्थिक ताकत के रूप में दर्शाया जाएगा। मधुबनी जिले के बेनीपट्टी से भाजपा विधायक विनोद नारायण झा कहते हैं कि 'बिहार की झांकी के रूप में मखाना को चुना जाना गौरव की बात है। मखाना ने मिथिला के गौरव को बढ़ाने का काम किया है, इसकी आर्थिक उन्नति भी करवाई है। विनोद नारायण झा ने कहा कि पिछले एक दशक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकल फॉर वोकल का नारा दिया था। इसके बाद इसके स्थानीय उत्पादक में बहुत वृद्धि हुई है। इसमें मखाने के प्रोडक्शन से लेकर मार्केटिंग तक में वृद्धि हुई है। यह अब एक राष्ट्रीय ब्रांड बन गया है, जो मिथिला की पहचान के रूप में भी देखा जाने लगा है। केंद्र सरकार ने मिथिलांचल में मखाना की खेती को बढ़ावा देने के लिए मखाना बोर्ड का गठन किया। 26 जनवरी को आयोजित झांकी की मुख्य थीम 'मखाना लोकल से ग्लोबल की थाली में सुपरफूड' रखी गई है। इसमें मखाना की पारंपरिक खेती से लेकर उसके आधुनिक प्रसंस्करण तक की पूरी प्रक्रिया को दिखाया जाएगा। खेती, भूनाई, फोड़ाई और पैकेजिंग जैसे सभी चरण झांकी का हिस्सा होंगे।

## अंशुल राज बने पटना हाईकोर्ट के नए जज

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना उच्च न्यायालय में जजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। भारत की राष्ट्रपति द्रौप-दी मुर्मू ने पटना हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अंशुल उर्फ अंशुल राज को पटना हाईकोर्ट के जज के रूप में नियुक्त किया। इस सम्बन्ध में भारत सरकार के विधि व न्याय मंत्रालय की ओर से एक अधिसूचना जारी कर दी गयी है। नामित जज अंशुल उर्फ अंशुल राज उसी दिन से कार्यभार संभालेंगे, जिस दिन वे शपथ ग्रहण करेंगे। अंशुल राज के पटना हाईकोर्ट के जज के शपथ ग्रहण करने और कार्यभार संभालने के बाद जजों की संख्या 38 हो जाएगी। पटना हाईकोर्ट वर्तमान में जजों के स्वीकृत पद 53 हैं। इस तरह अंशुल राज की नियुक्ति बाद भी जजों के 15 पद रिक्त रहेंगे।

# आग लगने से दो बच्चे जिंदा जले

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी (पटना)।** बिहार के पटना में आग लगने से दो बच्चे जिंदा जल गए। दो बच्चों की मौत से इलाके में कोहराम मचा हुआ है। घटना जिले के मसौढी के भगवानगंज थाना क्षेत्र के दनाडा गांव में शनिवार की दोपहर तकरीबन 2:30 बजे की है। घटना के बाद मौके पर भगवानगंज पुलिस पहुंची है। मृत बच्चों की पहचान विकास कुमार के पुत्र प्रियांशु कुमार(7) और मानसी कुमारी (3 साल) के रूप में हुई है। पिता विकास कुमार का रो रोकर हाल खराब है। विकास ने बताया कि हमलोग दूसरी ओर बैठे थे। आग कब लगी इसके बारे में पता नहीं चला, जब धुआं उठते देखा तब दौड़कर आए। तब तक काफी देर हो गयी थी। मृतक के पिता विकास कुमार ने बताया कि 2 दिन पहले ही विक्रम थाना क्षेत्र के चचासी गांव से अपने घर मसौढ़ी के दनाडा आये थे। मेरे दोनों बच्चे बहन के यहां रहकर पढ़ाई करता था। आधार कार्ड बनवाने के



लिए अपने दोनों बच्चों को भी लाया था। हमलोग खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान खलिहान में आग लग गयी। बहरहाल घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भगवानगंज पुलिस पहुंची है। पूरे मामले की छानबीन में जुट गयी है। आग कैसे लग इसको लेकर छानबीन की जा रही है। एक ही साथ दो बच्चों की मौत से लोग मर्माहत हैं। भगवानगंज थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि आग लगने से दो बच्चों की मौत हो गई है। झोपड़ी में ये दोनों बच्चे खेल रहे थे। एक 7 साल का बच्चा है। एक ढाई साल की बच्ची है। आग कैसे लगी है, अभी तक कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।






## एक नजर

### श्रद्धा के साथ हुई मां सरस्वती की आराधना

**नगरनौसा (नालंदा)/नबिटा संवाददाता।** विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सभी शिक्षण संस्थानों में श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर शैक्षणिक संस्थानों में विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना की गई और पूजा-अर्चना की गई। पूजा में छात्र-छात्राओं ने पूरे भक्तिभाव से भाग लिया। पूजा के उपरांत एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी गई। सुबह से ही पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण और भक्ति गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती के चरणों में अपनी पाठ्य सामग्री अर्पित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कई विद्यालयों में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए तालियों से उनका हौसला बढ़ाया।नगरनौसा बड़हिया रोड बाजार स्थित सोनिट कोचिंग संस्थान में भी सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नवतम कुमार, अंकित कुमार, निरंजन कुमार, अनुपम कुमार, रिजवान कुमार, राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार, कन्हैया कुमार, चंदन कुमार, विक्की कुमार, स्वाति कुमारी, सोनाली कुमारी, नेहा कुमारी, राधन कुमारी एवं अंजू कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं कर्पूरी जयंती मनाई गई

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरावरडीह में शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरिसूदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों ने कर्पूरी ठाकुर के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा से याद किया। वहीं इस दौरान बच्चियों को राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व के बारे में भी बताया गया। वरीय शिक्षक जयप्रकाश मेहता उर्फ जेपी सर ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए बालिकाओं को शिक्षित,सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से अपने सपनों को पहचानने,लक्ष्य निर्धारित करने और कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने का आहवान किया। मौके पर शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

### ग्रोथ इंस्टिट्यूट में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**हिसुआ (नवादा)/नबिटा संवाददाता।** सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर हिसुआ बीच बाजार नाला रोड स्थित तैलीक ठाकुरबाड़ी परिसर में ग्रोथ इंस्टिट्यूट द्वारा भव्य रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, और एक से बढ़कर एक आकर्षक रंगोली बनाकर सभी का मन मोह लिया। रंगोली कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती, वीणा, पुस्तक, दीप, कलश तथा भारतीय संस्कृति से जुड़े विभिन्न प्रतीकों को रंगों के माध्यम से उकेरा। रंग-बिरंगे फूलों, प्राकृतिक रंगों और सृजनात्मक आकृतियों से सजी रंगोलियों ने पूरे परिसर को आकर्षक बना दिया। छात्राओं की कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मक सोच को देखकर उपस्थित लोगों ने उनकी खूब सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में रचनात्मकता, टीम भावना और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर ग्रोथ इंस्टिट्यूट शिक्षक रत्नेश ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनमें आत्मविश्वास पैदा करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय शिक्षक, अभिभावक एवं पत्रकार भी मौजूद रहे। दर्शकों ने रंगोली कार्यक्रम का आनंद लिया और छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कई लोगों ने रंगोलियों की तस्वीरें भी लीं और कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम का समापन मां सरस्वती की आरती के साथ हुआ। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, मौके पर शिक्षक बलराम कुमार, शैलेश कुमार, विक्रम कुमार, पूजा कुमारी, राजू सर, एवं रंगोली कार्यक्रम के छात्र एवं छात्राओं मौजूद थे।

### सीओ व थानाध्यक्ष ने मामलों का किया निपटारा

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता।** कौआकोल अंचल कार्यालय परिसर में भूमि से संबंधित जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर अंचल अधिकारी मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान थाना क्षेत्र से आए दो फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। अंचल अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि शनिवार को आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े कुल एक मामलों का आपसी सहमति के आधार से ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। इसके अलावा एक नए आवेदन प्राप्त हुए,जिसे अगली तिथि के लिए पेंडिंग रखा गया है। उन्होंने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य भूमि विवादों का समयबद्ध एवं शांतिपूर्ण समाधान करना है, ताकि छोटे-छोटे विवाद आगे चलकर बड़े विवाद का रूप न लें। पुलिस एवं राजस्व विभाग के समन्वय से मामलों का निष्पक्ष समाधान किया जा रहा है। मौके पर राजस्व अधिकारी अनीश कुमार,राजस्व कर्मचारी नरेंद्र कुमार,नितेश कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे।

### नंदवंशी चेतना मंच नाई संघ की बैठक

**नारदीगंज (नवादा)/नबिटा संवाददाता।** नंदवंशी चेतना मंच (नाईं संघ) की प्रखंड इकाई की बैठक शनिवार को नारदीगंज बाजार स्थित निजी भवन में हुई। अध्यक्षता मंच के प्रखंड अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने की। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाए। लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की तैलचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर भावपूर्ण तरीके से प्रकाश डालें। आगामी तीन फरवरी 2026 को पटना के मिलर हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पुरी ठाकुर जी की जयंती समारोह में भाग लेने की अपील की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा गया पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर गरीबों, दलितों,पिछडों, अति पिछडों के मसीहा थे। हम सभी समाज के पुरोधा कहे जाते हैं। इनके पद चिन्हों पर चलने से समाज, राष्ट्र का कल्याण होगा,सर्वांगीण विकास होगा। मौके पर उप सचिव रामाशीष शर्मा, संयोजक डा. किशोरी शर्मा, मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा, भोला शर्मा, सरपंच डिंपू शर्मा, देवेन्द्र शर्मा समेत अन्य शामिल हुए।

### भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनी जयंती




**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** शनिवार को आइएम हाल में जिला जदयू के ओर से भारत रत्न जननायक कर्पूरी जयंती धूमधाम से मनाई मनाई गई। उद्घाटन हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जदयू के राष्ट्रीय महासचिव ई सुनील कुमार एवं अस्थावां विधायक जितेन्द्र कुमार इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मो. अरशद ने किया। जबकि मंच संचालन जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजय चन्द्रवंशी ने किया। इस मौके पर अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जर्नादन पंडित ने कर्पूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डाला। पूर्व शिक्षा मंत्री हरिनारायण सिंह ने कर्पूरी ठाकुर के साथ बिताये गये पल को लोगों के साथ साक्षा किया और उनके कार्यों को बताया। राष्ट्रीय महासचिव ई सुनील कुमार ने विस्तार पूर्वक उनकी जीवनी के बारे में लोगों को बताया। इस मौके पर ललन महतो, जिला महासचिव अरविंद कुमार, गुलरेज अंसारी, संजय पासवान, रंजीत प्रसाद आदि लोग शामिल थे।

# कर्पूरी ठाकुर के सपनों का बिहार गढ़ रही सरकार : प्रमोद चन्द्रवंशी




सहकारिता से हर गांव सशक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के रोह प्रखंड अंतर्गत डेगमा गांव में बिहार सरकार के सहकारिता तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रमोद चन्द्रवंशी के सम्मान में ग्रामीणों द्वारा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन भारत रत्न, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री प्रमोद चन्द्रवंशी, विशिष्ट अतिथि गोविंदपुर की विधायिका बिनीता मेहता तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

मंत्री प्रमोद चन्द्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक थे। उन्होंने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को अधिकार और सम्मान दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। मंत्री ने कहा कि वर्तमान बिहार सरकार उनके सपनों का बिहार बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सहकारिता के माध्यम से गांव-गांव को सशक्त किया जा रहा है, जिससे किसान, युवा और महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। विधायिका बिनीता मेहता ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन वंचित, शोषित और पिछड़े समाज के उत्थान को समर्पित रहा। उन्होंने बताया कि गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिसका लाभ सीधे आम जनता को मिल रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि भाजपा की सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि योजनाओं को धरातल पर उतारने में विश्वास रखती है। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जो कर्पूरी ठाकुर के आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि है।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री नंदकिशोर चौरसिया, उपाध्यक्ष विनोद भोली, जिला मंत्री उपेंद्र चन्द्रवंशी, जदयू नेता मोहन चन्द्रवंशी, विकास कुमार, डॉ. केपी सिंह, अनिरुद्ध सिंह, मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, तरुण राजवंशी, अजय वर्मा, अजय सिंह, विनय कुमार, नीतू कुमारी, सरोज चन्द्रवंशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# वॉकथॉन को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** आइसीडीएस, महिला एवं बाल विकास निगम के तत्वधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सोगरा हाई स्कूल और एस एस बालिका विद्यालय की बच्चियो द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत समाहरणालय परिसर से वॉकथॉन निकाला गया। जिसे डीएम कुंदन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य ,पोषण एवं समग्र विकास हेतु मनाया जाता है। लड़कियां जब शिक्षित होती हैं तो आने वाली पीढ़ी सशक्त होती है। हर बालिका को सशक्त बनाएं, शिक्षित करें, उनका उत्थान करें इस उद्देश्य से लड़कियों के अधिकारों को उजागर करना, उनकी शिक्षा को बढ़ावा देना, लैंगिक भेदभाव एवं महिलाओं के खिलाफ हिंसा जैसे मुद्दों को संबोधित करना है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, देश को प्रगति के राह पर लाओ, बेटी नहीं है किसी से कम, मिटा दो अपने सारे भ्रम, बेटी है अनमोल उपहार, शिक्षा है उसका अधिकार। इत्यादि स्लोगनों के साथ बालिकाओं के जागरूकता हेतु इस वॉकाथन का आयोजन किया गया। यह वॉकाथन प्रखंड कार्यालय परिसर में जाकर समाप्त हुआ।

# सोखोदेवरा आश्रम में 12.5 क्विंटल मूंग बीज का वितरण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा में 250 किसानों के बीच मूंग बीज का वितरण किया गया। विषय वस्तु विशेषज्ञ (शस्य) रविकांत चौबे ने बताया कि नवादा जिला के विभिन्न प्रखंडों सहित विभिन्न जिलों से आये 250 किसानों के बीच 160 रुपये प्रति किलोग्राम के दर से पांच किलो पैकेट का मूंग बीज का वितरण किया गया। साथ ही किसानों को इसकी खेती करने के तरीके भी बताए गए। वैज्ञानिक रविकांत चौबे ने बताया कि मूंग का बीज एचयुएम-16 किस्म का है। जो पीला रोग रोधी है तथा इसकी उत्पादन क्षमता 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। मौके पर ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, वैज्ञानिक अंगद कुमार, अनिल कुमार, सुमिताप रंजन, पिंटू पासवान, श्रवण कुमार, विकास कुमार,सलोनी कुमारी आदि मौजूद थे।

# पंचकल्याणक महोत्सव में श्रद्धालुओं ने किया भगवान के ज्ञान कल्याणक का साक्षात्कार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भगवान महावीर की निर्वाण भूमि पावापुरी स्थित श्री दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र परिसर में विगत 21 जनवरी से प्रारंभ श्रीमज्जिनेंद्र चौबीसी पंचकल्याणक अनुष्ठान के चौथे दिन शनिवार को भगवान का कैवल्य ज्ञान कल्याणक महोत्सव पूरी श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः कालीन बेला में जिनाभिषेक, महाशांतिधारा, नित्य पूजन एवं भगवान का तप कल्याणक पूजन के पश्चात विश्वशांति यज्ञ का अनुष्ठान पूरे भक्तिभाव के साथ हुआ। इस दौरान क्षेत्र पर विराजमान श्रमण मुनिश्री विशल्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन के श्रमण से उपस्थित श्रद्धालुओं में आध्यात्मिक भावना का संचार हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को महामुनि के रूप में अवतरित हुए श्री महावीर की प्रथम आहारचर्या के दर्शन का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। दोपहर बेला में महामुनि श्री महावीर ध्यान साधना व कैवल्य ज्ञानोपत्ति के सजीव मंचन का साक्षात्कार कर उपस्थित श्रद्धालु अभिभूत हुए। कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति के पश्चात रचे गए समवशरण में भगवान के कैवल्य ज्ञान कल्याणक के विशेष पूजन अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। सांध्यकालीन बेला में मंगल आरती व स्वाध्याय कार्यक्रम के पश्चात आयोजित संगीतमय जिनभक्ति के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिगंगा में खूब डुबकी लगाई। आयोजन समिति के संयोजक महाप्रबंधक विजय कुमार जैन के नेतृत्व में आयोजित इस अनुष्ठान में संयोजक क्षेत्र प्रबंधक अरूण कुमार जैन, कमल जैन व सुभाष कुमार जैन, वैशाली क्षेत्र प्रबंधक महेश कुमार जैन, कुंडलपुर क्षेत्र प्रबंधक जगदीश जैन, राजगृह क्षेत्र प्रबंधक मुकेश जैन, संजीत जैन, संकेत जैन, बैद्यनाथ जैन, रवि जैन, हेमलता जैन, गुलजारबाग क्षेत्र प्रबंधक सोनू जैन एवं धनंजय कुमार जैन व्यापक तौर पर सक्रिय रहे।

# जदयू ने मनाई कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला जनता दल यूनाइटेड की ओर से भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती नवादा व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित सदर विधायक विभा देवी के कार्यालय में उत्सवपूर्ण माहौल में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी उपाध्यक्ष जयशंकर चंद्रवंशी ने निभाई। जयंती समारोह में राजगीर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कौशल किशोर एवं पूर्व एमएलसी रामचंद्र भारती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सदर विधायक विभा देवी ने पूरे कार्यक्रम की मेजबानी करते हुए अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि सत्र से हुई, जिसमें अतिथियों ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पहार अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा, जिससे समाजवादी विचारधारा को नई दिशा मिली। मुख्य अतिथि विधायक कौशल किशोर ने जननायक के पदचिन्हों पर चलने और उनके आदर्शों को जीवन में उतारने की अपील की। पूर्व एमएलसी रामचंद्र भारती ने कहा कि नवादा की भूमि केवल कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की परंपरा भी यहां जीवंत है। विधायक विभा देवी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नवादा जिला समाजवादियों के संघर्ष की ऐतिहासिक भूमि रहा है और आज भी कर्पूरी ठाकुर की विचारधारा युवाओं को संघर्ष और परिवर्तन की प्रेरणा देती है।

जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि कर्पूरी जयंती मनाने का उद्देश्य उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है तथा उनके अनुयायी नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं। समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी, जदयू नेता मनोहर पासवान, नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन संजय साव सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं व समाजवादियों की उपस्थिति रही।

# हरिश्चंद्र स्टेडियम में परेड पूर्वाभ्यास की तैयारियों का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान के नेतृत्व में हरिश्चंद्र स्टेडियम, नवादा में आगामी राजकीय समारोह गणतंत्र दिवस–2026 के अवसर पर आयोजित होने वाली परेड के पूर्वाभ्यास की तैयारियों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में मैदान की समग्र व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, परेड मार्ग, दर्शक दीर्घा, ध्वनि व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी तैयारियां समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण की जाएं, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह गरिमापूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके। इस अवसर पर परेड कमांडर सार्जेंट ओमप्रकाश ने जानकारी दी कि हरिश्चंद्र स्टेडियम, नवादा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कुल 10 प्लाटून भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सभी टुकड़ियां नियमित रूप से पूर्वाभ्यास कर रही हैं तथा परेड में अनुशासन, तालमेल एवं समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखी जाएगी। साथ ही, यातायात प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में युवक का हाथ-पैर टूटा, रेफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** रजौली थाना क्षेत्र के सिमरकोल मोड़ के समीप एनएच-20 पर स्थित ओवरब्रिज के नीचे स्थित सर्विस लेन में शनिवार की दोपहर लगभग 2 बजे दिन में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसका एक हाथ और एक पैर टूट गया है। वहीं दूसरा बाइक सवार क्षतिग्रस्त बाइक को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा डायल 112 की टीम को दी गई। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायल युवक को इलाज हेतु अनुमंडलीय अपस्ताल में भर्ती करवाया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार की पहचान अमावां गांव निवासी रविन्द्र सिंह के पुत्र बब्लू सिंह के रूप में हुई है। चिकित्सक ने कहा कि घायल युवक का बायां पैर और हाथ टूट गया है एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई है, जिसका प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल भेज दिया गया है। अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों ने बताया कि बब्लू सिंह रजौली बाजार से समान खरीदकर वापस अपने घर जा रहे थे। इसी बीच समाने से गलत दिशा से आ रहे अनियंत्रित बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में बब्लू सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया एवं दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही बताया कि घटना के बाद अज्ञात बाइक सवार अपनी बाइक को घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया है।

# नालंदा विश्वविद्यालय में डोंगगुक विश्वविद्यालय के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा विश्वविद्यालय में कोरिया गणराज्य के डोंगगुक विश्वविद्यालय के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया। यह ऐतिहासिक अकादमिक एवं सांस्कृतिक आयोजन भारत और कोरिया के बीच बौद्ध परंपरा से जुड़ी प्राचीन विद्या-परंपरा को और अधिक सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा। 52 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वंदनीय डोंक्वान, अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज, डोंगगुक विश्वविद्यालय फाउंडेशन तथा प्रो. जेवूंग युन, अध्यक्ष, डोंगगुक विश्वविद्यालय ने किया। यह भ्रमण अकादमिक संवाद, सांस्कृतिक विनिमय एवं भावी सहयोग पर केंद्रित रणनीतिक चर्चाओं का एक सुंदर संगम रहा। कार्यक्रम की शुरुआत थांगका चित्रकला एवं बौद्ध कलाकृतियों की प्रदर्शनी के उद्घाटन से हुई। जिसका उद्घाटन वंदनीय डोंक्वान द्वारा किया गया। इन कलाकृतियों का सृजन कोरियाई भिक्षु भिक्षु डोवुंग द्वारा किया गया है, जो इस अवसर पर स्वयं भी उपस्थित रहे, जिससे यह आयोजन एक जीवंत आध्यात्मिक अनुभव में परिवर्तित हो गया। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने नालंदा की समकालीन अकादमिक दृष्टि एवं वैश्विक संवाद में उसकी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने विशेष रूप से बौद्ध तीर्थ अध्ययन, बौद्ध दर्शन, व्यापार व्यवहार में नैतिकता, सांस्कृतिक संरक्षण पर वैश्विक संवाद, सतत विकास लक्ष्य तथा समकालीन वैश्विक मुद्दों को भविष्य के प्रमुख सहयोग क्षेत्रों के रूप में चिन्हित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत दो समानांतर सत्र आयोजित किए गए। एक ओर वरिष्ठ नेतृत्व, संकायाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों के साथ रणनीतिक गोलमेज बैठक में संयुक्त अनुसंधान, संकाय एवं छात्र विनिमय, तथा दीर्घकालिक अकादमिक सहयोग पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। वहीं दूसरी ओर सुषमा स्वराज सभागृह में बुद्धवचन पाठ, राजगीर के बौद्ध तीर्थ स्थलों पर प्रस्तुति तथा छात्र–प्रतिनिधिमंडल संवाद ने कार्यक्रम को जीवंत स्वरूप प्रदान किया। नालंदा विश्वविद्यालय एवं डोंगगुक विश्वविद्यालय के मध्य पहले से विद्यमान समझौता ज्ञापन के आधार पर दोनों पक्षों ने संरचित संकाय एवं छात्र विनिमय कार्यक्रम, वार्षिक संकाय विनिमय, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएँ, तथा भारत एवं कोरिया में बारी-बारी से आयोजित होने वाले वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर प्रो. जेवूंग युन ने औपचारिक रूप से नालंदा विश्वविद्यालय को 7 मई 2026 को कोरिया में आयोजित होने वाले डोंगगुक विश्वविद्यालय के 120वें स्थापना दिवस समारोह में आमंत्रित किया, जिसे प्रो. सचिन चतुर्वेदी द्वारा सहर्ष स्वीकार किया गया।

# सड़क सुरक्षा माह पर छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सड़क सुरक्षा माह के तहत शनिवार को शहर के कॉलेजिएट स्कूल परिसर से स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय एवं ट्रैफिक डीएसपी खुर्शीद आलम ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। वहीं ट्रैफिक डीएसपी खुर्शीद आलम ने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा और ट्रैफिक सिग्नल का पालन कर हम अनमोल जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने "सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा", "नियमों का पालन करें, दुर्घटनाओं से बचें", "हेलमेट पहनें, जान बचाएं" जैसे नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। अधिकारियों ने छात्रों द्वारा रैली के दौरान लगाए गए नारों और उनके अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कैरियर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अनुप्रिया भारती ने कहा कि विद्यालय स्तर से ही बच्चों में सड़क सुरक्षा की समझ विकसित करना बेहद जरूरी है। मौके पर भारत स्काउट एवं गाइड के उपसभापति ब्रजभूषण प्रसाद शर्मा ,जिला मुख्य आयुक्त संजय कुमार, आरडीएच +2 विद्यालय राजगीर की प्रधानाध्यापिका इंदु सिन्हा, शिक्षक अनिल कुमार, अनिल कुमार रजक, गिरीजा उपाध्याय, चांदनी कुमारी, रंजीत कुमार तथा स्काउट पदाधिकारी समीर कुमार समेत कई शिक्षक व स्काउट-गाइड के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई गई जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** रजौली के ब्लॉक रोड में भारत रत्न से सम्मानित बिहार के जननायक मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। रजौली के उपरटंडा निवासी समाजसेवी जदयू टकुआटांड़ पंचायत संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जयंती कार्यक्रम में उपस्थित रजौली के दर्जनों समाजसेवी एवं गणमान्य लोगों ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के जीवनी पर चर्चा करते हुए उन्हें दलितों, अति पिछड़ों का मसीहा बताया। लोगों ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में दलितों, अति पिछड़ों के लिए कार्य कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। इसी वजह से उन्हें बिहार का जननायक कहा जाता है। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ कारू सिंह,मनोज प्रसाद,अलखदेव प्रसाद,पूर्व प्रमुख जगदीश प्रसाद, पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद, कृष्णदेव सिंह, मेवालाल साव, नीतीश कुमार, सत्यम राज, मुनीलाल प्रसाद, बालेश्वर सिंह, सदानंद प्रसाद साव, मनोज साव, श्रीचंद्र प्रसाद, राम रतन गिरी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# जिले में अतिक्रमण हटाने को लेकर 34 लोगों को नोटिस जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले में अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। चीफ इंजिनियर इंद्रजीत कुमार आर्या ने एनएच-33 सड़क किनारे अवैध रूप से दुकान और गुमटी लगाने वाले 34 लोगों को नोटिस जारी किया है। चीफ इंजिनियर ने बताया कि भारत सरकार की रिपोर्ट के अनुसार एनएच-33 मार्ग पर कुल 134 अतिक्रमण करने वालों की पहचान की गई है। इनमें से 34 लोगों ने सरकारी जमीन पर गुमटी, दुकान या बाउंड्री बनाकर सड़क की जमीन घेर रखा है। इससे सड़क पर आने-जाने में परेशानी हो रही है। चीफ इंजिनियर इंद्रजीत कुमार आर्या ने बताया कि फिलहाल अतिक्रमण करने वालों को पहला नोटिस दिया गया है। नोटिस में तय समय के अंदर खुद से अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। अगर तय समय तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो दूसरा नोटिस भेजा जाएगा। इसके बाद भी अगर जमीन खाली नहीं की गई तो तीसरे नोटिस के बाद प्रशासन खुद कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाएगा। चीफ इंजिनियर इंद्रजीत कुमार आर्या ने कहा कि अरवल-जहानाबाद रूट पर किंजर, कुर्था मोड़, शांतिपूरम, शंकरपुर, इमामगंज समेत कई बाजारों में अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा है। खासकर एनएच-33 से जुड़े बाजारों में सड़क किनारे अवैध दुकानें लगने की शिकायतें रोज मिल रही हैं। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण की वजह से जाम, दुर्घटना और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए सड़क को खाली कराना जरूरी है। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।



## छत्तीसगढ़ हादसे में मृत डुमरिया के छह मजदूरों के परिजनों को मिला मुआवजा, घायलों को अनुदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** अनुमंडल अंतर्गत डुमरिया प्रखंड के बकुलाही गोटी बांध गांव के छह मजदूरों की छत्तीसगढ़ में स्थित रियल इस्पात एंड स्टील संयंत्र में हुई दुर्घटना में मौत के बाद उनके परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता प्रदान की गई है। गया जिला के इन मृत छह श्रमिकों के प्रत्येक परिजन को मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत 2-2 लाख रुपये का चेक दिया गया जबकि हादसे में घायल दो श्रमिकों को 50-50 हजार रुपये का अनुग्रह अनुदान प्रदान किया गया। शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने पीड़ित परिवारों और घायलों को सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दौरान एसडीओ ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि जिला प्रशासन इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी जरूरत पड़ने पर प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा। बताया गया कि रोजगार की तलाश में डुमरिया प्रखंड के बकुलाही गोटी बांध गांव के ये मजदूर छत्तीसगढ़ के उक्त इस्पात संयंत्र में काम करने गए थे जहां कार्य के दौरान हुई दुर्घटना में छह मजदूरों की मौत हो गई थी जबकि दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद प्रशासन की ओर से पीड़ितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। एसडीओ मनीष कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से दी गई यह राशि पीड़ित परिवारों के लिए तत्काल राहत प्रदान करेगी। साथ ही उन्होंने श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाने की बात भी कही। कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक कर्मी और पीड़ित परिवारों के सदस्य मौजूद रहे।



## दहेज विवाद में ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के बी.टी. बिगहा गांव में दहेज को लेकर उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है जिसमें एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष पर शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पीड़िता द्वारा थाने में दिए गए लिखित आवेदन के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता गीता कुमारी, पति गौरव कुमार ने बताया कि उसकी शादी 10 मार्च 2024 को हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुई थी। शादी के शुरुआती दिनों के बाद ही ससुराल वालों द्वारा मायके से रुपये लाने का दबाव बनाया जाने लगा। पीड़िता के अनुसार मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ लगातार मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी जाती रही। आरोप है कि अगस्त 2025 में गर्भवती होने के दौरान पति गौरव कुमार, गोतनी पिंकी कुमारी एवं प्रभा कुमारी ने जबरन गर्भपात की दवा खिला दी जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। इसके बाद उसे मायके भेज दिया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोग और उनके एक सहयोगी द्वारा लगातार फोन कर धमकियां दी जाती रहीं। मामले में नया मोड़ तब आया जब 23 जनवरी 2026 को पीड़िता अपने पिता, भाई और रिश्तेदारों के साथ ससुराल पहुंची। इस दौरान विवाद बढ़ने पर लाठी-डंडे से हमला किए जाने का आरोप है जिसमें कई लोग घायल हो गए। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि पुलिस सभी आरोपों की बिंदुवार जांच कर रही है। पीड़िता के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डाक पार्सल वाहन से 234.6 किलो गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** गया जिले के बहेरा थाना पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर कड़ी कार्रवाई करते हुए डाक पार्सल वाहन से 234.6 किलोग्राम गांजा बरामद किया। इस दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। आगे बताते चलें कि बीते मध्य रात्रि को वरीय पुलिस अधीक्षक, गया को गुप्त सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ गांजा लेकर एक डाक पार्सल वाहन के माध्यम से बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई हेतु नगर पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, शेरघाटी के नेतृत्व में बहेरा थाना पुलिस, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) बिहार तथा मद्य निषेध एवं राज्य उत्पाद विभाग, पटना के पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम के द्वारा बहेरा थाना गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया जहां संदिग्ध डाक पार्सल वाहन को रोका गया। जांच के दौरान साकिन हरिहरपुर, थाना-मदनपुर, जिला-औरंगाबाद निवासी दिलीप कुमार यादव (पिता-भोला यादव) को हिरासत में लिया गया। तलाशी के क्रम में वाहन के अंदर छिपाकर रखे गए 234.6 किलोग्राम गांजा बरामद किए गए। पुलिस ने बरामद गांजा को विधिवत जब्त कर लिया है। इस मामले में बहेरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है तथा गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है। वहीं गांजा तस्करी के नेटवर्क, सप्लाई चैन एवं इससे जुड़े अन्य लोगों की पहचान के लिए आगे की जांच की जा रही है।





## 26 को शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड करेगी विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की स्मृति में शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर कोंच सरकारी अस्पताल के सामने विवेक मेडिकल एजेंसी के ऊपर आयोजित होगा। शिविर का शुभारंभ सोमवार सुबह 11 बजे से किया जाएगा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में टिकारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय कुमार दांगी शामिल होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मगध सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक, गया जी के चेयरमैन सह पूर्व विधायक गुरुआ विधानसभा विनय कुमार यादव उपस्थित रहेंगे। शिविर के संस्थापक सह शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनी कुमार वर्मा एवं कोंच पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी ने बताया कि यह आयोजन समाज के जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा। उन्होंने कोंच क्षेत्र के सभी युवाओं से बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील की है। कार्यक्रम में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता, युवा संगठन के सदस्य एवं बड़ी संख्या में रक्तदाता शामिल होंगे। 14 वीं बार ब्लड डोनेट कर चुके विवेकानंद शर्मा ने कहा कि आयोजकों के अनुसार रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं के लिए आवश्यक चिकित्सा सुविधा एवं प्रमाण पत्र की व्यवस्था की गई है।

## वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर गया में मैराथन दौड़ का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शनिवार को मधुकर अमिताभ, उप महानिरीक्षक, 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के निर्देशन में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया और भारतीय प्रबंधन संस्थान, बोधगया के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय चेतना, स्वस्थ जीवनशैली और देशभक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। मैराथन दौड़ में सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी, भारतीय प्रबंधन संस्थान बोधगया के छात्र-छात्राएं, स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ विभिन्न खेल प्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मैराथन के दौरान प्रतिभागियों में शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति की भावना और वंदे मातरम के प्रति सम्मान स्पष्ट रूप से देखने को मिला। आयोजन के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को देशप्रेम और स्वस्थ जीवन के संदेश से जोड़ने का प्रयास किया गया।

## पटवाटोली में व्यवस्थाओं को किया जायेगा सुदृढ़ : नगर आयुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** पटवा टोली गया जी की पहचान है। यहां की व्यवस्था को सुदृढ़ करना नगर निगम की प्राथमिकता है। इसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। निगम यहां पर हर तरह की जनसुविधा उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास करेगा। यह बातें नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया ने पटवाटोली का निरीक्षण करते हुए गुरुवार को कहीं। उन्होंने कहा कि इस इलाके को बेहतर बनाया जायेगा। नगर आयुक्त व जिला उद्योग महाप्रबंधक ने संयुक्त रूप से मानपुर पटवा टोली स्थित पावरलूम व हैंडलूम क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बुनकरों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा उद्योग को और बेहतर बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने पटवा टोली क्षेत्र की साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। कई स्थानों पर नालों के ढक्कन टूटे पाये गये जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी टूटे ढक्कनों का शीघ्र निर्माण कर दुरुस्त कराया जाये। उन्होंने पूरे पटवाटोली क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए विशेष तौर से करने का भी निर्देश स्वच्छता पदाधिकारी को दिया। इस क्षेत्र में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को लेकर नगर आयुक्त ने नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि लाइटों को तुरंत बनाया जाये। औद्योगिक क्षेत्र में लाइट दुरुस्त रखना सुरक्षा के ख्याल से बहुत जरूरी है। नगर आयुक्त ने पार्क की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पार्क के चारों ओर स्ट्रीट लाइट एवं तिरंगा लाइट लगाने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने शहर के मिर्जा गालिब कॉलेज रोड व क्षेत्र का निरीक्षण किया। कहा कि ठेले पर व्यवसाय करने वाले सभी विक्रेताओं को निर्धारित वेंडिंग जोन में अपना व्यवसाय करना होगा। उन्होंने मिर्जा गालिब कॉलेज के ठीक सामने व नाजरथ स्कूल के समीप वेंडिंग जोन विकसित जल्द किया जायेगा। मिर्जा गालिब गोलंबर से डेल्हा पुल तथा क्रेन स्कूल रोड में विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर नये पोल लगाने एवं स्ट्रीट लाइट के माध्यम से प्रकाश व्यवस्था को पूर्ण रूप से सुदृढ़ करने का निर्देश दिया है। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को तय समयसीमा में सभी कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि शहर के विकास एवं नागरिक सुविधाओं में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।



## शिक्षकों की प्रोन्नति प्रक्रिया तेज

**दुर्गावती (नबिटा सं.)।** प्रखंड के विद्यालयों में पदस्थापित ऐसे शिक्षक-शिक्षिकाएं जिनकी सेवाकाल 31 दिसंबर 2025 तक प्रशिक्षित वेतन प्राप्ति की तिथि से 12 वर्ष पूर्ण हो चुकी है व उनका नाम सूची में अंकित नहीं है तो वे प्रखंड शिक्षा कार्यालय में अपना दावा संबंधित साक्ष्य के साथ दो दिनों के अंदर अनिवार्य रूप से समर्पित करें।


## लापता



मैं महेन्द्र राम पिता-डोमन राम ग्राम - सण्डा डिहरी थाना-कुटुंबा जिला-औरंगाबाद का निवासी हूं दिनांक 13.04.2025 को समय करीब 0300 बजे संध्या में मेरा भतीजा आकाश कुमार उम्र करीब 15 वर्ष पिता स्व. गिरवर राम अपने घर से बिना बताये घर से गांव में निकला था जो दिमाग से हल्का विक्षिप्त था तथा प्रतिदिन घुमकर अपने घर आ जाता था परन्तु उस दिन अधिक रात होने तथा वापस अपने घर नहीं आया । मुफ्फसिल थानान्तर्गत ग्राम-रविकर भरथौली से पता चला कि इस गांव में दिनांक 14.04.2025 को आया था। इसके बाद औरंगाबाद की ओर गया था। काफी खोजबीन करने के बाद दिनांक-28.04.2025 को मुफ्फसिल थाना में आवेदन दिया जिस पर प्राथमिकी संख्या 152/25 दर्ज हुआ। परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई होते नहीं दिख रहा है ना वह अभी तक आया।

श्रीमान से प्रार्थना है कि मेरे पोता की खोजबीन करवाने की कृपा करेंगे।

**महेन्द्र राम**
**ग्राम-सण्डा डिहरी,**
**थाना-कुटुंबा, औरंगाबाद**
**मो.9523146692**


## तीन बीघा धान का पुआल जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड अंतर्गत सिंघड़ा गांव के बधार में शुक्रवार की रात भीषण आगजनी की घटना में एक किसान की मेहनत की कमाई जलकर राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी राकेश सिंह उर्फ गब्बर सिंह के खेत में रखे लगभग तीन बीघा धान का पुआल अचानक धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पूरे पुआल के ढेर को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## बिहार का नया सांस्कृतिक गंतव्य, पता, ठिकाना : अर्थशिला पटना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आर्थिशला नेटवर्क का नवीनतम केंद्र, आर्थिशला पटना, 27 जनवरी को पटना के बेली रोड पर आम जनता के लिए खुल रहा है जो शहर में एक नए और महत्वपूर्ण सांस्कृतिक स्थल के आगमन का संकेत है। इसकी परिकल्पना एक बहु-कला केंद्र के रूप में की गयी है। यह चाक्षुक कला, सिनेमा, साहित्य, रंगमंच, संगीत को देखने, परखने एवं समीक्षा करने के लिए सामुदायिक भागीदारी को आमंत्रित करता है।



अर्थशिला पटना का उद्देश्य शहर को पुनः एक प्रमुख आधुनिक, सांस्कृतिक, गतिविधियों के स्थल में स्थापित करना है। अर्थशिला पटना, तक्षशिला एजुकेशनल सोसाइटी की एक पहल है। यह संस्कृति का समुदाय से परस्पर संवाद स्थापित करने का मंच है। इसे कलाकारों, दर्शकों और विचारों को विभिन्न क्षेत्रों में जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। यह केंद्र, अहमदाबाद, शांतिनिकेतन, दिल्ली, गोवा और कोच्चि में पहले से स्थापित अर्थशिला केंद्रों के बरक्स पटना केंद्र अब तक का सबसे बड़ा अर्थशिला स्थल बन गया है, अपने वृहद आकार एवं गतिशीलता के साथ। अर्थशिला के संस्थापक संजीव कुमार के लिए पटना में इस स्थल के उद्घाटन का व्यक्तिगत और सार्वजनिक दोनों ही स्तर पर विशेष महत्व है। हर शहर विस्तार करता है और पटना ने पिछले तीन दशकों में नाटकीय रूप से बदलाव देखा है, खासकर इसके दक्षिणी हिस्सों में, लेकिन विकास केवल भौतिक नहीं हो सकता। इसे सांस्कृतिक भी होना चाहिए।

## मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट रिपब्लिक डे सेल में पेश किए शानदार ऑफर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** मोबाइल इनोवेशन में अग्रणी और भारत के लोकप्रिय एआई स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने अपने बेस्टसेलिंग स्मार्टफोन्स पर आकर्षक रिपब्लिक डे ऑफर्स की घोषणा की है। ये ऑफर्स फ्लिपकार्ट रिपब्लिक डे सेल के दौरान उपलब्ध है। ऑफर्स के तहत मोटोरोला एज 60 प्रो अब सिर्फ 25,999 रूपये में उपलब्ध होगा जबकि सेगमेंट का बेस्टसेलर एज 60 फ्यूजन को 19,999 रूपये में खरीदा जा सकेगा। वहीं, मोटो जी96 5जी की कीमत घटकर 16,999 रूपये, मोटो जी86 पावर 15,999 रूपये, मोटो जी67 पावर 14,999 रूपये और मोटो जी57 5जी मात्र 12,999 रूपये में उपलब्ध होगा। इन स्मार्टफोन्स में प्रीमियम 1.5के पोलेड डिस्प्ले, उन्नत सोनी लिटिया कैमरा, शक्तिशाली स्नैपड्रगन प्रोसेसर, आईपी68/आईपी69 वॉटर प्रोटेक्शन, मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरेबिलिटी और लंबी बैटरी लाइफ जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

## रेलवे ट्रैक से मिला सेल्समैन का शव, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मानपुर।** गया-धनबाद रेलखंड स्थित मानपुर के शहीद ईश्वर चौधरी हॉल्ट के पास 22 वर्षीय युवक का दो टुकड़ों में शव बरामद हुआ। मुफस्सिल थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया है। शव की पहचान मानपुर सुढ़ी टोले मुहल्ले के रहने वाले प्रेम प्रकाश गुप्ता के बेटे राहुल कुमार के रूप में हुई है। इधर परिजनों का कहना है कि उनके बेटे को अपराधियों ने जान मारकर रेलवे लाइन पर डाल दिया है। राहुल मानपुर की एक कपड़ा दुकान में सेल्समैन का काम करता था। उसका पिता भी किराना दुकान पर मजदूरी कर परिवार का जीवनयापन करता था। इस मामले में थानाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि पीड़ित परिवार के लिखित आवेदन पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे कार्रवाई करेगी।

## स्वच्छता का संदेश लेकर आगे आए शेरघाटी के छात्र

### नगर परिषद के कार्यक्रम में दिखा जनजागरूकता का उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** नगर परिषद शेरघाटी द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं की भागीदारी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। नगर परिषद की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत रंगोली, चित्रकला, निबंध लेखन और नुक्कड़ नाटक जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं कराई गईं जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, जाहिर कृष्णा ज्ञान सरोवर, गुरुकुल विद्यालय तथा राजकीय अभ्यास बुनियादी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के दौरान 'स्वच्छ शेरघाटी' और 'स्वच्छता जरूरी है' जैसे विषयों पर बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। रंगोली और चित्रकला के माध्यम से विद्यार्थियों ने कूड़ा मुक्त शहर, स्वच्छ वातावरण और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने स्वच्छता को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए इसके महत्व पर विस्तार से विचार रखे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक रहा जिसमें बच्चों ने आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नाटक के माध्यम से कूड़ा इधर-उधर फेंकने से होने वाली समस्याओं और स्वच्छता अपनाने के लाभों को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया जिससे उपस्थित लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। इस मौके पर मुख्य पार्षद गीता देवी और कार्यपालक पदाधिकारी रिचा प्रियदर्शी ने कहा कि नगर परिषद शेरघाटी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि कूड़ा-कचरा खुले में न फेंकें और निर्धारित कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाले वाहनों का ही उपयोग करें। नगर परिषद की ओर से बताया गया कि प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को आगामी 26 जनवरी को सम्मानित किया जाएगा।




## पूर्व मध्य रेल

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्नलिखित स्टेशनों पर दो पहिया वाहनों और अन्य पार्सल पैकेज की पैकेजिंग के लिए कीओस्क के संचालन और रखरखाव हेतु ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:

1. AA/1 : **कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन पर दो पहिया वाहनों और अन्य पार्सल पैकेज की पैकेजिंग के लिए कीओस्क का संचालन और रखरखाव 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी लॉट संख्या :** MSS-DDU-DDU-TWnOPS-10-24-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 04.02.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

1. AA/2 : **कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गया स्टेशन पर दो पहिया वाहनों और अन्य पार्सल पैकेज की पैकेजिंग के लिए कीओस्क का संचालन और रखरखाव 03 वर्षों के लिए। **ई–नीलामी लॉट संख्या :** MSS-DDU-GAYA-TWnOPS-9-24-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय :** ई–नीलामी दिनांक 04.02.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।

**ई–नीलामी कैटलॉग संख्या:** NFR-DDU-PPACK-2

2. **वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in** (E-auction Leasing)

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/1688/डीडीयू/वा०/ईएएन/25–26/40**

संपादकीय

# अगले महीने हाथ मिला सकते हैं दो अकाली दल

शिरोमणि अकाली दल, जिसे अकाली दल बादल के नाम से जाना जाता है, जिसने पिछले 2 दशकों में 3 बार सरकार बनाई है, पिछले एक दशक से बहुत मुश्किल समय का सामना कर रहा है। इस मुश्किल समय का कारण न केवल सरकार चलाते समय की गई गलतियां हैं, बल्कि कई नए अकाली दलों का उभरना भी है। इनमें शिरोमणि अकाली दल डैमोक्रेटिक, शिरोमणि अकाली दल टकसाली, शिरोमणि अकाली दल संयुक्त, अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' और शिरोमणि अकाली दल पुनर सुरजीत शामिल हैं। हालांकि अब अकाली दल डैमोक्रेटिक, अकाली दल टकसाली और अकाली दल संयुक्त का वजूद नहीं है लेकिन अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' और शिरोमणि अकाली दल पुनर सुरजीत शिरोमणि अकाली दल बादल के लिए बड़ा सिरदर्द बन गए हैं। अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' के 2 बड़े नेता भाई अमृतपाल सिंह और भाई सरबजीत सिंह पार्टी बनाने से पहले ही लोकसभा चुनाव जीत चुके थे। बाद में, उनके समर्थकों ने भाई अमृतपाल सिंह के पिता तरसेम सिंह और भाई सरबजीत सिंह के साथ मिलकर अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' नाम की पार्टी बनाई और जेल में बंद भाई अमृतपाल सिंह को पार्टी का अध्यक्ष घोषित किया। फिर पार्टी का संगठनात्मक ढांचा बनाना शुरू किया। सबसे पहले, पार्टी की सबसे ताकतवर कमेटी, 'पंच प्रधानी पंज मैंबरी कमेटी' बनाई गई। इसके बाद, 13 मैंबर वाली वर्किंग कमेटी और 13 प्रवक्ता नियुक्त किए गए। जिला लैवल पर कार्रवाई चलाने के लिए सभी जिलों से ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए और निचले स्तर पर एक ढांचा तैयार किया जा रहा है। हालांकि शिरोमणि अकाली दल पुनर सुरजीत ने शुरू में ढांचा बनाने में लापरवाही दिखाई, लेकिन बाद में बड़े स्तर पर पद बांटे गए। पार्टी अध्यक्ष ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कोर कमेटी, पार्टी के सीनियर वाइस प्रैसिडैंट, वाइस प्रैसिडैंट, महासचिव, संगठनात्मक सचिव, ऑफिस सैक्रेटरी और कई दूसरे पदाधिकारियों की घोषणा की। पार्टी अध्यक्ष ने पार्टी के चीफ स्पोक्सपर्सन और स्पोक्सपर्सन भी नियुक्त किए। राजनीतिक मामलों पर सोच-विचार करने और फैसले लेने के लिए एक राजनीतिक मामलों की समिति (पी.ए.सी.) भी बनाई गई। इतना बड़ा ढांचा बनाने के बावजूद, अकाली दल पुनर सुरजीत लोगों की उम्मीदों के मुताबिक राजनीतिक कदम उठाने में कामयाब नहीं हो सका। यहां तक कि पार्टी खुद की बनाई गाइडलाइंस पर भी कायम नहीं रह सकी कि एक परिवार को एक पद मिलना चाहिए, जिससे पार्टी के आगे के कामकाज पर सवालिया निशान लगने लगे। यहां तक कि इसी वजह से पार्टी की भर्ती के शुरुआती दौर में मेहनती वर्कर और नेता भी साफ तौर पर परेशान थे कि मेहनती लोग पीछे छूट गए। उनमें से कई को एक भी पद नहीं मिला और नए तथा बड़े नेताओं के परिवार वालों को कई पद दे दिए गए। इसी दुविधा के चलते अकाली दल पुनर सुरजीत ने ढांचा खत्म करने का फैसला किया है, हालांकि कोई भी बड़ा नेता खुलकर इस फैसले को सपोर्ट नहीं करता, लेकिन यह जरूर कहा जा रहा है कि पार्टी का नाम चुनाव आयोग में रजिस्टर कराने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। अकाली दल पुनर सुरजीत ने इलैक्शन कमीशन ऑफ इंडिया में पार्टी की रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया है। जानकारी के मुताबिक, पार्टी ने 3 नाम लिखे हैं, जिनमें शिरोमणि अकाली दल पंजाब, शिरोमणि अकाली दल सर्ब हिंद और अकाली दल शामिल हैं। इस तरह, अगर चुनाव आयोग इनमें से किसी भी नाम को मान्यता देता है, तो अकाली दल पुनर सुरजीत का स्थान एक नया अकाली दल ले लेगा। अब जब विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक साल बचा है, तो अकाली दल पुनर सुरजीत और वारिस पंजाब दे ने पिछले ब्लॉक समिति और जिला परिषद के चुनाव न लड़कर शिरोमणि अकाली दल बादल को जरूर नुकसान पहुंचाया लेकिन दोनों पार्टियों के नेताओं को पता चल गया है कि चुनाव न लडने् की वजह से दोनों पार्टियों की हालत शिरोमणि अकाल दल बादल से कमजोर दिखने लगी है, इसलिए दोनों पार्टियों के नेता खुद को विरोधी अकाली दल से ज्यादा मजबूत साबित करने का तरीका ढूंढ रहे हैं। इसी वजह से माघी के मौके पर कॉन्फ्रैंस न करने के बावजूद, अकाली दल पुनर सुरजीत के दो बड़े नेताओं ने अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' के मंच से संबोधित होकर लोगों तक अपनी पार्टी का मैसेज पहुंचाने की कोशिश की और शिरोमणि अकाली दल बादल को यह भी बताने की कोशिश की कि शिरोमणि अकाली दल बादल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के अध्यक्ष का पद छोड़े बिना एकता मुमकिन नहीं है। लेकिन सुखबीर सिंह बादल ने इस बात का ध्यान रखते हुए अकाली दल पुनर सुरजीत और दूसरे अकाली नेताओं से शिरोमणि अकाली दल बादल में शामिल होने की अपील दोहराई। अब जब अकाली दल बादल और अकाली दल पुनर सुरजीत के नेता अपनी-अपनी बात पर अड़े हैं, तो अकाली दल पुनर सुरजीत और अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' के लिए सही रास्ता मेल-मिलाप का है।

# महाराष्ट्र में अब 'ट्रिपल-इंजन' की सरकार!

**दो सहयोगी राजनीतिक दलों द्वारा अपनी संपत्ति को दूसरे द्वारा चोरी किए जाने से बचाने का दृश्य कम से कम हास्यास्पद तो है ही। एकनाथ शिंदे ने अपने 29 निर्वाचित कॉर्पोरेटरों को शहर के एक 5-सितारा होटल में स्थानांतरित कर दिया है। उन्हें स्पष्ट रूप से अपने मित्र देवेंद्र फडन्वीस पर संदेह है कि वे उन 29 में से कम से कम कुछ, यदि सभी नहीं, को सर्व-विजेता भाजपा में शामिल करने का प्रयास करेंगे। 'एक पार्टी, एक निर्विवाद नेता' के अपने उद्देश्य की ओर भाजपा का निरंतर मार्च, जो एक हिंदू राष्ट्र स्थापित करने की मांग कर रहा है, उसे पश्चिम बंगाल, पंजाब और तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र और तेलंगाना जैसे दक्षिणी राज्यों में प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। धर्म-आधारित शासन पड़ोसी पाकिस्तान में व्यवहार्य साबित नहीं हुआ है। आशा करें कि हम उन कदमों का अनुसरण न करें।**

**जूलियो रिबैरो**

हम कैथोलिक एक इतालवी शब्द, 'पैपाबिली' का उपयोग उन कार्डिनलों की पहचान करने के लिए करते हैं, जिनमें भविष्य का पोप बनने के आवश्यक गुण होते हैं। राजनीति के शब्दकोष में इसके समान कोई शब्द नहीं, लेकिन यदि होता, तो निश्चित रूप से इसका इस्तेमाल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडन्वीस की पहचान करने के लिए किया जाता, जिन्होंने अकेले दम पर अपने राज्य को भाजपा की झोली में डाल दिया। महाराष्ट्र पर अब कम से कम अगले 2 दशकों तक उनकी पार्टी का शासन रहेगा।

वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वे दो नाम हैं, जिन्हें हम अक्सर 2034 में मोदी के पद छोड़ने् के बाद उनके उत्तराधिकारी के रूप में सुनते हैं। उस सूची में अब हमारे राज्य के मुख्यमंत्री का नाम भी जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने बाल ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को विभाजित और कमजोर कर दिया है। शरद पवार, जिन्हें कभी 'मराठा स्ट्रॉन्ग मैन' के रूप में सराहा जाता था, अब अपने पुराने स्वरूप की मात्र एक छाया बनकर रह गए हैं। अपने राजनीतिक विरोधियों की महत्वाकांक्षाओं और कमजोरियों का फायदा उठाते हुए, फड़णवीस ने पहले शरद पवार के भतीजे अजीत को पाला बदलने के लिए उकसाया और फिर यही प्रयोग मुंबई के पड़ोसी जिले ठाणे के एक शिवसैनिक एकनाथ शिंदे के साथ दोहराया, जो पार्टी में जमीनी स्तर से उठकर प्रमुखता तक पहुंचे थे। शिंदे इस बात से आहत थे कि वंशवादी शासन की मजबूरियों के कारण सेना में उनकी प्रगति के दरवाजे बंद हो गए थे और वह स्थायी रूप से दूसरी श्रेणी में ही बने रहेंगे।



फडन्वीस ने बहुत चतुराई से उस कारक को पकड़ा और उन्हें प्रस्ताव दिया कि यदि शिंदे जैसा सिद्ध नेतृत्व कौशल वाला व्यक्ति हिंदुत्व ब्रिगेड के साथ हाथ मिलाता है, तो महिमा के शिखर उनके करीब होंगे। शिंदे को आनन-फानन में भारत के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक का मुख्यमंत्री बना दिया गया, जिससे 'मराठी मानुस' के रैंकों में विभाजन पर मुहर लग गई। शिवसेना के दिवंगत संरक्षक बाल ठाकरे ने मुंबई शहर के मराठी भाषी निवासियों की भावनाओं के साथ यह समझकर खेला था कि 'बाहरी' (जो घर पर गुजराती बोलते हैं) उनकी विरासत छीन रहे हैं और तमिल व अन्य दक्षिण भारतीय वे सफेदपोश नौकरियां छीन रहे हैं, जो उन्हें बेहतर जीवन स्तर का आश्वासन दे सकती थीं। बाला साहेब, जैसा कि उन्हें कहा जाता था, एक उत्कृष्ट वक्ता थे, नरेंद्र मोदी से भी एक पायदान ऊपर, जिन्हें हम हर दिन टैलीविजन पर सुनते हैं। हमारे प्रधानमंत्री की तरह, बाल ठाकरे भी अपने दर्शकों को यह विश्वास दिला सकते थे कि काला वास्तव में सफेद है या सफेद काला।

मुंबई में रहने वाले मराठी भाषी मुख्य रूप से कोंकण के नाम से जाने जाने वाले राज्य के तटीय गांवों और छोटे शहरों से थे। वे बड़ी संख्या में शिवसेना में शामिल हुए। जब उन्हें अपनी बात साबित करने के लिए ताकत का इस्तेमाल करने के लिए कहा गया, तो उन्होंने उत्साहपूर्वक ऐसा किया। पुलिस उन्हें रोकने के लिए उतनी उत्साही नहीं थी क्योंकि उस समय सत्ता में मौजूद कांग्रेस पार्टी, कम्युनिस्टों और अन्य वामपंथी दलों को बेअसर करने के लिए शिवसेना का इस्तेमाल कर रही थी, जो उसके शासन के मुख्य विरोधी थे। सरकार की इस कायरता ने सेना को प्रोत्साहित किया, जो जल्द ही शहर में एक बड़ी ताकत बन गई। अब फडन्वीस ने मुंबई नगर निगम (बी.एम.सी) पर अपनी नजरें जमा लीं, जिसका वार्षिक बजट संघ के कुछ छोटे राज्यों से भी अधिक है। शिवसेना ने 2 दशकों से अधिक समय तक नगर निगम पर अपना दबदबा बनाए रखा था। यह व्यापक रूप से अफवाह थी कि कॉर्पोरेटर नियमित रूप से अपने अधिकार क्षेत्र में हस्ताक्षरित अनुबंधों का 10 प्रतिशत हिस्सा लेते थे। शहर में यह आम समझ थी कि शिवसेना एक संगठित राजनीतिक दल के रूप में इसलिए जीवित रह सकी क्योंकि नगर निगम से होने वाली कमाई ही धन का एकमात्र स्रोत थी जब वे केंद्र या राज्य सरकारों का हिस्सा नहीं थे। यह तय है कि एकनाथ शिंदे के गुट में शामिल होने वाले सेना के कई सक्रिय सदस्य और कॉर्पोरेटर इसलिए वहां गए क्योंकि वे अपनी 'जीविका' से वंचित हो गए थे। स्थानीय नगर निकाय चुनावों में 3 साल या उससे अधिक की देरी की गई, ताकि शिंदे उन शिवसेना कॉर्पोरेटरों को लुभा सकें, जो राज्य द्वारा निगम के मामलों के प्रबंधन के लिए अपने स्वयं के अधिकारियों को नियुक्त किए जाने के बाद खुद को शक्तिहीन पा रहे थे। आज भाजपा आर्थिक रूप से आसानी से सबसे समृद्ध पार्टी है। विरोधियों द्वारा अंतिम समय में नाम वापस लेने के कारण निर्विरोध चुने गए भाजपा कॉर्पोरेटरों की संख्या जांच की मांग करती है। भाजपा विपक्ष-मुक्त सरकार के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उचित या अनुचित, सभी साधनों का इस्तेमाल करने के लिए जानी जाती है। उनके उम्मीदवारों की यह निर्विरोध जीत एक नई रणनीति है, जो केवल मौद्रिक प्रलोभनों के माध्यम से संभव है।

पुणे नगर निगम चुनाव अपने अलग हुए भतीजे के साथ मिलकर लडने् के बावजूद उद्धव ठाकरे गुट और शरद पवार के गुट की हार को इन दोनों नेताओं के अंत के रूप में प्रचारित किया गया है। शरद पवार को उम्र संबंधी कमजोरियों के कारण अपनी पार्टी की कमान अपने भतीजे को सौंप देनी चाहिए थी। वे अब खुद को अलग-थलग पाएंगे। लेकिन जहां तक उद्धव का सवाल है, मैं अभी उन्हें खारिज करने के विचार से सहमत नहीं हूं। एकनाथ शिंदे ने मुंबई में उद्धव के क्षेत्र में सेंध लगाई है लेकिन उद्धव के गुट ने दिखाया है कि वह अभी भी सक्रिय है। मराठी भाषी इलाकों में इसने शिंदे के उम्मीदवारों को उन अधिकांश सीटों पर मात दी, जहां इसने चुनाव लड़ा था। नगर निगम में शिंदे गुट के पास 29 सीटें हैं जबकि उद्धव के गुट और उनके चचेरे भाई राज की मनसे के पास कुल मिलाकर 79 सीटें हैं। 89 सीटों वाली भाजपा को 114 के बहुमत के आंकड़े को पार करने के लिए शिंदे गुट के समर्थन की आवश्यकता है। एकनाथ शिंदे इसका उपयोग इस मांग के लिए कर रहे हैं कि उनके उम्मीदवार को कम से कम शुरुआती अढ़ाई साल के लिए मुंबई का मेयर बनाया जाए। देखना दिलचस्प होगा कि यह सवाल कैसे सुलझता है।

दो सहयोगी राजनीतिक दलों द्वारा अपनी संपत्ति को दूसरे द्वारा चोरी किए जाने से बचाने का दृश्य कम से कम हास्यास्पद तो है ही। एकनाथ शिंदे ने अपने 29 निर्वाचित कॉर्पोरेटरों को शहर के एक 5-सितारा होटल में स्थानांतरित कर दिया है। उन्हें स्पष्ट रूप से अपने मित्र देवेंद्र फडन्वीस पर संदेह है कि वे उन 29 में से कम से कम कुछ, यदि सभी नहीं, को सर्व-विजेता भाजपा में शामिल करने का प्रयास करेंगे। 'एक पार्टी, एक निर्विवाद नेता' के अपने उद्देश्य की ओर भाजपा का निरंतर मार्च, जो एक हिंदू राष्ट्र स्थापित करने की मांग कर रहा है, उसे पश्चिम बंगाल, पंजाब और तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र और तेलंगाना जैसे दक्षिणी राज्यों में प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। धर्म-आधारित शासन पड़ोसी पाकिस्तान में व्यवहार्य साबित नहीं हुआ है। आशा करें कि हम उन कदमों का अनुसरण न करें।

अध्यात्म

## सेवभाव में स्नेह के आँसू

सब्जी वाले ने तीसरी मंजिल की घंटी का बटन दबाया। ऊपर बालकनी का दरवाजा खोलकर बाहर आई महिला ने नीचे देखा। बीबी जी! सब्जी ले लो। बताओ क्या-क्या तोलना है? कई दिनों से आपने सब्जी नहीं खरीदी मुझसे, कोई और देकर जा रहा है क्या? सब्जी वाले ने कहा। रुको भैया! मैं नीचे आती हूँ। महिला नीचे उतर कर आई और सब्जी वाले के पास आकर बोलीः भैया! तुम हमारे घर की घंटी मत बजाया करो। हमें सब्जी की जरूरत नहीं है। सब्जीवाले ने कहाः कैसी बात कर रही हैं बीबी जी! सब्जी खाना तो सेहत के लिए बहुत जरूरी होता है। किसी और से लेती हो क्या सब्जी? नहीं भैया! उनके पास अब कोई काम नहीं है। किसी तरह से हम लोग अपने आप को जिंदा रखे हुए हैं। जब सब ठीक हो जाएगा, घर में कुछ पैसे आएंगे, तो तुमसे ही सब्जी लिया करूंगी। मैं किसी और से सब्जी नहीं खरीदती हूँ। तुम घंटी बजाते हो तो उन्हें बहुत बुरा लगता है! उन्हें अपनी मजबूरी पर गुस्सा आने लगता है। इसलिए भैया अब तुम हमारी घंटी मत बजाया करो। इतना कहकर महिला अपने घर में वापिस जाने लगी। बहन जी! तनिक रुक जाओ। हम इतने बरस से आपको सब्जी दे रहे हैं। जब तुम्हारे अच्छे दिन थे, तब तुमने हमसे खूब सब्जी और फल लिए थे। अब अगर थोड़ी-सी परेशानी आ गई है, तो क्या हम तुमको ऐसे ही छोड़ देंगे? सब्जी वाले हैं! कोई नेता जी तो है नहीं कि वादा करके छोड़ दें। रुके रहो दो मिनिट। और सब्जी वाले ने एक थैली के अंदर टमाटर, आलू, प्याज, घीया, कद्दू और करेले डालने के बाद धनिया और मिर्च भी उसमें डाल दिया। महिला हैरान थी! उसने तुरंत कहाः भैया! तुम मुझे उधार सब्जी दे रहे हो, कम से कम तोल तो लेते और मुझे पैसे भी बता दो। मैं तुम्हारा हिसाब लिख लूंगी। जब सब ठीक हो जाएगा तो तुम्हें तुम्हारे पैसे वापस कर दूंगी। वाह! ये क्या बात हुई भला? तोला तो इसलिए नहीं है कि कोई मामा अपने भांजी-भाँजे से पैसे नहीं लेता हैं और बहिन! मैं कोई अहसान भी नहीं कर रहा हूँ। ये सब तो यहीं से कमाया है, इसमें तुम्हारा हिस्सा भी है। गुड़िया के लिए ये आम रख रहा हूँ, और भाँजे के लिए मौसमी। महिला की आँखें मजबूरी की जगह स्नेह के आंसुओं से भरी हुई थीं। प्रभु हर परिस्थिति में हमरी सहयता के लिए ना जाने कौन-कौनसे रूप में आते हैं। बस थोड़े से धैर्य का परिचय देते हुए बिखरना नहीं है। सेवा का दिखावा करने के बजाय कहीं और न जाकर अपने आसपास के लोगों की सेवा यदि प्रत्येक व्यक्ति कर ले तो यह मुश्किल घड़ी भी आसानी से गुजर जाएगी और आत्मा आनंद अमृत से तृप्त होगी।

# यूरोपीय संघ और अरब देशों में मची खलबली

**ट्रंप का मानना है कि इससे रूस और चीन को आर्कटिक क्षेत्र में उनके प्रभाव को रोकना है। क्योंकि इस वक्त अमेरिका आधुनिक ग्लोबल राजनीति में एक नई किस्म का उपनिवेशवाद खड़ा करने में लगा है, जिसने पूरी दुनिया की अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। अमेरिका किसी भी कीमत पर नाटो देशों में रूस और चीन की घुसपैठ को रोकना चाहता डोनाल्ड ट्रंप का यह भी मानना है कि ग्रीनलैंड और पनामा नहर पर अमेरिका का क़ब्ज़ा होना चाहिए, क्योंकि ये दोनों अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद ज़रूरी हैं। सभी जगह मौजूद रूसी और चीनी जहाज़ों की निगरानी के लिए ये द्वीप अमेरिका के लिए बेहद ज़रूरी है। मैं मुक्त दुनिया की रक्षा की बात कर रहा हूं। अमेरिका ग्रीनलैंड को रणनीतिक रूप से बहुत ज़रूर मानता है, क्योंकि दुनिया के बड़े खनिज भंडार यहां उपलब्ध है जो बैटरी और हाईटेक उपकरणों को बनाने में इस्तेमाल होते है।**

**डॉ. ललित कुमार**

अमेरिका की खुराफाती रणनीति से एक बार फिर दुनिया में वैश्विक व्यापार पर संकट का खतरा मंडराने लगा है। वेनेजुएला पर कब्जा करके अमेरिका चाहता है कि अब वह धीरे-धीरे अरब देशों में भी अपनी दखलअंदाजी करके बहुत कुछ हासिल कर लेगा, जिसके परिणाम देखने को भी मिल रहे हैं। अमेरिका की यह चाल इस बार किस करवट बैठेगी दुनिया के सभी देशों की नजर इस पर टिकी है। अमेरिका एक के बाद एक जिस तरह के कड़े फैसले लेता दिख रहा है। उससे यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि दुनिया युद्ध के ऐसे ज्वालामुखी पर बैठा जो कभी भी फट सकता है। अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार करके दुनिया को दिखा दिया कि उसकी नजरों में छोटे देश की कोई कीमत नहीं है, यानी लोहा गरम है। डोनाल्ड ट्रंप के इन्ही फैसलों के देखते हुए इसराइल ने अमेरिका को एकदम लपक लिया है, और अरब देशों के खिलाफ खुले तौर पर उसके समर्थन में कूद पड़ा है। इसराइल के लिए ईरान इस वक्त उसका सबसे बड़ा दुश्मन है और दुश्मन के साथ जब कुछ बुरा हो तो अपने दोस्त अमेरिका के साथ मिलकर उसे नेश्तानाबुत करने के लिए अपनी स्क्रिप्ट को ओर मजबूती के साथ लिख रहा हैं। ईरान सरकार के मुखिया अयातुल्लाह अली खामेनेई के खिलाफ जो षड्यंत्र अमेरिका-इजरायल रच रहा है। उसका बुरा असर वैश्विक स्तर पर कितना होगा। इसका अंदाजा शायद उनको नही है, लेकन उनको यह भी मालूम होना चाहिए कि दोनों देशों को इसकी बहुत भारी कीमत भी चुकानी पड़ सकती है।

ईरान सरकार लगातार विरोध प्रदर्शनकारियों पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं। इस प्रदर्शन के चलते ईरान में अब तक लगभग 5000 से ज्यादा विरोध प्रदर्शनकारियों की मौत ने पूरी दुनिया में एक खलबली मचा दी है। ईरान सरकार के खिलाफ यह विरोध प्रदर्शन सड़कों से लेकर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में देखने को मिल रहे है। जिससे ईरान सरकार की चिंता बढनी लाजमी है। इन विरोध प्रदर्शनों से मौत के साए में जीते वहां के लोग बेहद खौफज़दा है। यही कारण है कि अमेरिका इन विरोध प्रदर्शनों पर आग में घी डालने का काम कर रहा है। क्योंकि ईरान का यह संकट अब वैश्विक संकट बनता जा रहा है। अमेरिका वेनेजुएला के तेल भंडार पर अपनी नजर गडाए बैठा है। अब अमेरिका अरब देशों में इस तरह की हलचल पैदा करके माहौल को अपने पक्ष में करना चाहता है।



डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के कड़े फैसलों के खिलाफ़ अरब देशों की एकजुटता के चलते ईरान में होने वाले प्रदर्शन की रफ्तार भले ही धीमी पड़ने लगी हो, लेकिन ईरान में जो चिंगारी भड़काई गई है उसके पीछे अमेरिका और इजराइल का एक बड़ा हाथ माना जा रहा है। ईरान सरकार मुखिया अयातुल्लाह अली खामेनेई ईरान के लोगों को भरोसा दिलाने में लगे हैं कि इन सबके पीछे अमेरिका-इजरायल ही इस खूनी साजिश को बढ़ावा दे रहे है। जिनके मंसूबों को ईरान कभी पूरा नहीं होने देगा। ईरान वेनेजुएला नही है, जो हाथ पर हाथ रखकर बैठा रहेगा। वह इसका सख्ती से जवाब देना जानता है और अमेरिका कभी भी ईरान को इराक न समझे। डोनाल्ड ट्रंप सरकार टैरिफ को ढाल बनाकर एक के बाद एक अपने दुश्मन देशों पर टैरिफ का भूत खड़ा करके उनको डराने का काम कर रही है।

हाल ही में डेनमार्क में डेनिश न्यूज़ एजेंसी के अनुसार ट्रंप डेनमार्क समेत 8 यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर चुके है, जिसके बाद से पूरे यूरोपीय संघ में ट्रंप के खिलाफ गुस्सा फूट चुका है। ग्रीनलैंड के साथ-साथ नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड जैसे अन्य देशों में 1 फरवरी से 10 फीसदी टैरिफ लागू करने की घोषणा की जा चुकी है, जो 1 जून से बढ़कर 25 फीसदी तक पहुंच जाएगी, और यह टैरिफ जब तक जारी रहेगा तब तक ग्रीनलैंड की खरीद पर कोई समझौता नहीं हो जाता। टैरिफ की इस घोषणा के खिलाफ अमेरिका पर जवाबी आर्थिक कार्रवाई की मांग भी उठने लगी है। जिससे पूरा यूरोपीय संघ का व्यापार समझौता भी खतरे में पड़ सकता है, यानी अमेरिका जिस डाल पर बैठा है, वह उसी डाल को काटने में लगा है. जिसे देखते हुए यूरोपीय देशों ने तुरंत आपात बैठक बुलाकर जवाबी कार्रवाई करने की रणनीति पर चर्चा शुरू कर दी है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूट इग़ा का कहना है कि हम बिकाऊ नहीं हैं और हम कभी भी बिकाऊ नहीं होंगे। हमें स्वतंत्रता के लिए अपने लंबे संघर्ष को नहीं भूलना चाहिए। हालांकि, हमें पूरी दुनिया और ख़ासकर अपने पड़ोसियों के साथ सहयोग और व्यापार के लिए खुले रहना चाहिए। डेनमार्क और उसके आसपास के देशों ने ट्रंप को ग्रीनलैंड से पीछे हटने की भी सलाह दी है। लेकिन वेनेजुएला पर कब्ज़ा करके ट्रंप अब यूरोपियों देशों में भी अपनी दखल बढ़ाना चाहता है। ट्रंप ग्रीनलैंड पर एक के बाद एक और ज्यादा सख्त रवैय्या करता जा रहा है। वह ग्रीनलैंड के संसाधनों पर कब्जा करके दुनिया में एक नए उपनिवेशवाद की ताकत का परिचय कराना चाहता है।

ट्रंप का मानना है कि इससे रूस और चीन को आर्कटिक क्षेत्र में उनके प्रभाव को रोकना है। क्योंकि इस वक्त अमेरिका आधुनिक ग्लोबल राजनीति में एक नई किस्म का उपनिवेशवाद खड़ा करने में लगा है, जिसने पूरी दुनिया की अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। अमेरिका किसी भी कीमत पर नाटो देशों में रूस और चीन की घुसपैठ को रोकना चाहता डोनाल्ड ट्रंप का यह भी मानना है कि ग्रीनलैंड और पनामा नहर पर अमेरिका का क़ब्ज़ा होना चाहिए, क्योंकि ये दोनों अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद ज़रूरी हैं। सभी जगह मौजूद रूसी और चीनी जहाज़ों की निगरानी के लिए ये द्वीप अमेरिका के लिए बेहद ज़रूरी है। मैं मुक्त दुनिया की रक्षा की बात कर रहा हूं। अमेरिका ग्रीनलैंड को रणनीतिक रूप से बहुत ज़रूर मानता है, क्योंकि दुनिया के बड़े खनिज भंडार यहां उपलब्ध है जो बैटरी और हाईटेक उपकरणों को बनाने में इस्तेमाल होते है। लेकिन अब देखना यह होगा कि ट्रंप के सिर पर सवार टैरिफ की बढ़ोतरी, ग्रीनलैंड पर कब्ज़ा और ईरान सरकार के खिलाफ़ दखलंदाजी का भूत कब तक कायम होता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र की उलझनों को सुलझाने में मेहनत करनी पड़ेगी। अधिकारी वर्ग से अत्यधिक समर्थन मिलेगा। परिवार के साथ प्रेमभाव में वृद्धि होगी।

**वृषभ**
आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान करा सकते हैं। व्यापार में प्रभावशाली लोगों से आपके सम्पर्क मजबूत होंगे।

**मिथुन**
वैवाहिक सम्बन्धों में तनाव उत्पन्न होने की सम्भावना है। नये सहयोगियों से आपको सावधान रहना चाहिये। शेयर मार्केट में बड़ा निवेश करने से बचना चाहिये।

**कर्क**
वकालत के पेशे से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है। कानूनी मामलों में विजय मिलने की प्रबल सम्भावना है। अपने लोगों की सलाह लेने से पीछे न हटें।

**सिंह**
नया काम शुरू करने के लिये दिन अच्छा है। प्रेमीजन से झगड़ा हो सकता है। कुटीर उद्योगों से उत्तम धन लाभ होगा। तीखा भोजन करने से बचें।

**कन्या**
आप अपने लक्ष्यों को लेकर थोड़े दबाव में रहेंगे। सरकारी काम में बाधा आ सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपेक्षानुकूल सहयोग नहीं मिल पायेगा।

**तुला**
व्यावसायिक अनुबन्ध करने से पहले पेपर्स वगैरह को ध्यान से रख ले। लोग मौका पड़ने पर आपको धोखा दे सकते हैं। अपनी वाणी पर संयम रखें।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिये बहुत ही अच्छा है। घर में सुख-सुविधाओं का विशेष ध्यान रखेंगे। मार्केटिंग सम्बन्धित कार्यों से बेहतरीन लाभ होगा।

**धनु**
व्यवसाय में आपको थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अधिक सोच-विचार के चक्कर में काम बिगड़ सकते हैं। छोटे बच्चों को डाँटने के बजाय उन्हें समझायें।

**मकर**
अपने विचारों को दूसरों पर थोपने से बचें। आयात-निर्यात से सम्बन्धित व्यवसाय से आपको धन लाभ होगा। परिवार में आपसी सामंजस्य में वृद्धि होगी। नया वाहन खरीद सकते हैं।

**कुंभ**
छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है। लम्बी यात्रा करने से बचना चाहिये। डायबिटीज और रक्तचाप के रोगियों को परेशानी हो सकती है। मन अप्रसन्न रहने वाला है।

**मीन**
समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता-पिता का आशीर्वाद लेना न भूलें। आय के नये स्रोत विकसित हो सकते हैं। मित्र के सहयोग से धन लाभ मिलने की सम्भावना है।

# खेलों की आधारभूत संरचना को गति देने को लेकर बैठक

## डीआरडीए सभागार में पंचायत खेल क्लब की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के डीआरडीए सभागार में शनिवार को पंचायत खेल क्लब के सफल कार्यान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला खेल पदाधिकारी श्री बिट्टू कुमार सिंह ने की। इस बैठक में जिले के सभी पंचायतों से पंचायत खेल क्लब के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान कर खेल गतिविधियों को सशक्त बनाना तथा खेल की आधारभूत संरचना के विकास को गति देना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि जिले की सभी पंचायतों में खेल क्लब का गठन पूर्ण हो चुका है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने पंचायत खेल क्लब के सभी सदस्यों से पंचायत स्तर पर उपलब्ध खेल मैदानों एवं खेल सुविधाओं से संबंधित लिखित सुझाव आमंत्रित किए तथा पंचायत खेल क्लब के सफल कार्यान्वयन हेतु आवश्यक एवं उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर खेल मैदानों के निर्माण तथा प्रखंड स्तर पर इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम के निर्माण की प्रक्रिया गतिशील है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने के लिए शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। बैठक का संचालन जिला खेल संयोजक विश्वजीत कुमार द्वारा किया गया। बैठक में मणिकांत, निखर कुमार, केशव कुमार, राम पुनीत, आदित्य अम्बर, रौशन कुमार राय, शुभम सहित जिले के विभिन्न पंचायतों से आए पंचायत खेल क्लब के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्षों ने सक्रिय सहभागिता निभाई तथा अपने सुझाव प्रस्तुत किए।बैठक को जिले में खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे आने वाले समय में बेगूसराय जिले को नई एवं उभरती हुई खेल प्रतिभाएँ मिलने की उम्मीद है।

# विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में वाहन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई है। इन घटनाओं में एक बुजुर्ग और एक बाइक सवार युवक की जान चली गई। दोनों ही मामलों में अज्ञात वाहन हादसे के बाद फरार हो गए। पहली घटना सिंघौल थाना क्षेत्र के अंग्रेजी ढाला के समीप एनएच-31 की है। बताया जाता है कि अमरौर गांव निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग कपिल देव सिंह मंदिर से भजन-कीर्तन कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क पार करने के दौरान तेज रफ्तार स्कर्पियो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल कपिल देव सिंह को स्थानीय लोगों की मदद से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान एक सप्ताह बाद शुक्रवार की शाम उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर सिंघौल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं दूसरी घटना तेघरा थाना क्षेत्र के एनएच-28 स्थित हसनपुर के समीप हुई। यहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार सोनम कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान तेघरा थाना क्षेत्र के दनियालपुर वार्ड संख्या 30 निवासी राजकुमार चौधरी के 25 वर्षीय पुत्र सोनम कुमार के रूप में हुई है।

# बिहार डेयरी एंड कैटल लगाएगी मवेशी प्रदर्शनी

## 28 से 30 जनवरी तक इस प्रदर्शनी में 15 करोड़ के मुर्रा भैंसे बनेगे आकर्षण का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बरौनी प्रखंड के हर्ल मैदान में पहली बार बिहार डेयरी एंड कैटल एक्सपो का भव्य आयोजन 28, 29 और 30 जनवरी को किया जाएगा। इस एक्सपो में मवेशियों की अब तक की सबसे बड़ी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही मिल्किंग प्रतियोगिता, तकनीकी सत्र और करपोरेट प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा। पशुपालकों की मांग पर आयोजित इस एक्सपो का मुख्य आकर्षण हरियाणा के प्रसिद्ध किसान नरेश सिंह का मुर्रा नस्ल का 15 करोड़ रुपये मूल्य का भैंसा 'विधायक होगा। यह भैंसा अपनी असाधारण सुंदरता, ताकत और उच्च गुणवत्ता वाले वीर्य उत्पादन के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। एक्सपो के दौरान प्रदर्शनी स्टल्स पर 60 से अधिक प्रकार के पशु उत्पाद, पशु आहार, दवाइयां, डेयरी यंत्र, दुग्ध प्रसंस्करण मशीनें एवं खाद्य उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। साथ ही विभिन्न नामी कंपनियां अपने डेयरी एवं पशुपालन से जुड़े उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाएंगी। तकनीकी सत्र में मिलेगा विशेषज्ञों का मार्गदर्शन तकनीकी सत्र के दौरान देश के जाने-माने डेयरी एवं पशुपालन विशेषज्ञ किसानों को आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रबंधन, नस्ल सुधार और उत्पादन बढ़ाने से जुड़ी जानकारी देंगे। एक्सपो के दौरान मिल्किंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आयोजक ब्रजेश कुमार ने बताया कि यह एक्सपो क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा, जहां वे नई तकनीक, आधुनिक उत्पादों और विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर पशुपालन को अधिक लाभकारी बना सकेंगे।

### पंचायत प्रतिनिधि पहुंचे बीएसईबी ऑफिस

**वीरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के भावानंदपुर पंचायत के दर्जनों छात्र छात्राओं के भविष्य को देखते हुए ग्राम पंचायत राज भावानंदपुर के मुखिया दीपक कुमार, प्रखंड उप प्रमुख सुबोध पासवान, उपमुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार के नेतृत्व में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना के पदाधिकारी से मिलकर गुहार लगाए हैं। जिसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बीरपुर प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय भावानंदपुर में उत्प्रेषण प्रायोगिक परीक्षा से वंचित 41 बच्चों को पुनः प्रायोगिक परीक्षा संचालित किए जाने संबंधी मैट्रिक परीक्षा 2026 का प्रवेश पत्र निर्गत हेतु परीक्षा नियंत्रक बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना से गुहार लगाई गई है। समिति के पदाधिकारी द्वारा सकारात्मक पहल कदम उठाते हुए कार्य कर देने का आश्वासन दिया गया है।

# 29 को वार्षिकोत्सव, स्पोर्ट्स मीट एवं बाल मेला आयोजित करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाईट भवन, भगवानपुर में शनिवार को प्रखंड के प्रारंभिक, उच्च एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए लेखापाल अरविंद कुमार शर्मा एवं प्रखंड एमआईएस प्रभारी मिथलेश कुमार ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कम्पोजिट ग्रांट की राशि, सीआरसी व्यय तथा लंबित डीसी बिल के निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं सपोर्ट टू प्री-प्राइमरी योजना के अंतर्गत जिन विद्यालय परिसरों में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, वहां 29 जनवरी को वार्षिक उत्सव, स्पोर्ट्स मीट एवं बाल मेला आयोजित करने का निर्देश प्रधानाध्यापकों को दिया गया। एमडीएम बीआरपी मो. दाऊद आलम ने मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन संचालन, रसोईघर की नियमित साफ-सफाई एवं प्रतिदिन ई-शिक्षाकोष पर लाभान्वित बच्चों की संख्या की प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में एचएम रईस, अवधेश, विश्वनाथ, मनोज, श्याम सुंदर, राकेश, रूणा, ऋषि, विश्वजीत, बिपिन, बबीता, अर्पण, संदीप, अरुण, लक्ष्मी सहित अन्य प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा।** सजग रचनाकार संस्थान सूर्य नगर फूहां, बड़हरा, भोजपुर के प्रधान कार्यालय सूर्य नगर फूहां में समय 12 बजे दिन में, भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती समारोह के अवसर पर उन के तैलीय चित्र पर संयुक्त रूप से संस्था के सचिव अर्जुन कुमार ठाकुर एवं अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप शर्मा ने माल्यार्पण सह पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. सुरेश कुमार सिंह एवं मंच संचालन अर्जुन कुमार ठाकुर ने की। अध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह ने कहा कि ठाकुर जी बहुत विद्वान और कर्मठ व्यक्ति थे। कई बार नेपाल में भी शरण लिये, एक बार जब वे मैट्रिक पास करने की खुशी अपने गांव के जमींदार से बताते हैं, वे सुन कर उन्हें पैर दबाने को कहा, जिसे वे नहीं चाहते हुए किये, यही से दृढ़ प्रतिज्ञ हुए, और बिहार के मुख्यमंत्री पद को सुशोभित किये। कार्यक्रम में उपस्थित अराजपत्रित कर्मचारी संघ के जिला सचिव उमेश कुमार सुमन, शिक्षक विजय कुमार साह, प्रो. सुरेश कुमार सिंह, राजदेव राम, रंजीत कुमार सिंह, चन्द्रशेखर प्रसाद, सजग रचनाकार संस्थान के अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप शर्मा ने उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मे किए गए कार्यों की चर्चा की।

# बाइट कम्प्यूटर के छात्रों का कैंपस सलेक्शन

## 40 छात्र हुए थे साक्षात्कार में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** लोहिया नगर स्थित बाइट कंप्यूटर्स ट्रेनिंग सेंटर के कार्यालय में रिवर वैली स्कूल के द्वारा विभिन्न पदों के लिए संस्थान के कुल 40 छात्रों का साक्षात्कार लिया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यालय के निदेशक इंजीनियर आर एन सिंह, कंप्यूटर टीचर, सुधीर कुमार और संस्थान की ओर से मुख्य प्रशिक्षक प्रथम परमार उपस्थित थे। साक्षात्कार में मुख्य रूप से छात्रों के बड़ी लैंग्वेज के अवलोकन के साथ-साथ एमएस वर्ड, एमएस एक्सल, टैली, इंटरनेट आदि विषयों से घुमावदार प्रश्न पूछे गए। अंतिम मेधा सूची बनाने के पश्चात प्रीति कुमारी, शगुन कुमारी, विक्रम, आदित्य, अमन राज, प्रीतम कुमार, रेवती रमण समेत 15 बच्चों का सेलेक्शन कंप्यूटर ऑपरेटर, कंप्यूटर टीचर, हॉस्टल अटेंडेंट एवं हॉस्टल वार्डन के पद पर हुआ। साक्षात्कार के बाद छात्रों को मोटिवेट करते हुए संस्थान के निदेशक संजय कुमार सिंह ने कहा कि अगर आप कंप्यूटर को ध्यान पूर्वक जागरूक होकर सीखते हैं तो आप कभी बेरोजगार नहीं हो सकते हैं। विद्यालय के निदेशक इंजीनियर आरएन सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में शैक्षणिक क्षेत्र में कई तकनीकी पद सृजित होने वाले हैं। प्रशिक्षित छात्रों को जॉब की कोई कमी नहीं होगी। विदित हो कि तकनीकी शिक्षा के लिए कृत संकल्पित इस संस्थान के द्वारा वर्ष में दो बार कैंपस सेलेक्शन का आयोजन होता है। इस मौके पर साक्षात्कार को सफल बनाने हेतु संस्थान के सभी फैकल्टी उपस्थित थे।

# सीएम के कार्यक्रम में आनंद रंजन झा ने प्रमाण पत्र दिखाकर किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जंदाहा (वैशाली)।** राज्य सरकार की प्रगति यात्रा के अंतर्गत बाबा वटेश्वरनाथ मंदिर परिसर, जंदाहा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संबोधन एवं सभा के समापन के उपरांत कौशल विकास और शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी प्रचार देखने को मिला। इस अवसर पर कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी, जंदाहा के संचालक आनंद रंजन झा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभा समाप्त होने के बाद श्री झा ने कुशल युवा कार्यक्रम (KYP) का प्रमाणपत्र तथा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत जारी ऋण स्वीकृति पत्र को अपने हाथों में लेकर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया और उपस्थित युवाओं व अभिभावकों को इन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राज्य सरकार की ये योजनाएं युवाओं को कौशल, शिक्षा और रोजगार से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रही हैं। श्री झा ने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम के तहत युवाओं को कंप्यूटर, संचार एवं रोजगारपरक कौशल का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। वहीं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को चार लाख रुपये तक का शैक्षणिक ऋण उपलब्ध कराया जाता है, ताकि आर्थिक कारणों से किसी भी छात्र की पढ़ाई बाधित न हो।

मुख्यमंत्री के मंच से दिए गए संदेश और इसके उपरांत श्री झा द्वारा प्रमाणपत्र एवं क्रेडिट कार्ड योजना के स्वीकृति पत्र के प्रत्यक्ष प्रदर्शन से कार्यक्रम स्थल पर युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में युवाओं ने योजनाओं को लेकर जानकारी प्राप्त की और उनसे जुड़ने की इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा, बिहार सरकार के मंत्री लखेंद्र पासवान, विजेंद्र जी, उमेश कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने मिशन पार्ट-1, पार्ट-2 एवं पार्ट-3 के अंतर्गत संचालित योजनाओं तथा कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। यह कार्यक्रम युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुआ। सरकारी योजनाओं की प्रत्यक्ष जानकारी मिलने से प्रदेश के युवाओं को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर मिलने की प्रबल संभावना जताई जा रही है।

# अडाणी फाउंडेशन ने सोहराय पर्व पर पहाड़िया आदिम जनजाति के बीच बांटी साड़ी व टीशर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती प्रखंड की हरिनकोल पंचायत में आज सोहराय पर्व के मौके पर अदाणी फाउंडेशन, पीरपैंती द्वारा पहाड़िया आदिम जनजाति समुदाय के लिए एक सामाजिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक पर्व के मौके पर समुदाय के स्वास्थ्य, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करना रहा। इस दौरान तीन सौ परिवारों को मच्छरदानियां वितरित की गईं। वहीं 250 महिलाओं को साड़ियां और 300 पुरुषों को टी-शर्ट प्रदान की गईं। यह पहल आदिम जनजाति परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने के साथ-साथ उनके पर्व को सम्मान देने की दिशा में की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पीरपैंती के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने अदाणी फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम आदिम जनजाति समुदाय के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, समुदाय के गणमान्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इधर अडाणी फाउंडेशन की ओर से आदिम जनजातियों के समग्र विकास, स्वास्थ्य संरक्षण और सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रम लगातार जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई गई है।

# शहीद हरेराम कुंवर का अंतिम संस्कार महुली घाट पर, बड़े पुत्र ने दी मुखाग्नि

## जम्मू कश्मीर के डोडा में वाहन हादसे में शहीद हुए जवान को देखने उमड़े हजारों लोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के शहीद जवान हरेराम कुंवर का सेना के वाहन से उसका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटा शनिवार अहले सुबह नथमलपुर पहुचा। शहीद को देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। अपने चहेते बेटा, मित्र व भाई को अंतिम विदाई देने के लिए नथमलपुर से महुली घाट तक पहुचे। जहां शहीद की अंतिम विदाई दी। शहीद हरेराम कुंवर की अंतिम यात्रा में उमड़े लोगों के भीड़ ने साबित कर दिया कि देश के बॉडर के रखवाले के प्रति जनता के दिल में कितना सम्मान है। सड़कों पर 'शहीद अमर रहें' के नारे गूंज रहे थे और हर आंख नम थी। हालांकि इस बेहद भावुक पल में व्यवस्था का एक कड़वा चेहरा भी सामने आया। जहां हजारों आम लोग अपने वीर सपुत को विदाई देने पहुंचे। महुली घाट पर 11 साल के बेटे प्रियांशु ने शहीद पिता के शहादत पर नम आंखों से मुखाग्नि दी। लोगों के आंखे छलक गई। छोटे बेटे आदर्श ने सैल्यूट कर पिता के बलिदान को नमन किया। इस दौरान सेना के अफसरों ने शहीद के पिता इंद्रजीत कुंवर एवं उनके बच्चों को तिरंगा सौंपते हुए इसे सम्मानपूर्वक संभालकर रखने की सलाह दी। जम्मू कश्मीर के डोडा में वाहन हादसे में शहीद हुए जवान को देखने हजारों लोग उमड़े थे। जहां राजकीय सम्मान के साथ विदाई दी गई। शहीद हरेराम के पिता इंद्रजीत कुंवर ने भी अपने कलेजे के टुकड़े को अंतिम विदाई दी। सेना के जवानों ने हवा में गोलियां दागकर अपने साथी को सलामी दी। लेकिन सांसद व जन प्रतिनिधि के न पहुंचने पर लोगों ने नाराजगी जताई। वही जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कैप्टन सतीश पांडेय, मेजर दिव्य शक्ति सिंह विष्ट, नायक सुबेदार दीपू कुमार सिंह, डोडा से सीएचएम पंकज कुमार आर आर, सिपाही अंबुज कुमार, एक ऑफिसर दो जेसीओ समेत अन्य अपने साथी के शहादत पर अंतिम सलामी देने पहुचे हुए थे। पूरे राजकीय सम्मान के साथ शहीद को गॉड ऑफ ऑनर दिया। सनद रहे कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में गुरुवार दोपहर एक ऑपरेशन के लिए जाते समय जवानों की बुलेटप्रूफ कैस्पर गाड़ी करीब 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई थी। इस हादसे में भोजपुर के हरेराम समेत 10 जवान शहीद हो गए थे। अंतिम संस?कार के दौरान घाट पर मंजर ऐसा था कि पत्थर दिल भी पिघल जाए।

# स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में छात्रों ने लगाई प्रदर्शनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**अररिया।** अररिया स्थित स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती पूजा एवं शैक्षणिक प्रदर्शनी का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह, श्रद्धा एवं रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के नर्सरी से लेकर कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा एक आकर्षक शैक्षणिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल, प्रोजेक्ट, रोबोटिक्स एवं वैज्ञानिक प्रयोग अपने हाथों से तैयार कर प्रस्तुत किए, जिन्हें आगंतुकों एवं अभिभावकों द्वारा अत्यंत सराहा गया। विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और नवाचार क्षमता दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने संस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नृत्य एवं गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया और कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों एवं अभिभावकों के मनोरंजन हेतु एक भव्य मैजिक शो का भी आयोजन किया गया। यह मैजिक शो भारत के प्रसिद्ध जादूगर श्री जे.डी. पासा द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिन्होंने लगभग दो घंटे तक विभिन्न प्रकार के जादुई करतब दिखाए। उनके जादू ने बच्चों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में प्रत्येक बच्चे का सर्वांगीण विकास किया जाता है। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया तथा अररिया के अभिभावकों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने विद्यालय पर विश्वास कर अपने बच्चों को यहाँ शिक्षा के लिए नामांकित किया, ताकि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें निखारा जा सके। वहीं, कार्यक्रम के शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं आकर्षक समापन का श्रेय सहायक प्रबंधक श्री कुमार आर्यन को दिया गया, जिनके कुशल प्रबंधन एवं सहयोग से यह आयोजन पूरी तरह सफल रहा। सम्पूर्ण कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित ज्ञानवर्धक एवं आनंद-दायक रहा जिसने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आगंतुकों के मन में एक सकारात्मक छाप छोड़ी।

# भूमि विवाद को लेकर आयोजित जनता दरबार में 13 मामले रहे लंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें एक नये मामले सुनवाई हेतु दर्ज किये गए। जनता दरबार में पूर्व से 12 मामले लंबित थे। पूर्व से लंबित मामलों में से एक भी मामलों का निष्पादन नहीं हुआ। वही एक मामला नया दर्ज भी हुआ। जनता दरबार में अब कुल 13 मामले लंबित है। सभी लंबित मामले के फरियादी को सुनवाई के लिए अगली तारीख निर्धारित की गयी। मौके पर अंचलाधिकारी सूरज कुमार, प्रधान सहायक गोपाल कुमार, कार्यपालकं सहायक अमरजीत कुमार तथा अन्य फरियादी मौजूद थे।

### जनता दरबार में एक मामला निष्पादित

**वीरपुर।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए जमीन विवाद को लेकर वीरपुर अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत पदाधिकारी के निर्देशानुसार जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर अंचलाधिकारी भाई वींरेंद्र ने बताया कि पूर्व का एक और दो नए मामलों के साथ कुल तीन मामलों की सुनवाई की गई। जिसमें से आपसी समझौते के आधार पर एक मामलों को निष्पादित किया गया। शेष बचे दो मामलों को लेकर दोनों पक्षों को अगले तिथि में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। मौके पर अंचल कर्मी व थाना के ए एस आई ऋषिकेश भारद्वाज के साथ कई फरियादी मौजूद थे।

### मृत बच्चों के परिजनों को अंचलाधिकारी ने दिया चेक

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी के दौलतपुर पंचायत के दनाडा गांव में शनिवार को हुई आग लगी कांड में दो मासूम बच्चे की मौत के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया है। परिजारों का रो-रो कर बुरा हाल है। ऐसे में इस आपदा की घटित घटना के बाद अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने तत्काल चार लाख रुपए के चेक कि सहायता राशि दी है। अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया कि आपदा की तरफ से दोनों बच्चों के आश्रित परिजनों को ?8 लाख की सहायता राशि दी जाएगी, तत्काल चार लाख का चेक उन्हें दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### परंपरागत आस्था के साथ बसंत पंचमी मनी

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड में वसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का पर्व परंपरागत आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर पंचायत सहित प्रखंड के सभी शैक्षणिक संस्थानों, कोचिंग सेंटरों और पूजा-पंडालों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की गई। विद्यार्थियों और युवाओं में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। पूजन कराने आए पंडितों ने बताया कि माघ शुक्ल पंचमी को वसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन वीणावादिनी मां सरस्वती की पूजा से बुद्धि, ज्ञान और वाणी की प्रखरता बढ़ती है। पुलिस प्रशासन द्वारा डीजे और अश्लील गानों पर प्रतिबंध लगाया गया था। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती रही। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की और उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

### लावारिस वृद्ध महिला के शव का पुलिस ने किया अंतिम संस्कार

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीते दिनों मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा में ट्रेन से कटकर एक अज्ञात वृद्ध महिला की मौत के मामले में पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए गुरुवार को शव का पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पहचान के लिए सोशल मीडिया व स्थानीय लोगों की मदद ली गई। अंततः नगर पंचायत स्थित श्मशान घाट पर महिला की विधिवत अंत्येष्टि कर दी गई।

### दो घरों में चोरी, लाखों की ज्वेलरी व नकदी गायब

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना क्षेत्र के अरना और बाड़ोपुर गांव में बीती रात चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं में लाखों की ज्वेलरी और नकदी चोरी कर ली गई। अरना निवासी मुनेश्वर साह ने बताया कि रात में परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। चोर आंगन के रास्ते घर में घुसे और सोए हुए कमरे की कुंडी बाहर से बंद कर दी। बगल के कमरे में रखी पेटियों से लगभग 6 लाख रुपये की ज्वेलरी और 30 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गए। इसी प्रकार बाड़ोपुर गांव में ग्रीस देव राय के घर में भी चोरों ने दो लाख रुपये की ज्वेलरी चोरी कर ली। पुलिस दोनों मामलों की जांच में जुटी है।



### जनता दरबार मे भूमि से संबंधित मामलों की हुई सुनवाई

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभागार में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन हुआ। इस दौरान अंचलाधिकारी सुधांशु शेखर ने भूमि संबंधी विवादों के एक दर्जन मामलों पर सुनवाई की।सुनवाई के दौरान सोमगढ़ पंचायत से जुड़े खरवार जाति के लोगों का मामला भी सुना गया। प्रस्तुत आवश्यक साक्ष्य और सुनवाई के बाद सीओ ने संबंधित राजस्व कर्मचारी को विधिवत जांच के बाद प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया। वहीं, मामले पर सकारात्मक पहल भी की। वही शहर के हरदिया का विनय शंकर राम, प्रियंका कुमारी और नवल राम व लालाबाबू राम के बीच चल रहे भूमि विवाद का एक मामला निपटारा करवाया गया। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद आपसी सहमति पर भूमि नापी के बाद कार्य करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ हीं अन्य कई मामलों पर सुनवाई की गई। और संबंधित पर नोटिस निर्गत किया गया।इस मौके पर राजस्व पदाधिकारी अशोक कुमार, राजस्व कर्मचारी धीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

### शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ माता का विसर्जन

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों, पंडालों के बीच से मां सरस्वती की पूजा के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को नम आंखों से की गई है।इस दौरान हंस वाहिनी की जय, मां सरस्वती की जय, वर दे वीणा वादिनी की जय आदि के उदघोष से सारा वातावरण गूंजता रहा। मौके पर पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। मां की प्रतिमा का विसर्जन गाजे बाजे के साथ छात्रों की टोली अबीर गुलाल उड़ाते हुये मां की जयकारा के साथ की गई। । इस दौरान कइसे करी हम विदाई के गीत से बच्चे काफी विभोर हो रहे थे।

### रामनगर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनगर नगर के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित धर्मशाला में मानव सेवा संगठन के तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। नेपाल के किरण आंख अस्पताल के सहयोग से किया गया, जिसमें बीरगंज से पहुंचे वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. अमर केयाल ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे दिन जांच व परामर्श का सिलसिला चलता रहा। शिविर के दौरान करीब 300 नेत्र रोगियों की आंखों की जांच की गई। जांच के बाद मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार निःशुल्क दवाएं दी गई. वहीं मोतियाबिंद, आंख के पर्दे और अन्य जटिल नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों को ऑपरेशन से संबंधित आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी गई। कई जरूरतमंद मरीजों को रियायती दर पर चश्मा भी उपलब्ध कराया गया, जिससे उन्हें काफी राहत मिली। जांच में लगभग 100 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए, जबकि दूर व नजदीक की दृष्टि संबंधी समस्या वाले 50-50 मरीज चिन्हित किए गए। शिविर में डॉ. अमर केयाल के साथ दृष्टि विशेषज्ञ मिथिलेश कुशवाहा, नेत्र सहायक गुडिया महतो, मुस्कान गुप्ता और राज कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर थानाध्यक्ष दीपक कुमार, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक सदाकांत शुक्ल, औबेदुरहमान, समाजसेवी विजय गुप्ता, पैक्स अध्यक्ष बुलबुल सिंह, शिक्षक संदीप मिश्रा, सेवानिवृत्त शिक्षक गौतम प्रसाद राव, संस्था के अध्यक्ष रजनीश सिंह, सचिव सुजल सिंह, मणिन्द्र सिंह अर्पणा मिश्रा, मुनीन्द्र मिश्र, जय प्रकाश झा, विजय प्रसाद, सुरेन्द्र सिंह, सुरज कुमार पाण्डेय, विनय श्रीवास्तव, शिशिर राय, सरदार जुगनू सिंह, आनंद रेमी, आनंद शर्मा, विकास मिश्र, रामाशंकर सोनी, करण कुमार गौड़, , अरविंद दीक्षित पिकू पाण्डेय, आकाश एवं समस्त मानव सेवा संगठन परिवार सदस्य तन-मन से मरीजों की सेवा में डटे रहे।

### विद्यार्थियों ने किया मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर से लेकर गाव तक विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में शनिवार की सुबह से ही मां सरस्वती की पूजा की पूणार्हुति शुरू हो गई। पूणार्हुति के पश्चात पूजा समितियो के द्वारा नजदीकी तालाब व नदियो में प्रतिमाओं का विसर्जन नम आंखों से की गई। इस दौरान हंस वाहिनी की जय, मां सरस्वती की जय, वर दे वीणा वादिनी की जय आदि के उदघोष से सारा वातावरण गूंजता रहा। वही क्षेत्र में इस बार डीजे बजाने को लेकर पूणतः प्रतिबंधित किया गया था। इसको लेकर पुलिस सभी पूजा समितियो को सख्त निर्देश भी दिया था। वही संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गयी थी । मां की प्रतिमा का विसर्जन गाजे बाजे के साथ छात्रों की टोली अबीर गुलाल उड़ाते हुये मां की जयकारा के साथ की गई। इस दौरान कइसे करी हम विदाई के गीत से बच्चे काफी विभोर हो रहे थे। एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा ने बताया कि क्षेत्र में शांतिपूर्ण प्रतिमा विसर्जन को लेकर सभी पूजा समितियो को संबंधित थाने से लाइसेंस दिया गया था। वही पुलिस प्रशासन को भी आवश्यक निर्देश दिया गया है। निर्धारित रूट के अनुसार शांतिपूर्ण माहौल में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया है।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, चालक गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा पुलिस ने रामपुर से शनिवार को अवैध बालू ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। साथ ही चालक को गिरफ्तार किया है। भंगहा थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि बेहरी रामपुर के पास बालू लदा ट्रैक्टर-ट्रॉली को जाते देखा गया। पुलिस उसे रोककर कागजात की मांग की पर चालक के द्वारा कोई कागजात नहीं दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बालू लदा ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि चालक रामपुर मिशन के राकेश कुमार बताया जाता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में आगे की कारवाई हेतुखनन विभाग को सुचित कर दी गई है।

### इनरवा बार्डर से 21 लाख का गांजा बरामद,दो गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा पुलिस ने खेत में पुआल में छुपा कर छुपाकर रखे गए 52 किलो गांजा को जब्त किया है। साथ ही दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई की गई है। इधर पुलिस को देखते ही कारोबारी भागने की फिराक में थे, लेकिन घेराबंदी कर पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आए तस्कर एक नेपाल के गढ़ैया निवासी किशोर मंडल है जबकि दूसरा इनरवा के खमिया गांव का नाबालिग बताया जाता है। जब्त गांजा की किमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 20 लाख 80 हजार रुपये आंकि गई है।

# नेपाल-भारत संबंधों की मजबूती के लिए सार्थक मीडिया जरूरी : मंत्री श्याम बाबू पटेल

## भ्रामक सूचनाओं से बचकर तथ्यपरक पत्रकारिता का आह्वान



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल और भारत के बीच सदियों पुराने प्रगाढ़ संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए मीडिया को अधिक जिम्मेदार, सजग और रचनात्मक भूमिका निभानी होगी। यह बात शुक्रवार को वीरगंज के टाउनहॉल में आयोजित 'नेपाल-भारत संबंधों में मीडिया की भूमिका' विषयक विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कही। गोष्ठी के मुख्य अतिथि मधेश प्रदेश के भूमि व्यवस्था, कृषि एवं सहकारी मंत्री श्याम पटेल ने कहा कि नेपाल-भारत के रिश्ते केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक आधार पर टिके हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले बॉर्डर पर सीमावर्ती समाज का प्रभाव अधिक दिखता था, लेकिन अब सीमा पर दिल्ली और काठमांडू की नीतियों की छाया स्पष्ट नजर आती है। ऐसे में भले ही निर्णय भारत और नेपाल के लिए हों, लेकिन मधेश और भारत के बीच सदियों पुराने रोटी-बेटी के रिश्तों को हर हाल में बनाए रखना होगा। मंत्री पटेल ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों की साझा समस्याओं पर मीडिया को पैनी नजर रखनी चाहिए। मर्यादित और तथ्यपरक पत्रकारिता ही दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाई तक ले जा सकती है। वहीं,संविधान सभा सदस्य अजय द्विवेदी ने कहा कि नेपाल भारत का संबंध प्राकृतिक और नैसर्गिक है,लेकिन,वर्तमान में आपसी मैत्री संबंध अच्छे नहीं रह गए,जो चिंता का विषय है।पीपुल्स टू पिपुल्स रिलेशन को कमजोर नहीं होना चाहिए,इसके लिए मीडिया को रोल प्ले करना होगा।नेपाल पत्रकार महासंघ के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष हरिहर विरही और प्रेस यूनियन के अध्यक्ष शिव लम्साल ने कहा कि मीडिया का दायित्व केवल समाचार देना नहीं, बल्कि नेपाल और भारत के नागरिकों के बीच सेतु का काम करना है। वहीं इंडिया मीडिया जर्नलिस्ट यूनियन (आई एम जे यू)के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाला भास्कर ने सीमावर्ती पत्रकारों के लिए साझा संवाद तंत्र विकसित करने की जरूरत पर बल दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार सह विश्व पत्रकार महासंघ (एशिया प्रशांत )के संयुक्त सचिव दीपेंद्र चौहान ने सीमा क्षेत्र में कार्यरत पत्रकारों की सुरक्षा चुनौतियों और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने सोशल मीडिया के दौर में भ्रामक खबरों से सतर्क रहने और राष्ट्रीय हित के साथ पेशेवर मयार्दा बनाए रखने पर जोर दिया।चंपारण प्रेस ज्ञानेश्वर गौतम सहित वरिष्ठ पत्रकार मुनेश राम,दीपक अग्निरथ, अनुज दास आदि ने सीमा क्षेत्र के पत्रकारों के बीच आपसी सहयोग,समन्वय और संवाद पर जोर दिया। इस अवसर पर आम संचार प्राधिकरण के अध्यक्ष जितेन्द्र खड़का, मधेश प्रदेश अध्यक्ष श्याम बंजारा, पर्सा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश खनाल, केंद्रीय सदस्य सिकंदर पासवान, भूमि आयोग पर्सा के अध्यक्ष तबरेज अहमद सहित अन्य वक्ताओं ने खुली सीमा की संवेदनशीलता और मीडिया की भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान भारत के विभिन्न राज्यों से आए 20 से अधिक पत्रकारों को नेपाली सांस्कृतिक पहचान की प्रतीक 'ढाका टोपी' पहनाकर और टोकन ऑफ लव भेंट कर सम्मानित किया गया।

# दिग्गज समाजवादी नेता थे जननायक कर्पूरी ठाकुरः मंत्री सुनील कुमार

## बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहने के बावजूद अपना पक्का घर नहीं



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलम मैरिज हॉल में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर का जयंती शनिवार को मंगलम मैरिज हॉल मेंमनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी एवं संचालन शर्मा नंद सहनी ने किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकर के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार एव पूर्व मंत्री डा रंजू गीता रही । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सुनील सिंह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सिर्फ अति पिछड़ा के नेता नहीं थे वह हमेशा दलित वचित सोशित समाज के पिछड़े लोगों के हित की ही बात करते थे । अपनी जिंदागी सादगी भारी जिये जननायक कर्पूरी ठाकुर 24 जनवरी 1924 - 17 फरवरी 1988 बिहार के एक महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और दो बार 1970-71और 1977-79 मुख्यमंत्री रहने वाले दिग्गज समाजवादी नेता थे।मैट्रिक पास करने के बाद ही वे भारत छोड़ो आंदोलन में कूद पड़े थे।मैट्रिक पास करने के बाद ही वे भारत छोड़ो आंदोलन में कूद पड़े थे। 1952 से लेकर 1988 में निधन तक वे लगातार विधायक रहे। डॉक्टर रंजू गीता ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर की ईमानदारी के किस्से मशहूर हैं। मुख्यमंत्री रहने के बावजूद उनके पास अपना घर तक नहीं था। जिला परिषद के अध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि कपूरी बाबू का जब निधन हुआ, तो उनके पैतृक गांव में उनके पास रहने के लिए एक पक्का मकान नहीं था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरकटिया विधायक विशाल कुमार ने कहा कि कपूरी बाबू के उत्थान के लिए काम करते थे। इसके पहले कार्यक्रम की अध्यक्षता अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी वही संचालन शमार्नंद साहनी ने किया। मौके पर प्रोफेसर दिनेश चंद प्रसाद, दीपक पटेल, राज किशोर ठाकुर, देवेंद्र साहनी, बैद्यनाथ भगत मालाकार, राजीव कुमार, बृजेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता संजीव श्रीवास्तव बबन कुशवाहा, शोभा सिंह, सरदार मंजीत सिंह, कुणाल पटेल, शहजाद खान, दिनेश गुप्ता, गोविंद सिंह, बिट्टू सिंह, वीरेंद्र राय पटेल, वसी अहमद खान, सरफराज आलम, डा तफज्जुल, संजय मोदी, अरविंद तिवारी, इशरत जहां सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# महापौर ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 1 का किया निरिक्षण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम मोतिहारी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 01 के चैलाहां चौक एवं अन्य मोहल्लों में महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी द्वारा साफ - सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने मोहल्ला वासियों से संवाद कर साफ - सफाई व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। महापौर ने मौके पर उपस्थित वार्ड जमादार एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निगम एवं एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे सफाई कर्मियों की संख्या के अनुरूप उनके कार्य की नियमित एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि एजेंसी द्वारा सफाई कर्मियों की संख्या में किसी प्रकार की कटौती की जाती है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, बेहतर एवं प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। महापौर ने कहा कि स्वच्छता नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

# आज पूर्वी चम्पारण जिले की टीम राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी सम्मानित

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देशभर में सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन जिला पुरस्कार से किया जायेगा सम्मानित



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 में अच्छा प्रदर्शन के लिए पूर्वी चंपारण जिले को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देशभर में सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन जिला पुरस्कार (बेस्ट इलेक्शन डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड) हेतु चयनित किया गया है। 25 जनवरी को पूर्वी चंपारण जिले की टीम को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह उपलब्धि जिले के सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों, मतदाताओं एवं आम जनता के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। पूर्वी चंपारण जिले में स्वचालित जीपीएस आधारित उअढ्ढ तैनाती प्रणाली विकसित की गई, जिसने तैनाती योजना का समय कई दिनों से घटाकर कुछ ही मिनटों में कर दिया और पूर्ण सटीकता के साथ सम्पन्न हुआ। ऋढ्ढर विश्लेषण का उपयोग करते हुए सभी मतदान केंद्रों पर बल आवंटन को अनुकूलित किया गया। इसके अतिरिक्त दफ-कोड नेविगेशन, इंटरैक्टिव बूथ मैपिंग, पूर्व-मुद्रित रजिस्टर और रियल-टाइम डैशबोर्ड सहित व्यापक डिजिटल उपकरण तैयार किए गए। इन नवाचारों के परिणाम स्वरूप निर्बाध और बिना किसी व्यवधान के निर्वाचन संपन्न हुआ ' तथा शून्य घटनाओं के साथ मतदान प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई, जो वर्ष 2020 के 60.28% से बढ़कर वर्ष 2025 में 71.55% तक पहुंच गया।बिहार विधान सभा आम निर्वाचन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सम्पूर्ण टीम के सामूहिक प्रयासों एवं नवीन तकनीकी पहलों के परिणामस्वरूप ही पूर्वी चंपारण जिला को यह गौरवशाली उपलब्धि प्राप्त हुई है। यह सम्मान पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।

# निजी विद्यालयों की मनमानी और बाध्यकारी नियमों पर जिलाधिकारी ने कसी नकेल



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चम्पारण जिला दंडाधिकारी सह - जिलाधिकारी ने निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी और बाध्यकारी नियमों के विरुद्ध कठोर आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है की पुस्तकों, यूनिफॉर्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्रियों की अनिवार्य खरीद से संबंधित जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पदाधिकारियों द्वारा विद्यालयों से संपर्क किया गया। जिला प्रशासन के आदेश के अनुसार किसी भी निजी विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पुस्तकें, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्टेशनरी तथा अन्य शैक्षणिक सामग्री किसी विशेष दुकान या विक्रेता से खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अभिभावकों को यह पूर्ण स्वतंत्रता है कि वे अपनी इच्छानुसार किसी भी दुकान से निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सामग्री खरीद सकते हैं। आदेश के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न निजी विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन को जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा आदेशों के अनुपालन पर सहमति व्यक्त की गई तथा यह आश्वासन दिया गया कि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पुस्तकों, यूनिफॉर्म अथवा अन्य सामग्री किसी एक ही दुकान से खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि विद्यालयों को केवल पुस्तकों, यूनिफॉर्म एवं अन्य सामग्रियों के विनिर्देशन (स्पेसिफिकेशन) जारी करने का अधिकार है, किंतु किसी विशेष दुकान या विक्रेता का नाम सुझाना या उनसे खरीदारी के लिए बाध्य करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। आदेश के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध विधिसम्मत एवं कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा आदेश के अनुपालन की निरंतर निगरानी की जा रही है तथा यह संदेश दिया गया है कि शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, किफायती एवं अभिभावक- हितैषी बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।अभिभावकों से अपील की गई है कि यदि किसी विद्यालय द्वारा इस आदेश का उल्लंघन किया जाता है तो वे तत्काल संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी अथवा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित करें।

# रक्सौल में धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती, दही-चूड़ा भोज का आयोजन



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के मेन रोड स्थित कर्पूरी ठाकुर आश्रम एवं महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी राम बाबू यादव के आवास पर भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया तथा उनके सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान को याद किया गया। मेन रोड स्थित कर्पूरी ठाकुर आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में राजद नेता प्रमोद राय एवं महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी राम बाबू यादव ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को सामाजिक परिवर्तन का अग्रदूत बताते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। इस अवसर पर कर्पूरी ठाकुर आश्रम परिसर में दही-चूड़ा भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने सहभागिता की। आयोजनकताओं ने बताया कि दही-चूड़ा भोज जननायक कर्पूरी ठाकुर की सादगी और आमजन से जुड़े जीवन मूल्यों का प्रतीक है। कार्यक्रम में पूर्व प्रत्याशी श्याम बिहारी प्रसाद, गांधी स्कूल के प्रधानाध्यापक मुनेश राम, पत्रकार दीपक अग्निरथ, सामाजिक कार्यकर्ता नूरुल्लाह खान, राजद नेता सैफुल आजम, सुनील कुशवाहा, सुभाष यादव, दिनेश राम, मदन प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने कर्पूरी ठाकुर के विचारों को आत्मसात करने और समाज में समानता व न्याय की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन जननायक कर्पूरी ठाकुर के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के आह्वान के साथ किया गया।

### वन्दे मातरम के 150 वर्ष पर एसएसबी कैंप में भव्य आयोजन, विधायक प्रमोद सिन्हा हुए शामिल



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल स्थित सशस्त्र सीमा बल की 47वीं वाहिनी कैंप में वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक प्रमोद सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक प्रमोद सिन्हा ने रइ 47वीं वाहिनी के कमांडेंट संजय पांडेय से मुलाकात की और बल के जवानों के कार्यों की सराहना की। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि करीब 150 वर्ष पूर्व शुरू हुआ वन्दे मातरम् का उद्घोष आज भी देशवासियों को अपनी मिट्टी, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। यह नारा केवल शब्द नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण देखने को मिला। जवानों और उपस्थित लोगों ने राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। विधायक प्रमोद सिन्हा ने रइ के जवानों की सीमा सुरक्षा में निभाई जा रही भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके त्याग और समर्पण से देश सुरक्षित है।

# गाँधी मैदान में झंडोत्तोलन का किया गया अंतिम पूर्वाभ्यास





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गणतंत्र दिवस-2026 के अवसर पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह से पूर्व मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में झंडोत्तोलन का फुल ड्रेस पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण मुकेश कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेंद्र कुमार भारती,वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, सुश्री निधि कुमारी,सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय सुनील कुमार,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर मोतिहारी दिलीप कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पूर्वाह्न 9:00 बजे गांधी मैदान मोतिहारी में विजय कुमार चौधरी, माननीय मंत्री जल संसाधन विभाग बिहार सरकार सह प्रभारी मंत्री पूर्वी चंपारण के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का झंडोत्तोलन किया जाएगा एवं सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के साथ-साथ जिला के प्रगति के विषय पर जनता को संबोधित किया जाएगा। समाहरणालय परिसर 9:45 बजे, अनुमंडल कार्यालय सदर मोतिहारी में 10:10 बजे, नगर निगम मोतिहारी में 10:25 बजे,10:30 बजे गांधी संग्रहालय, 10:35 बजे जिला परिषद,10:40 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय, 10:50 बजे पुलिस केंद्र मोतिहारी में झंडोत्तोलन का कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। 11:20 बजे पूर्वाह्न में महादलित टोले में पदाधिकारी गण की उपस्थिति में तोले के बुजुर्ग व्यक्तियों के द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। गांधी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में कुल 11 प्लाटून परेड में भाग लेंगे जिसमें सीमा सुरक्षा बल के तीन प्लाटून, बीएमपी के एक प्लाटून, होमगार्ड का एक प्लाटून, सैप का एक प्लाटून, डीएपी का दो, एनसीसी सीनियर एक प्लाटून एवं स्काउट एंड गाइड के बच्चे भी परेड में भाग लेंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में जानकारीपरक, आकर्षक एवं लुभावनी झांकी निकाली जाएगी जिसमें कृषि विभाग प्राकृतिक खेती से संबंधित झांकी निकलेगा। महिलाओं के आर्थिक स्वालंबन से संबंधित झांकी जीविका के द्वारा निकाली जाएगी। शिक्षा विभाग बाल विवाह एवं दहेज प्रथा के विरुद्ध अभियान से संबंधित झांकी निकलेगा, उत्पाद विभाग के द्वारा शराब बंदी एवं शराब बंदी से संबंधित कठोरतम दंड से संबंधित झांकी निकाली जाएगी, परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा से संबंधित,आपूर्ति विभाग खाद्य सुरक्षा अधिनियम से संबंधित, स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं से संबंधित झांकी निकाली जाएगी। महिला विकास निगम एवं आईसीडीएस के द्वारा आंगनबाड़ी एवं महिलाओं के अधिकार से संबंधित झांकी निकालेगी, नगर निगम स्वच्छता अभियान पर आधारित झांकी निकलेगा वहीं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण जल जीवन हरियाली विषय पर सुंदर एवं मनमोहक झांकी निकलेगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर झांकियों का चयन कर पुरस्कृत किया जाएगा जिसके लिए उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण की अध्यक्षता में एक निर्णायक मंडल का गठन किया गया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर में स्थित सभी महापुरुषों के प्रतिमा पर पदाधिकारीगण के द्वारा सुबह में ही माल्यार्पण किया जाएगा।

CMYK

# विज्ञापन प्रदर्शनी मेला का सफल आयोजन डीइओ ने बच्चों का बढ़ाया हौसला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), गयाजी के द्वारा जहानाबाद जिला का जिला स्तरीय प्रदर्शनी मेला–2026 का भव्य आयोजन गौतम बुद्ध इंटर महाविद्यालय, जहानाबाद में किया गया। इस प्रदर्शनी मेले में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा गणित एवं विज्ञान विषयों पर प्रोजेक्ट आधारित लर्निंग (पीबीएल) के अंतर्गत तैयार किए गए नवाचारी और रचनात्मक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। डायट, गयाजी के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार शुक्ला के अध्यक्षता में डॉ गणेश प्रसाद साव वरीय व्याख्याता समन्वयक, गणेश शंकर विद्यार्थी व्याख्याता सह-समन्वयक, संजीत कुमार व्याख्याता संयोजक एवं चंद्रशेखर कुमार व्याख्याता सह-संयोजक के द्वारा प्रदर्शनी मेले की रूपरेखा तैयार कर, सफल आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी द्वारा बच्चों के प्रस्तुत प्रोजेक्ट्स को बारीकी से अवलोकन किया गया और उन्होंने उनकी रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच एवं प्रस्तुति कौशल की सराहना की। उक्त प्रदर्शनी मेला में प्रखंड स्तर पर चयनित गणित एवं विज्ञान विषय के एक-एक उत्कृष्ट प्रोजेक्टो के साथ कक्षा 6 से 8 के संबंधित विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुष्मिता भारद्वाज ने अतिथि के रूप में उपस्थित होकर प्रतिभागी बच्चों की हौसला अफजाई की तथा जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रोजेक्ट के चयन करने में अहम भूमिका निभाई। उक्त कार्यक्रम में मृदुला कुमारी, शिक्षक शिक्षा समन्वयक एवं जिला तकनीकी टीमों के सदस्यों का भी अहम भूमिका रही। आयोजित मेले में सामाजिक उपयोगिता को देखते हुए गणित विषय में प्रथम स्थान के लिए जानवर आश्रय प्रोजेक्ट उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीबीपुर, हिंदी तथा विज्ञान विषय में संरक्षित एवं सुरक्षित प्रोजेक्ट उत्क्रमित मध्य विद्यालय जहानाबाद उर्दू का चयन किया गया। चयनित प्रोजेक्टों एवं प्रतिभागी बच्चों को मोमेंटो, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। चयनित प्रोजेक्टों के साथ संबंधित विद्यार्थी 26 फरवरी, को होने वाले राज्य स्तरीय प्रदर्शनी मेले में प्रतिभाग करेंगे।अपने संबोधन में डीइओ सरस्वती कुमारी ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में तार्किक सोच, प्रयोगात्मक ज्ञान और आत्मविश्वास को विकसित करती हैं। उन्होंने शिक्षकों एवं आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि परियोजना आधारित शिक्षा बच्चों को किताबों से आगे ले जाकर व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ती है। प्रदर्शनी मेले में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल 'उलझन पढ़िए, समझिए, करिए, सीखिए, सुलझन' की अवधारणा को साकार करते नजर आए। कार्यक्रम के सफल आयोजन से शिक्षा जगत में उत्साह का माहौल देखा गया और अभिभावकों व शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद**। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राज्य संपोषित इंटर बालिका विद्यालय, जहानाबाद में जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन के तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, समान अवसर तथा उनके सशक्तिकरण के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान जिला परियोजना प्रबंधक प्रियंका सिंह ने उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाएं समाज की मजबूत नींव हैं। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की बात कही। इस अवसर पर लैंगिक मामलों के विशेषज्ञ शैलेश कुमार, द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने आमजन से अपील किया कि बाल विवाह से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना महिला हेल्पलाइन 181 अथवा जिला प्रशासन को तुरंत दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में केंद्र प्रशासक ज्योत्सना कुमारी, केस वर्कर अंजुशा कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। सभी उपस्थित लोगों ने बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, घोषी मे प्रखंड विकास पदाधिकारी, घोसी सरिता कुमारी की अध्यक्षता मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, घोषी की छात्राओं ने बालिकाओं के अधिकार, उत्थान उनके विकास कैसे किया जाए, जिसपर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति कर आमजनों को संदेश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी, घोषी द्वारा भी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, घोषी की छात्राओं की शिक्षा प्राप्त करने तथा अपने जीवन का उत्थान कर एक मुकाम हासिल करने का अपील की।

# झंडोत्तोलन की समय सारिणी निर्धारित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। मदनपुर प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य की अध्यक्षता में झंडोत्तोलन को लेकर बैठक की गई। बैठक में सरकारी कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाने को लेकर समय निर्धारित किया गया।



बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर विभिन्न सरकारी कार्यालयों में झंडोतोलन को लेकर समय निर्धारित कर दी गई है। गणतंत्र दिवस की तैयारी जोरो पर है। इस बार झंडोतोलन की शुरुआत प्रखंड कार्यालय से की जायेगी। प्रखंड कार्यालय में सुबह 9.05 मिनट, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में 9.15, अंचल निरीक्षक कार्यालय में 9.20, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा 9.25, व्यापार मंडल 9.30, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय -9.35, प्रखंड संसाधन केंद्र में 9.40, बाल विकास परियोजना कार्यालय में 9.45, पशु चिकित्सालय में 9.50, मदनपुर थाना परिसर 10.00, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 10.10, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में 10.20, अनुग्रह उच्च विद्यालय में 10.30, पंचायत सरकार भवन में 10.45 बजे, प्रियंका स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 10.55 बजे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने की दिशा में जीविका महत्वपूर्ण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। सदर प्रखंड अंतर्गत ओरा अवस्थित नागरिक सुविधा केंद्र में प्रस्तावित जीविका कटिंग सेंटर का निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जीविका दीदियों से संवाद स्थापित किया गया तथा उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों, रोजगार सृजन की वर्तमान स्थिति एवं जीविका योजना अंतर्गत क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने जीविका दीदियों द्वारा



किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर प्रयास एवं प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि जीविका जैसी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# पीएम स्वनिधि योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को योजना की विशेषताओं, लाभ और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 जनवरी 2026 को केरल के तिरुवनंतपुरम से पीएम स्वनिधि योजना के तहत देशभर के एक लाख से अधिक लाभार्थियों को ऋण वितरण एवं क्रेडिट कार्ड सुविधा का शुभारंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य छोटे व्यापारियों, ठेला-खोमचा तथा रेहड़ी-पटरी लगाने वाले श्रमिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम स्वनिधि योजना स्वरोज़गार से जुड़े लोगों के जीवन में स्थायित्व और सम्मान ला रही है। यह योजना न केवल उन्हें आर्थिक मजबूती प्रदान कर रही है, बल्कि उनके व्यवसाय के विस्तार के नए अवसर भी खोल रही है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि नगर पंचायत रफीगंज क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों को इस योजना का सीधा लाभ मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर छोटे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम में नगर पंचायत के सीएमएम गौतम कुमार, चेयरमैन मिरिख दरखशा, उपाध्यक्ष आरती देवी, वार्ड पार्षद राजू मिश्रा, फुटपाथ दुकानदारों सहित नगर पंचायत कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने योजना को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसे गरीब एवं मेहनतकश वर्ग के स्वाभिमान और आर्थिक सशक्तिकरण की नई राह करार दिया।

# राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय जहानाबाद में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

## प्लेसमेंट ड्राइव से 32 छात्रों को मिला रोजगार का अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। हुलासगंज विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय जहानाबाद में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक विशेष प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। 12 जनवरी से 14 जनवरी 2026 तक निर्धारित इस अभियान में कंपनियों की भारी रुचि को देखते हुए इसका विस्तार 21 जनवरी तक किया गया था। इस प्लेसमेंट ड्राइव में महाविद्यालय के कुल 88 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद 32




छात्रों का चयन सुनिश्चित हुआ। अब तक कुल पांच कंपनियों बेस्स्किल, लॉन्चेड रीनेक्स उपस्बंक ने अपनी प्रक्रिया पूरी कर ली है, जबकि 28 जनवरी 2026 तक 3 और कंपनियों के आने की संभावना है। इस पूरे प्लेसमेंट अभियान का सफल संचालन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर सुधीर कुमार एवं असिस्टेंट टीपीओ अलका रंजन के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. द्वारिका दास नीमा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने टीपीओ सेल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विभाग के सहयोग से महाविद्यालय निरंतर छात्रों को बेहतर करियर अवसर प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इस सफलता से महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों में अत्यंत उत्साह का वातावरण है।

# दो शराब तस्कर दोषी करार, सजा पर 27 जनवरी को होगी सुनवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। शनिवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद स्थित विशेष उत्पाद न्यायालय दो ने दाउदनगर थाना कांड संख्या 371/21 और एटीआर 174/22 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए दो अभियुक्तों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2018 की धारा 30(ए) के तहत दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 27 जनवरी 2026 की तिथि निर्धारित की गई है। विशेष लोक अभियोजक कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि अभियुक्त सबीन कुमार, निवासी अहियापुर, हसपुरा और राजेश कुमार, निवासी तरार, दाउदनगर को शराब लाने, बेचने और आपूर्ति करने के आरोप में 5 जुलाई 2021 को राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर कुर्बान बिगहा, मुस्लिमाबाद, दाउदनगर से गिरफ्तार किया गया था। इस मामले के सूचक अरविंद कुमार गौतम, पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष दाउदनगर थे। जप्ती सूची के अनुसार मामले में 333.5 लीटर अवैध शराब की बरामदगी हुई थी। उत्पाद विभाग के अभियोजन पदाधिकारी राजीव रंजन सिंह ने बताया कि अभियुक्त सबीन कुमार पिछले निर्णय की तिथि पर फरार हो गया था, जिसके बाद उसका बंधपत्र विखंडित कर गैर जमानती वारंट जारी किया गया। इसके तहत 8 जनवरी 2026 को उसे गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरे अभियुक्त राजेश कुमार उर्फ बबलू डॉन का बंधपत्र शनिवार को विखंडित कर उसे जेल भेज दिया गया। मामले में दोनों दोषी अभियुक्तों को मंगलवार को सजा सुनाई जाएगी।

# कर्पूरी ठाकुर का जीवन सादगी और इमानदारी की मिशाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जहानाबाद में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय नाई संघ की ओर से ठाकुरबाड़ी स्थित कर्पूरी भवन में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राजद के जिला अध्यक्ष महेश ठाकुर ने बताया कि अखिल भारतीय नाई संघ पिछले कई वर्षों से जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाता आ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 से इस अवसर पर मेघा छात्र प्रतियोगिता



की भी शुरुआत की गई है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 8वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को अखिल भारतीय नाई संघ की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है, जिससे कि विद्यार्थियों का मनोबल और शैक्षणिक स्तर दोनों को बढ़ावा मिले। इस दौरान दिनेश ठाकुर ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में जननायक थे। वे दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन उनके ऊपर कभी भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा। उन्होंने हमेशा शोषित, पिछड़े और दलित समाज की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए संघर्ष किया और उन्हें न्याय दिलाने का काम किया। महेश ठाकुर ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जैसा ईमानदार और सादा जीवन जीने वाला नेता आज के दौर में मिलना बेहद मुश्किल है। उन्होंने एक मिसाल देते हुए कहा कि बिहार का मुख्यमंत्री रहने के बावजूद कर्पूरी ठाकुर अपना निजी घर तक नहीं बनवा सके। उन्होंने कहा कि हम सभी को कर्पूरी ठाकुर के जीवन, सादगी और ईमानदारी से प्रेरणा लेकर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

# 160 लीटर स्प्रिट बरामद, 1768 बोतल व 1016 ढक्कन, मोटरसाइकिल जब्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के बहादुर गांव में पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में सामग्री बरामद की है। गांव के बरगद पेड़ के पास पुआल के नीचे छिपाकर रखी गई 160 लीटर स्प्रिट, 1768 खाली बोतलें, 1016 ढक्कन, शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण तथा एक मोटरसाइकिल (संख्या– जेएच 03 एम 8996) को जब्त किया गया।
इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि



बहादुरपुर गांव में अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर शंभू कुमार, एस.आई. कुशो कुमार, धुरुब कुमार एवं ए.एस.आई. बावनजीत कुमार शामिल थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उक्त सभी सामग्री बरामद की। मामले में जांच के बाद अवैध शराब कारोबार से जुड़े आरोपितों की पहचान कर उन्हें नामजद किया गया है। बौर जाखिम गांव निवासी बिरन पासवान, छोटू कुमार, कजपा जाखिम गांव निवासी सुनील कुमार,
बौर जाखिम गांव निवासी रवि कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन को लेकर शिक्षा विभाग ने लिया तैयारियों का जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जिले में इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के सफल और शांतिपूर्ण संचालन को लेकर शिक्षा विभाग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी सिलसिले में जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी ने कार्यालय के सभा कक्ष में जिले के सभी केंद्राधीक्षकों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि आगामी इंटर परीक्षा को पूरी तरह कदाचारमुक्त और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान परीक्षा की गरिमा बनाए रखने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने निर्देश दिए कि केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी




ली जाएगी। केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर या किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सरस्वती कुमारी ने केंद्राधीक्षकों को स्पष्ट किया कि परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से पहले ही परीक्षार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित कराया जाए और देरी से आने वालों को अनुमति न दी जाए। इसके साथ ही, जिले के सभी संवेदनशील केंद्रों पर सीसीटीवी और वीडियोग्राफी के जरिए निगरानी रखने की बात कही गई, ताकि किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोका जा सके। अनुशासन के साथ-साथ छात्रों की सुविधा का ख्याल रखते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, प्रकाश की समुचित व्यवस्था और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि वीक्षकों की भूमिका इस दौरान सबसे महत्वपूर्ण होगी, इसलिए वे पूरी निष्ठा से अपनी ड्यूटी निभाएं। अंत में, उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया ताकि जहानाबाद जिले में परीक्षा का सफल और शांतिपूर्ण समापन हो सके।

# अपनी संतानों के सभी प्रकार के कष्टों को हर लेती हैं माता बगलामुखी

## घेऊरा गांव में हो रहा गुप्त नवरात्र पूजन एवं मां बगलामुखी यज्ञ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। कुटुंबा प्रखंड के घेऊरा गांव में मां दुर्गा नीलकंठ महादेव बजरंग बली मंदिर प्रांगण में 19 से 27 जनवरी तक गुप्त नवरात्र पूजन एवं मां बगलामुखी हवनात्मक यज्ञ चल रहा है। पंचम दिन मां दुर्गा एवं समस्त देवी देवताओं को छप्पन भोग लगाया गया और महाआरती किया गया। सभी श्रद्धालु भक्त शामिल हुए और प्रसाद लिया। साधक कन्हैया पांडेय ने बताया कि माता बगलामुखी अपनी संतानों की सभी प्रकार के कष्टों को हर लेती है और घर में सभी प्रकार के विजय मिलती है। लक्ष्मी का स्रोत मिलना शुरू हो जाता है। उन्होंने बताया कि कामाख्या मंदिर के अग्नि कोण



पर कामाख्या देवी ही बगला नाम से विख्यात है बगला देवी का पीठ स्थान एक विशाल परस्त खंड के ऊपर अवस्थित है। संरक्षक आचार्य पंडित केदार पांडेय ने बताया कि मां बगला मुखी के मंत्र के द्वारा हवन करने से घर में धन धान्य के वृद्धि होता है। आचार्य श्रीराम प्रवेश मिश्र ने बताया कि मां दुर्गा के पूजन करने वाले भक्त को हर मनसा की पूरी होती है। आचार्य पंडित मनीष पांडेय ने बताया कि साधन ही शरीर को पुष्ट बनाता है। साधक के गुरुदेव आचार्य पंडित अजय मिश्रा ने बताया कि यज्ञ पूजन जिस गांव में होती है तो उस हर प्रकार की कष्ट चला जाता और परिवार में खुशहाली प्राप्त होती है।
मौके पर पूर्व बीडीओ भैरवनाथ पाठक, पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह, ठेकेदार अनुज कुमार सिंह, अधिवक्ता संजय सिंह, दिलीप सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, कृष्णा शर्मा, रामलाल विश्वकर्मा, कृष्णा पासवान, मुकेश पासवान, मटुक शर्मा, पूर्व मुखिया कामता यादव, यज्ञ अध्यक्ष तीर्थनाथ पासवान, जगत सिंह आदि मौजूद रहे।

# मौजूदा दौर में अंग्रेजी व कंप्यूटर ज्ञान अति आवश्यक







नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के न्यू एरिया राजा बगीचा स्थित एआरसीसी क्लासेस में बिहार सरकार द्वारा संचालित कुशल युवा कार्यक्रम के जनवरी 2026 बैच का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केवाईपी में नामांकित छात्र-छात्राओं के बीच अध्ययन सामग्री एवं किताबों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मौजूदा दौर में कंप्यूटर की जानकारी के बिना जीवन अधूरा है। आज के तकनीकी युग में रोजगार प्राप्त करने के लिए डिजिटल ज्ञान अत्यंत आवश्यक हो गया है। कुशल युवा कार्यक्रम के माध्यम से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। बताया गया कि यह तीन माह का प्रशिक्षण कोर्स है, जिसमें विद्यार्थियों को स्पोकन इंग्लिश, कंप्यूटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं अन्य आधुनिक तकनीकी विषयों की जानकारी दी जाती है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए तैयार करना है।

# सम्मान समारोह में सासाराम पहुंचे संजय सरावगी, विपक्ष पर जमकर बरसे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** बिहार भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी शनिवार को सासाराम पहुंचे। शहर के रौजा रोड स्थित बाल विकास के मैदान में संजय सरावगी के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, एमएलसी निवेदिता सिंह, एमएलसी संतोष सिंह, विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, पूर्व विधायक ललन पासवान सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

**भाजपा के लिए कार्यकर्ता सर्वोपरि**

समारोह को संबोधित करते हुए संजय सरावगी ने कार्यकर्ताओं में खूब जोश भरा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत से शीर्ष पदों तक पहुंच सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी संघ के सामान्य प्रचारक थे, राजनाथ सिंह ने मंडल अध्यक्ष और अमित शाह ने बूथ अध्यक्ष के रूप में राजनीति शुरू की थी। इसके अलावा नितिन नवीन ने भी सामान्य कार्यकर्ता से राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का सफर तय किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा के लिए परिवारवाद नहीं, बल्कि संगठन व कार्यकर्ता सर्वोपरि है।

**विपक्ष पर साधा निशाना**

सरावगी ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता जाति और संप्रदाय की राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ काम करते हैं। उन्होंने धारा 370 को हटाने जैसी ऐतिहासिक उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता के सामने एक तरफ विकास का मॉडल था और दूसरी तरफ विनाश का। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले सरकार में घोटालेबाज एवं अपराधी किस्म के लोग मंत्री और विधायक हुआ करते थे। शोरूम से गाड़ियां उठा ली जाती थीं, लेकिन किसी को पैसे मांगने की हिम्मत नहीं होती थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सह शाहाबाद प्रभारी शम्भू शरण, अशोक भट्ट, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, सत्य नारायण पासवान, ब्रिजेश सिंह, पूर्व विधायक सत्य नारायण यादव, पूर्व विधायक ब्रजेश तिवारी, राजेश रंजन, संदीप सोनी, डॉ शिवनाथ चौधरी, संतोष कुमार, डॉ प्रीति पाण्डेय, रोहित राज, सुनील कुमार, जिला प्रभारी हिमांशु चतुर्वेदी, अजय यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष मदन प्रसाद वैश्य, सुशील कुमार चन्द्रबंशी, शीला सिंह, सुनील कुमार, कमलेश कुमार सिन्हा, संजय कुमार तिवारी, दीपक कुमार राय, मनोज कुमार, मंगलनन्द पाठक, अरुण कुमार पांडेय, प्यारेलाल ओझा, अशोक साह, शीला सिंह, प्रतिभा पल्लवी तथा सभी भाजपा के जिला पदधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष, बूथ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में पुरातन वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डिहरी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का सासाराम जाने के क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग पाली के निकट, भाजपा के नेताओं ने घोड़ा, गाजे-बाजे तथा फूलों का बड़ा माला से भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष डिहरी शहर होते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान में हो रहे कार्यक्रम के लिए सासाराम प्रस्थान किए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने जननायक कर्पूरी ठाकुर तथा बाबा डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्वागत करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, पूर्व मंत्री संविधान परिषद संतोष सिंह, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता, पूर्व विधायक राजेश्वर राज, सत्यनारायण यादव, ललन पासवान, भाजपा प्रदेश कर समिति सदस्य अखिलेश सिंह, आनंद सिंह, प्रशांत सिंह, अभिनव कला संगम के अध्यक्ष संतोष सिंह, युवा मोर्चा के अमित कुमार पटेल, आनंद पांडेय, अजय यादव, निर्दोष पांडे, कुंवर सिंह, सभी मंडल अध्यक्ष सहित काफी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष का डिहरी शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया। स्टेट बैंक के निकट अशोक सरावगी, बिनोद कुमार सिंह, डॉ नवीन नटराज, पप्पू सिंह, बबल कश्यप, अमित सरावगी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जेडीयू कार्यालय भभुआ में कर्पूरी ठाकुर जयंती मनाई गई

**2005 से अब तक बिहार का हो रहा विकास : वशिष्ठ सिंह**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ (कैमूर)।** शहर स्थित जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कार्यालय में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल एवं मंच का संचालन भभुआ प्रखंड अध्यक्ष मनीष पटेल ने किया। इस अवसर पर पूर्व परिवहन मंत्री संतोष निराला और करगहर विधायक वशिष्ठ सिंह सहित सैकड़ों जदयू कार्यकर्ता, पदाधिकारी और आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कर्पूरी ठाकुर के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया। पूर्व मंत्री संतोष निराला ने बताया कि जनता दल यूनाइटेड प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाती है। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में जिला मुख्यालयों पर संगठन स्तर पर यह समारोह आयोजित किया जा रहा है। निराला ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कर्पूरी ठाकुर के अधूरे सपनों को पूरा करने वाला बताया। उनके अनुसार नीतीश कुमार के नेतृत्व में समाज के हर तबके को न्याय, पिछड़े-दलित वर्गों का उत्थान, समान अवसर और समुचित आरक्षण की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि 2005 से अब तक मुख्यमंत्री की ऊर्जा और समर्पण से बिहार का विकास हो रहा है। करगहर विधायक वशिष्ठ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने जाति और परिवार से ऊपर उठकर बिहार के विकास के लिए कार्य किया।

# आपन माटी, आपन बिहार थीम पर वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**तिलौथू (रोहतास)।** इंद्रपुरी स्थित आयुष मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और सांस्कृतिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष के कार्यक्रम की थीम 'आपन माटी, आपन बिहार' रही जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और सामाजिक मूल्यों को प्रभावशाली मंचीय प्रस्तुतियों द्वारा जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना से हुआ। इसके पश्चात छात्रों ने लोक नृत्य, लोक गीत, नाटक एवं सांस्कृतिक झांकियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छठ पूजा, आपन बिहार पर सम्पूर्ण वेश भूषा में प्रस्तुत कर ग्रामीण जीवन की सजीव झलक तथा बिहार की लोक कलाओं की प्रस्तुतियों को उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने खूब सराहा। विद्यालय के निदेशक दीपक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में संस्कृति के प्रति सम्मान, आत्मगौरव और सामाजिक चेतना का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुमंडलाधिकारी निलेश कुमार, विशिष्ट अतिथि ओमजी, विधि संघ के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी सहित समीर कुमार एवं जंगलेश प्रसाद चौरसिया, ददन रजक की गरिमामयी उपस्थिति रही जिनके मार्गदर्शन से कार्यक्रम की शोभा और बढ़ गई।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस धूमधाम से मना




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित किए गए कई तरह के कार्यक्रम। शुक्रवार को अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय काराकाट जयश्री के प्रांगण में धूमधाम से राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाई गई। बताया गया कि इसकी शुरुआत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2008 में मनाई गई थी। 24 जनवरी को ही हमारे पूर्व महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 24 जनवरी 1966 को शपथ ली थी। इस कार्यक्रम के द्वारा एक प्रेरणा दिया गया कि समानता व सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, उज्ज्वल भविष्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ इत्यादि को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इस मौके पर वार्डेन गुड़िया पांडेय, नादिदा खातून, अनिता कुमारी, रीना सिंह, छात्रा पूनम कुमारी, रौशनी कुमारी, काजल कुमारी, छोटी कुमारी, रविता कुमारी, रंजनी कुमारी, ऊषा कुमारी सहित अन्य सभी विद्यालय कर्मी एवं परिवार उपस्थित रहे।

# यूजीसी कानून के अस्तित्व में आने के खिलाफ मानवता सेवा संघ ने किया विरोध प्रकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** केंद्र सरकार के द्वारा यूजीसी कानून के अस्तित्व में आने के खिलाफ मानवता सेवा संघ ने विरोध प्रकट किया और इस संबंध में मानवता सेवा संघ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि यूजीसी द्वारा सामान्य वर्ग के हितों के विरुद्ध बनाए जा रहे कानूनों और भेदभाव को रोका जाय अन्यथा संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। बताया गया कि हमलोग भी इस देश का एक जागरूक नागरिक और सामान्य वर्ग का सदस्य, इस विज्ञप्ति के माध्यम से अत्यंत क्षोभ और आक्रोश व्यक्त करते हैं। हाल ही में यूजीसी द्वारा शिक्षा और नियुक्तियों के संदर्भ में जो नीतियां और कानून प्रस्तावित किए जा रहे हैं वे सामान्य वर्ग के युवाओं के भविष्य पर सीधा प्रहार है। कहा गया कि एक तरफ आपकी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा देती है, वहीं दूसरी तरफ 'एक देश, एक कानून' की बात को हाशिए पर रखकर केवल सामान्य वर्ग पर ही कड़े नियमों का बोझ लादा जा रहा है। शिक्षा और नौकरियों में योग्यता को दरकिनार कर सामान्य वर्ग के प्रति जो दमनकारी नीतियां अपनाई जा रही हैं उससे सामान्य वर्ग का युवा खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

**समान कानून की अनदेखी:** जब हम एक राष्ट्र हैं तो शिक्षा और प्रगति के अवसर सबके लिए एक समान क्यों नहीं हैं? सामान्य वर्ग का वोट केवल सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि न्याय पाने के लिए भी है। हर राजनीतिक दल ने सामान्य वर्ग को केवल एक 'वोट बैंक' समझा है। हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि यदि हमारी बिरादरी के हितों की रक्षा नहीं हुई तो हम अपना समर्थन वापस लेने में संकोच नहीं करेंगे।

# डीआईजी ने प्रशिक्षु दारोगा को पढ़ाया कर्तव्य पाठ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआईजी डा. सत्यप्रकाश ने प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी, संवेदनशीलता और अनुशासन के साथ करने का निर्देश दिया।

डीआईजी शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 2023 में नियुक्त 39 प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों को कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा और जिम्मेदारी का कार्य है। उन्होंने प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों को आधुनिक पुलिसिंग, मानवाधिकार, साइबर अपराध, सामुदायिक पुलिसिंग एवं आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। डीआईजी ने अनुशासन, ईमानदारी, धैर्य, संवेदनशीलता और कानून के प्रति निष्ठा को पुलिसकर्मी के मूल गुण बताया। उन्होंने अपराध की रोकथाम के साथ ही भारतीय न्याय संहिता के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कहा कि पुलिस का दायित्व केवल कानून का पालन करना ही नहीं बल्कि आम नागरिकों के साथ संवेदनशील व्यवहार और निष्पक्ष कार्य प्रणाली सुनिश्चित करना भी है।

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर पेंटिंग एवं क्विज कम्पीटिशन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस 2026 के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता एवं क्विज कम्पीटिशन एवं जागरूकता कार्यक्रम तथा हस्ताक्षर अभियान का आयोजन राजकीय कृत मध्य विद्यालय फजलगंज, सासाराम में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला मिशन समन्वयक फरहत दुर्रानी एवं केंद्र प्रशासक, आफरीन तरनुम, वन स्टॉप सेंटर द्वारा छात्राओं को मुख्य रूप से बालिकाओं, बेटियों के महत्व, समान अधिकार, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र तथा महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ, कुमारी मेघा द्वारा किया गया जिसमें छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, सही निर्णय लेने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल की बालिकाओं के साथ स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण एवं 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत का शपथ सभी बालिकाओं को दिलाया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिला मिशन समन्वयक, डॉ फरहत दुर्रानी द्वारा सभी छात्राओं को बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता देने एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा देने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि शिक्षित और सशक्त बेटी ही सशक्त समाज और राष्ट्र की नींव है। पेंटिंग प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लोगो युक्त स्कूल बैग एवं मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया एवं सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को अल्पाहार दिया गया।

# जिला सैनिक कल्याण बोर्ड रोहतास में लीगल एडवाइजरी सेवा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, डिहरी ऑन-सोन परिसर में डिहरी अनुमंडल न्यायायिक पदाधिकारी रजत दीप द्वारा लीगल एडवाइजरी सेवा का विधिवत उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के मामलों के त्वरित निपटारे हेतु यह महत्वपूर्ण सेवा आरंभ हो गई है। इस पहल के अंतर्गत सैनिकों को किसी भी प्रकार की प्रताड़ना, प्रशासनिक दबाव अथवा कानूनी जटिलताओं से संबंधित मामलों में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा जिससे उन्हें न्याय प्राप्त करने में सुविधा हो सके। यह उल्लेखनीय उपलब्धि जिला सैनिक कल्याण बोर्ड रोहतास में तैनात कर्नल अजय कुमार सिन्हा के अथक प्रयासों का प्रतिफल है। उनके निरंतर प्रयासों और सक्रिय भूमिका से यह व्यवस्था साकार हो पाई है जिससे जिले के सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों को अब त्वरित एवं प्रभावी कानूनी सहायता उपलब्ध हो सकेगी। इस सेवा के प्रारंभ होने से न केवल कानूनी प्रक्रियाएं सरल होंगी, बल्कि सैनिकों के अधिकारों की रक्षा भी और अधिक सशक्त होगी। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों ने इसे एक सराहनीय और दूरदर्शी कदम बताया है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर एसपी के नेतृत्व में किया गया पूर्वाभ्यास



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूरे जोश के साथ चल रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने न्यू फजलगंज स्टेडियम सासाराम में झंडोत्तोलन और परेड का पूर्वाभ्यास किया। पूर्वाभ्यास में परेड के दौरान पुलिसकर्मियों ने सलामी दी। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। 26 जनवरी को जिला मुख्यालय सासाराम के न्यू फजलगंज में मुख्य समारोह सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी स्थित जन नायक कर्पूरी ठाकुर चौक पर उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय नाई महासभा सहित विभिन्न संगठनों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने 102 वां जन्म जयंती समारोह श्रद्धा और सम्मान पूर्वक मनाया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने जीवन भर गरीबों, वंचितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। वे सादगी, ईमानदारी और सिद्धांतों की राजनीति के प्रतीक थे। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक विषमता दूर करने तथा पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर का जीवन आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार और आदर्श सदैव समाज को दिशा दिखाते रहेंगे। जयंती के अवसर पर सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के संकल्प को दोहराया गया। विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर अपने विचारों और सिद्धांतों के आधार पर आज भी हमारे बीच अमर है उनका व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी अनुकरणीय है। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में राष्ट्रीय नाई महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण शर्मा, नगर अध्यक्ष धनंजय शर्मा, राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, श्याम बिहारी राम, भैया राम भारती, असलम कुरैशी, अख्तर अंसारी, अनुज कुशवाहा, बबल कश्यप, रवि शर्मा, नारायण ठाकुर, कन्हाई ठाकुर, उमेश ठाकुर, दीपक शर्मा, धनंजय यादव, कुंवर सिंह, विमल सिंह, जितेंद्र ठाकुर सहित विभिन्न दलों व विभिन्न संगठनों के लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।


**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**

**e-Procurement Notice**
**(Short Notice)**

**Tender Ref. No.-27/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26 Date: 22.01.2026**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | **Proposed Construction of Integrated Public Health Laboratory (IPHL) at Palamu (Part A)** | **88,69,000.00** | **09 Months** |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 6-02-2026 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 13-02-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 16-02-2026 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vi | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

• इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

**Nodal Officer,**
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Daltonganj

PR 371560 Building(25-26)D


# सरस्वती पूजा पर आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन

## अखंड कीर्तन से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार : आनंद सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। स्कूल के निदेशक आनंद सिंह ने कीर्तन मंडली को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने के उपरांत कहा कि सरस्वती पूजा के दिन अखंड कीर्तन से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है जिससे नकारात्मक शक्तियां दूर रहती हैं। उन्होंने कहा कि अखंड हरि कीर्तन का धार्मिक, मानसिक और सामाजिक–तीनों स्तरों पर विशेष महत्व है। इससे मां सरस्वती की विशेष कृपा प्राप्त होती है जिससे विद्या, बुद्धि, स्मरण शक्ति और विवेक का विकास होता है। साथ ही मन की अशुद्धियां दूर होकर आत्मिक शांति मिलती है। वहीं सोन राइजिंग स्कूल के निदेशक प्रशांत सिंह ने कहा कि सरस्वती पूजा के दिन अखंड कीर्तन का विशेष महत्व है। कीर्तन में मंत्र और नाम-स्मरण से एकाग्रता बढ़ती है जो विशेषकर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे तनाव, चिंता और मानसिक थकान में कमी आती है तथा संगीतात्मक भक्ति से मन प्रसन्न रहता है और सृजनात्मकता में वृद्धि होती है। स्कूल के संयुक्त निदेशक गिन्नी सिंह ने कहा कि अखंड कीर्तन से युवा पीढ़ी में संस्कार और धार्मिक चेतना का विकास होता है। इसके माध्यम से गांव और मोहल्ले में शांति व सद्भाव का वातावरण बनता है। पारंपरिक मान्यता है कि सरस्वती पूजा के दिन हरि कीर्तन करने से विद्या में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और परीक्षा व जीवन के कार्यों में सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि अखंड हरि कीर्तन विद्या, भक्ति और सद्भाव का सुंदर संगम है। स्कूल के स्टाफ नागदेव सिंह के नेतृत्व में आयोजित अखंड कीर्तन में इन्द्रपुरी दूधमी, डिहरी के गायक सूरज नाथ यादव, लखन चौधरी, गोधन सिंह, अनिल यादव, बाल सिंह, सुनील सिंह, बलजीत यादव, वीरेंद्र सिंह सहित अन्य कलाकारों ने बारह घंटे तक हरे रामा-हरे कृष्णा और भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल राज नारायण सिंह, जूनियर प्रिंसिपल प्रेमलता शर्मा, बादल गुरु, अरुण कुमार, उपनिदेशक रंजन कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू**
**समाहरणालय भवन ब्लॉक-सी, कमरा नं०-09, मेदिनीनगर**
ई-मेल- jepcpalamau1@gmail.com & jepcpalamau@rediffmail.com

**आम सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, रॉंची के पत्रांक ME/01/1183/2023/37, दिनांक 05.01.2026 के द्वारा जिले के 3 उत्कृष्ट विद्यालयों (CM SoE) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विद्यालयवार बच्चों के नामांकन के लिए सुयोग्य छात्र/छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किया जाता है, जो निम्नवत हैः-

| क्रम सं० | विद्यालय का नाम | वर्ग | | | | कक्षा-11 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कक्षा-06 | कक्षा-07 | कक्षा-08 | कक्षा-09 | कला | विज्ञान | कॉमर्स |
| 01 | CM SoE (जिला स्कूल, डालटनगंज) | 80 | 02 | 00 | 48 | 45 | 90 | 45 |
| 02 | CM SoE रा० बालिका उच्च वि०,(के०जी०) डालटनगंज। | 40 | 04 | 00 | 80 | 40 | 40 | 40 |
| 03 | CM SoE क०गां०बा०वि० चैनपुर। (केवल बालिका हेतु) | 25 | 08 | 10 | 04 | 00 | 00 | 00 |

पलामू जिला में निवास करने वाले सभी ईच्छुक छात्र/छात्राओं तथा उनके अभिभावकों/माता-पिता से अनुरोध है कि दिनांक 24.01.2026 से 16.02.2026 के अपराह्न 5:00 बजे तक आवेदक अपना आवेदन ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन मोड में राज्य परियोजना द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के अनुरूप कर सकते है। नामांकन हेतु https://evidyavahini.jharkhand.gov.in/studentAdmission के पोर्टल पर वांछित अभिलेखों के साथ किया जा सकेगा। आवेदन संबंधित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय से नामांकन प्रपत्र प्राप्त कर ऑफलाईन मोड में भी संबंधित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में जमा किया जा सकता है। आवेदन प्रपत्र जिले के वेबसाईट https://Palamu.nic.in से डाउनलोड़ कर प्राप्त किया जा सकता है। नामांकन हेतु अभिभावक उपरोक्त सभी विद्यालय से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह- जिला कार्यक्रम पदाधिकारी**
**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू**

**PR 371555 District(25-26)#D**

# पर्यटन के लिए विकसित किया जाएगा कनबेहरी तालाब

## डीएम ने स्थल निरीक्षण कर दिये कई निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड अंतर्गत कनबेहरी ग्राम स्थित तालाब का स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। यह निरीक्षण उक्त तालाब को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने की संभावनाओं के आकलन के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा तालाब की वर्तमान भौतिक स्थिति, जल क्षेत्र का विस्तार, तालाब तक पहुँचने हेतु उपलब्ध संपर्क पथ, प्राकृतिक सौंदर्य तथा आसपास विद्यमान आधारभूत संरचनाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया। साथ ही तालाब के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता व्यवस्था, पर्यटक सुविधाओं के विकास एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा तालाब परिसर में निर्माणाधीन सीढ़ी एवं वॉकिंग ट्रैक का भी निरीक्षण किया गया तथा कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## डीएम ने उच्च विद्यालय ओरा की मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय ओरा एवं मध्य विद्यालय ओरा का निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, कक्षा संचालन, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षकों की नियमितता एवं विद्यालय की आधारभूत

### एमडीएम की ली जानकारी

संरचनाओं का जायजा लिया गया। साथ ही विद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में संचालित मध्याह्न भोजन योजना (मिड डे मील) की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, निर्धारित मेनू के अनुपालन एवं बच्चों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को योजना का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अत्याधुनिक लैब एवं लाइब्रेरी स्थापित करने का निर्देश दिया गया, ताकि छात्र-छात्राओं को आधुनिक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में सतत सुधार सुनिश्चित करने को कहा गया।

## विधिक सेवा से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार शनिवार को पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकारों के अध्यक्षों, सचिवों, जिला पदाधिकारियों तथा पारा विधिक स्वयंसेवकों के साथ एक महत्वपूर्ण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में आज जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा अपने कार्यालय कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान विधिक सेवा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

# मरांची में मुख्यमंत्री झंडोत्तोलन कार्यक्रम को लेकर डीएम ने की ब्रीफिंग

## 32 जगहों पर पुलिस व दंडाधिकारियों की हुई तैनाती



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड के अकौना पंचायत के मरांची गांव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जिसकी तैयारियां जोरों पर की जा रही है। ऐसे में शनिवार को कार्यक्रम स्थल पर जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन, सीनियर एसपी कार्तिकेय शर्मा, उप विकास आयुक्त श्रीकांत ने संयुक्त रूप से सभी पदाधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की गई। पदाधिकारियों को उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था तथा सुचारू यातायात प्रबंधन हेतु सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहने का निदेश दिया गया। मरांची गांव एवं आसपास 32 विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को तैनाती किया गया है। बहरहाल मरांची गांव में आगामी गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री के समक्ष सिद्धेश्वर मांझी झंडातोलन कार्यक्रम करेंगे। ब्रीफिंग के दौरान एसडीएम मसौढी अभिषेक कुमार समेत सभी विभागों के पुलिस पदाधिकारी सम्मिलित रहे।

# रोको-टोको अभियान के तहत वाहन चालकों को किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद।** यातायात नियमों के प्रति जन- जागरूकता बढ़ाने तथा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिले में सड़क सुरक्षा माह 2026 का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को जिले के पुरानी जीटी रोड पर रोको-टोको अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था। अभियान के दौरान विशेष रूप से उन दोपहिया वाहन चालकों को चिन्हित कर रोका गया, जो वाहन परिचालन के दौरान हेलमेट का प्रयोग नहीं कर रहे थे। हेलमेट का उपयोग नहीं करने वाले चालकों को रोककर उन्हें गेंदा फूल की माला पहनाकर जागरूकता स्वरूप सम्मानित किया गया तथा निःशुल्क हेलमेट प्रदान किए गए। साथ ही संबंधित चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व एवं इसके लाभों के संबंध में जानकारी दी गई तथा भविष्य में सदैव हेलमेट पहनकर वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ भी दिलाई गई। इस अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष सिंह, हितेश कुमार, गौरव पाण्डेय, प्रवर्तन अवर निरीक्षक सहित परिवहन विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई कि वे यातायात नियमों का अक्षरशः पालन करें तथा सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहकर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करें।

# हाथों में तिरंगा लिए भारत माता के गूंजे नारे

## तिरंगा यात्रा में दिखा जोश और जुनून का जज्बा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** देश के प्रति लोगों के दिलों में जोश और जुनून पैदा करने को लेकर शनिवार को मसौढ़ी में लिटिल फ्लावर स्कूल के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों के बीच देशभक्ति को संदेश दिया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राओं एवं समाजसेवियों के हाथ में तिरंगा लेकर शामिल हुए, इस दौरान भारत माता के नाम के जयकारे और देशभक्ति गीत से पूरा इलाका गूंज उठा। तिरंगा यात्रा मसौढ़ी के मंडप के पास से शुरू हुआ, इसके बाद तिरंगा यात्रा स्टेशन रोड, कर्पूरी चौक, बाईपास होते हुए विभिन्न मार्गो से गुजरी। यात्रा में देशभक्ति गीत और भारत माता के जयकारे गूंजते रहे। यात्रा को देखने के लिए स्थानीय लोग का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान सैकड़ों तिरंगा लहराता हुए नजर आए। लोगों के बीच तिरंगा झंडा का भी वितरण किया गया। आर्यभट्ट के राष्ट्रीय संयोजक डॉ सुनील गावस्कर ने कहा पूरे देश में लोगों के बीच देशभक्ति का जोश और जज्बा पैदा कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। यहां भी इसी उद्देश्य के साथ तिरंगा यात्रा आयोजित किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि आजादी के जितने भी नायक और हीरो थे, उन सब को नमन किया जा रहा है। उन सभी नायकों को याद कर जनता के दिलों में आजादी का जोश और जुनून पैदा किया जा रहा है। मौके पर डॉ रामजयपाल यादव, अभय कुमार सिन्हा, अशोक शर्मा, मुन्ना मांझी, विवेकानंद वर्मा,बबलू सिंह, संजय केसरी, रवि प्रकाश,मुन्ना पासवान, पप्पू शर्मा समेत कई समाजसेवी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग शामिल रहे।

# सामाजिक न्याय के पुरोधा कर्पूरी ठाकुर की मनाई गई जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में शनिवार को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मसौढ़ी के कर्पूरी चौक पर नाई संघ के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ मौके पर जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर विधायक अरुण मांझी भी कर्पूरी ठाकुर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जहाँ कर्पूरी ठाकुर के सामाजिक न्याय, समरसता और गरीब-वंचितों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा की सामाजिक न्याय के पुरोधा, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, 'भारत रत्न' कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। वे जननायक कर्पूरी ठाकुर पिछड़े एवं वंचित वर्ग के अधिकारों की रक्षा और उनके उत्थान हेतु आजीवन समर्पित रहे। उन्होंने जन-जन के जीवन में आशा, आत्मविश्वास और आत्मसम्मान की नई रोशनी प्रस्फुटित की, जो सदैव प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी। इस मौके पर भारी संख्या में कार्यकर्ताओं का जुटान रहा मौके पर अश्विनी गोल्डी, लालमोहन सिंह, संजय केसरी, विश्वनाथ केसरी, लाला यादव, लखन सिंह चंदेल, अजय शर्मा, रामनरेश ठाकुर संजय कुमार बटेश्वर यादव ओम प्रकाश शर्मा आदि शामिल रहे।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने असहायों के बीच बाटे कंबल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** हर आपदा में सहयोग को लेकर तत्पर रहने वाले भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला उपशाखा मसौढी के द्वारा गरीब-असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण का अभियान जारी है। इसी क्रम में 50 जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण का कार्य संपन्न हुए। इस पुनीत कार्य में रेड क्रॉस के वरिष्ठ वोल्युन्टीयर शुशील कुमार, विकासचन्द्र, श्रवण मालाकार, सोनी कुमारी, उमेश कुमार सिंह, पूर्व प्रखंड प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर, पंकज कुमार सिंह, नवल भारती आदि सहित अन्य कई सामाजिक लोगों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सूची तैयार किये गए और उन्हें कम्बल प्रदान

### आपदा में सहयोग को तत्पर रहता है रेड क्रास

किए गये। लाभुकों में काश्मीरगंज, नोनिया टोली सती-स्थान, मणीचक, कोरियावां गढ, लखीबाग आदि स्थान के जरूरतमंद शामिल थे। रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रभारी इंचार्ज विश्व रंजन ने बताया कि मसौढी के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में हर आपदा में रेड क्रॉस के वालंटियर तैयार रहते हैं न केवल ठंड के दिनों में कंबल वितरण बल्कि गर्मी के दिनों में लू से बचने के लिए भी और आग लगी से बचाव के लिए भी मदद पहुंचाये जाते हैं।

# फाइनल मुकाबले में वाईएमसीसी ने पैंथर्स टीम को चार रनों से हराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बीते 5 जनवरी से चल रहे मसौढ़ी लीजेंड क्रिकेट लीग के शनिवार को टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला पैंथर्स और वाईएमसीसी के बीच हुआ, जिसमें वाईएमसीसी ने रोमांचक मुकाबले में चार रनों से पैंथर्स टीम को कडी शिकस्त देते हुए विनर कप पर कब्जा कर हरा दिया, ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 98 रन बनाया, जिसके जबाब में पैंथर्स लक्ष्य का पीछा करते हुए 94 रन बनाया और ये फाइनल मैच को चार रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच के फाइनल मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पोलार्ड को मैन ऑफ दी मैच दिया गया और पुरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिये मैन ऑफ दी सीरीज रिंकू राज को दिया गया। गौरतलब है की इस क्रिकेट लीजेंड के पुरे टूर्नामेंट में मृत्युंजय पेरियार ऊर्फ विश्वजीत एवं मुकुल शर्मा के द्वारा काबिले तारीफ कार्य रहा, टूर्नामेंट मैच को सफल आयोजन मे सभी टीमों के सबों का सहयोग रहा। मृत्युंजय पेरियार ने कहा की युवा पीढ़ी ड्रग के चपेट से बचाने के लिए खेल में जिसमें इंगेज किया जा सकता है जिसमें इस लीजेंड्स क्रिकेट लीग टूर्नामेंट सीजन-2को मुख्य उदेश्य यही था। इस पुरे टूर्नामेंट राधे यादव, छोटू इराकी, अजय कुमार, मोहम्मद अरफराज साहिल, पालटन सिंह, छोटू शर्मा एवं मोहम्मद अयान, वरुण सिंह, रौशन आदी शामिल रहे।

# गणतंत्र दिवस को लेकर रेल परिसर में कड़ी सुरक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** आगामी गणतंत्र दिवस के मद्देनज़र रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर कटिहार रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता किया गया। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेल पुलिस के साथ शनिवार को संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व आरपीएफ ईस्ट पोस्ट इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी व जवानों ने पूरे दल-बल के साथ कटिहार रेलवे स्टेशन, सभी प्लेटफॉर्मों एवं सर्कुलेटिंग एरिया का भ्रमण किया। सुरक्षा बलों की मौजूदगी से जहां आम यात्रियों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। वहीं असामाजिक तत्वों को भी सख्त संदेश दिया गया कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि गणतंत्र दिवस तक स्टेशन परिसर में लगातार निगरानी, सघन चेकिंग और गश्त जारी रहेगी। वही रेल प्रशासन ने आम यात्रियों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की जानकारी तुरंत रेल पुलिस या आरपीएफ को दें। ताकि सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखा जा सके।

## कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनी

**प्राणपुर/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कर्पूरी विचार मंच के तत्वाधान में पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती बस्तौल चौक पर समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मीकांत विश्वास ने किया। जबकि मंच संचालन राजद के वरिष्ठ नेता विष्णु अग्रवाल ने किया। इस दौरान लोगों ने चौक पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर फूल माला चढाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।वहीं समारोह में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें उपेक्षित और वंचित वर्गों की आवाज तथा समाजवादी धारा का अगुवा बताया। कहा गया कि आम जनों के लिए उनके संघर्ष एवं उनकी स्वच्छ छवि ने हीं उन्हें जननायक बनाया। समर्थकों ने उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।

# मसौढ़ी में भक्ति और उल्लास के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** शनिवार को विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन पूरे विधि-विधान के साथ किया गया। मसौढी के बाल विद्या निकेतन समेत स्कूल-कॉलेज व शिक्षण संस्थानों के अलावा पूजा समितियों द्वारा पंडालों में स्थापित माता की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। हालांकि, इस बार प्रशासन की सख्ती के चलते पूजा सादगी के साथ मनायी गयी और विसर्जन भी तय दिन के अनुसार कर दिया गया। शनिवार को अहले सुबह से ही विभिन्न शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक संस्थानों से लोग माता की प्रतिमा लेकर नाचते-गाते मसौदे से दुद्धीचक घाट पर पहुंचे, जहां पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने पानी में माता की प्रतिमा का विसर्जन किया। इस दौरान युवकों व छात्रों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बसंत के आगमन की बधाई दी। वहीं, विसर्जन के दौरान सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम माता सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा व विधि-व्यवस्था के लिए शहर में जगह-जगह दंडाधिकारियों के साथ भारी संख्या में पुलिस के जवान व अधिकारी तैनात किये गये थे।

# फोरलेन अंडरपास के समीप ट्रक-ऑटो में टक्कर, पांच जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** पटना गया नेशनल हाईवे-22 के नीचे अंदरपास के समीप शनिवार की दोपहर को एक ट्रक और ऑटो में जोरदार टक्कर हो गई जहां ऑटो पर सवार तकरीबन एक महिला समेत पांच लोग जख्मी हो गए हैं। हालांकि जान माल का ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, सभी यात्री बाल बाल बच गये, लेकिन ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। दरअसल स्थानीय लोगों की माने तो अंडरपास के पास तीखा मोड है जहां पर एक ट्रक विपरीत दिशा की ओर से आ रहा था वही इस मोड़ पर ऑटो भी अचानक आ गया जहां जोरदार टक्कर हो गई जहाँ ऑटो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और ऑटो पर सवार कई लोग जख्मी हो गए। घटना के बाद सभी लोगों को स्थानीय निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। वही दो लोगों स्थिति गंभीर बनी है जिसे एंबुलेंस के माध्यम से पटना रेफर किया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया की तीखा मोड़ के पास ट्रक की रफ्तार काफी धीमी थी, अगर तेज रफ्तार रहती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

# पीड़ित परिवार के साथ है सरकार : प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए शिक्षक स्व. आलोक कुमार वर्मा के परिजनों से शुक्रवार को बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार उनके आवास गढ़पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और इस कठिन घड़ी में धैर्य बनाए रखने का संबल दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है, लेकिन सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस मौके पर नवादा विधायक विभा देवी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और कहा कि दुख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ हैं। विधायक ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। शोकाकुल परिवार से मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने परिजनों को आश्वस्त किया कि प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान दिवंगत शिक्षक के भाई अमित चंद्रवंशी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण मौजूद थे। सभी ने दिवंगत शिक्षक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार को ढांढस बंधाया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने शिक्षक आलोक कुमार के योगदान को याद करते हुए उनके असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और परिवार के प्रति अपनी एकजुटता प्रकट की।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों का किया अंतिम पूर्वाभ्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** गणतंत्र दिवस के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु परेड की सलामी का पूर्वाभ्यास एवं स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिले में गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जिले के ऐतिहासिक गांधी मैदान में किया जाना है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा गांधी मैदान में आयोजित परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान सशस्त्र बलों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया तथा परेड की सलामी दी गई। शस्त्र बलों के जवानों के साथ-



साथ एनसीसी एवं स्काउट-गाइड के प्रतिभागियों द्वारा अनुशासनबद्ध एवं सराहनीय प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथियों के साथ-साथ आम नागरिकों की सहभागिता की भी समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे आमजन सहज रूप से ध्वजारोहण कार्यक्रम का अवलोकन कर सकें। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा परेड से संबंधित तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ एवं त्रुटिरहित बनाए जाने हेतु पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि परेड के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए तथा शेष कमियों को अविलंब दूर किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा गांधी मैदान परिसर का व्यापक निरीक्षण किया गया तथा मैदान की साफ-सफाई, साउंड सिस्टम, सजावट, बैरिकेडिंग एवं रंग-रोगन से संबंधित कार्यों को ससमय पूर्ण कराने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, डीपीएम जीविका सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराएं मूर्तियों का विसर्जन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सरस्वती पूजा के अवसर पर मूर्ति विसर्जन हेतु निर्धारित अदरी नदी स्थित सूर्य मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मूर्ति विसर्जन स्थल पर उपलब्ध सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि विसर्जन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुचारू व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान नदी घाटों पर पर्याप्त संख्या में



दंडाधिकारी, पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु गोताखोरों, मेडिकल टीम, एंबुलेंस एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित संसाधनों की भी तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा विसर्जन जुलूसों के मार्ग, यातायात व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन सर्विलांस (यदि आवश्यक हो) एवं पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि विधि-व्यवस्था संधारित रहे। निरीक्षण के क्रम में सूर्य मंदिर परिसर एवं अदरी नदी घाट की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, साउंड सिस्टम, मार्ग संकेतक एवं घाटों की सुरक्षा से संबंधित बिंदुओं का भी अवलोकन किया गया। संबंधित नगर निकाय एवं विभागों को निर्देश दिया गया कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई कि वे निर्धारित विसर्जन स्थलों का ही उपयोग करें, प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, डीपीएम जीविका सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लगातार लापता हो रही नाबालिग लड़कियां, परिजन परेशान

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में नाबालिग युवतियों के गायब होने के प्रकरण लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला नवीनगर थाना क्षेत्र के भटवा भगली की है जहां के रहने वाले संजय राम की 17 वर्षीय पुत्री रविता कुमारी लापता है। वह 22 जनवरी की शाम 4 बजे से गायब है। पीड़ित पिता के मुताबिक रविता नबीनगर बाजार गई थी। लेकिन वापस घर नहीं लौटी। मामले मे उन्होंने पुलिस से खोजबीन की मांग की है। इधर, मामले की गंभीरता में आधार पर पुलिस नाबालिग लड़की की खोजबीन में जुट गई है। बता दे कि इसके पूर्व देव थाना क्षेत्र के तिलौता बिगहा से कोमल कुमारी, स्वीटी कुमारी, कशिश कुमारी एवं रूनी कुमारी बीते 18 जनवरी से लापता है। मामले की गंभीरता के आधार पर पुलिस लड़कियों की तहकिकात कर रही है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में सभी प्रकरणों पर पुलिस गंभीरतापूर्वक छानबीन कर रही है। एसपी के मुताबिक गठित विशेष टीम द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। साथ ही लोगों से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति को लापता लड़कियों के बारे में कोई भी जानकारी मिलती हो तो कृपया पुलिस को सूचित करें। बता दे कि इस प्रकार के मामलों में मानव तस्करी जैसी बात भी सामने आती है। बीते कुछ दिनों में इस प्रकार के कई प्रकरण सामने आए हैं, जिसमें नाबालिग युवतियों के लापता होने की बात सामने आई है।

# डीएम ने स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं का किया अवलोकन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय ओरा एवं मध्य विद्यालय कनबेहरी का निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, कक्षा संचालन, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षकों की नियमितता एवं विद्यालय की आधारभूत संरचनाओं का जायजा लिया गया। साथ ही विद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में संचालित मध्याह्न भोजन योजना (मिड डे मील) की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, निर्धारित मेनू के अनुपालन एवं बच्चों को समय पर भोजन उपलब्ध कराने की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को योजना का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अत्याधुनिक लैब एवं लाइब्रेरी स्थापित करने का निर्देश दिया गया, ताकि छात्र-छात्राओं को आधुनिक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में सतत सुधार सुनिश्चित करने को कहा गया।

## सड़क दुर्घटना में राजद नेता के भाई की मौत पर डॉ सुरेश पासवान ने जताया शोक

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शनिवार को बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने सड़क दुर्घटना में राजद नेता उदय उज्ज्वल के छोटे भाई की दर्दनाक मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने बताया कि शनिवार की संध्या उदय उज्ज्वल के छोटे भाई अपने गांव पीपरडीह के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 119 पार कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से वे गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर ही उनकी मौत हो गई। डॉ सुरेश पासवान ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और चिंताजनक है। डॉ पासवान ने कहा कि आए दिन सड़क हादसों में दर्जनों लोगों की जान जा रही है जिससे कई परिवार बेसहारा हो रहे हैं, लेकिन सरकार और जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग एक फैशन बन चुका है, जिसके कारण लगातार लोगों की जान जा रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से तेज रफ्तार और ओवरटेकिंग पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही मृतक के आश्रितों को एक सरकारी नौकरी और उचित मुआवजा दिए जाने की भी मांग की।

## आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने का आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** आपसी विवाद में मारपीट के बाद युवक का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के आरोप में एक अभियुक्त को पौथू थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के ईटार गांव निवासी बजरंगी लोहार उर्फ बजरंगी कुमार के रूप में की गई है। घटना 27 नवंबर 2025 की है। मामले में पीड़ित ईटार गांव निवासी कुंदन कुमार ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई जिसमें बताया कि पकड़े गए अभियुक्त समेत चार लोगों ने आपसी विवाद में पहले मारपीट किया। इसके बाद उसका आपत्ति जनक वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की। इसी क्रम में शनिवार को आरोपी पकड़ा गया। थानाध्यक्ष सोमेश्वर नाथ ने बताया युवक के साथ मारपीट तथा उसका आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# शिक्षित वर्ग ही कर सकता है स्वस्थ समाज का निर्माण : अरूण कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जदयू नेता व जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार ने जिला मुख्यालय स्थित बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह स्मृति भवन में श्रीबाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि श्रीबाबू के बताए मार्ग पर चलकर ही बिहार अग्रणी राज्यों की श्रेणी में आ सकता है। आज हम सभी को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। शिक्षित वर्ग ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। श्रीकृष्ण सिंह ट्रस्ट के सचिव नीलमणी कुमार ने गुलदस्ता व अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया। कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव की ऐतिहासिक जीत में डॉ अरुण बाबू का अहम योगदान है। चुनाव बाद प्रथम बार औरंगाबाद पधारने पर लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता सुनील शर्मा, रविन्द्र शर्मा, परशुराम सिंह, रंजीत मोहन, उदय पांडेय उपस्थित रहें। इस अवसर मंटू शर्मा, अमित पांडेय, राकेश कुमार मुन्नू नीतीश कुमार और डॉ अरुण कुमार के विकासवादी नीति से प्रभावित हो जदयू की सदस्यता ली।

## जयंती पर जननायक कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती शनिवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम में राजद कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई, तथा कर्पूरी ठाकुर के जीवन कृत्यों को याद किया गया। वक्ताओं ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को सामाजिक न्याय, समानता और वंचितों की आवाज का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने अपना पूरा जीवन गरीबों, पिछड़ों और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर आजीवन वंचित वर्गों की लड़ाई हमेशा लड़ते रहे। इसके लिए उन्हें काफी प्रताड़ित किया गया फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और वो अपने संघर्ष को बढ़ाते रहे। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उनके जीवन शैली में कोई परिवर्तन नहीं आया। इसलिए आज हमलोग उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर उनके अधूरे सपनों को साकार करेंगे। इस अवसर पर गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा, जिला पार्षद शंकर यादव, वरीय राजद नेता ई. सुबोध कुमार सिंह, नवीनगर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी अमोद चंद्रवंशी, विनोद ठाकुर, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येन्द्र यादव, मुन्ना अज़ीज़, संजीत यादव, चंदन कुमार, सिद्धी यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# कर्पूरी ठाकुर के विचार आज भी प्रासंगिक : डॉ. विजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जननायक कर्पूरी ठाकुर जयंती पर रामलखन सिंह यादव कॉलेज में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज परिसर में जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। इस दौरान शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उनके विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय, समानता और समरसता के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन पिछड़े, दलित एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। डॉ.



रजक ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर के विचार आज के सामाजिक परिदृश्य में भी उतने ही प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के बरसर डॉ. विवेक कुमार ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के प्रतीक थे। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. जुबैर आलम, डॉ. बिपिन कुमार, डॉ. राजेश कुमार चौधरी, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. संगीता सिंह, अकाउंटेंट विवेक कुमार, मनोविज्ञान सहायक मिथिलेश महतो, सहायक राजाउद्दीन खान, जितेंद्र कुमार, संतन कुमार, लक्ष्मी भूषण, डब्लू गिरी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## पैक्स गोदाम से चोरी, पुलिस ने जब्त की धान की बोरियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पैक्स गोदाम से अज्ञात चोरों द्वारा धान की बोरिया चोरी का मामला सामने आया है। मामला गोह थाना क्षेत्र के बाजार वर्मा पंचायत स्थित पैक्स गोदाम की है। पुलिस ने सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर पर लदा धान की कुछ बोरियां जब्त की है। वहीं चोर मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को शुक्रवार की देर रात 2 बजे सूचना प्राप्त हुई कि बाजार वर्मा पंचायत स्थित पैक्स गोदाम से अज्ञात चोरों द्वारा धान से भरे कुछ बोरियां चोरी कर ट्रैक्टर पर लोड कर फरार हो गए हैं। सूचना के आलोक में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इसी इसी क्रम में शनिवार की सुबह क़रीब 4 बजे डिहुरी पुल के पास स्थित रोहित कुमार के धर्मकांटा पर धान लोड एक ट्रैक्टर संदिग्ध अवस्था में खड़ा पाया गया। ट्रैक्टर के आसपास सघन खोजबीन की गई, परंतु कोई भी व्यक्ति मौके पर उपस्थित नहीं पाया गया। ट्रैक्टर को विधिवत जब्त कर जब्ती सूची तैयार करते हुए थाना लाया गया है। इस संबंध में बाजार वर्मा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष संजय यादव द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर संबंधित प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में अग्रेतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा इस घटना में संलिप्त अभियुक्तों की पहचान एवं गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## ओवरब्रिज का निर्माण नहीं होने के कारण दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे लोग

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** एनएच-19 को सिक्स लेन किया जा रहा है। हाइवे पार करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण औरंगाबाद शहर के पीपरडीह मोड़ पर दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से उस जगह पर नहीं ओवरब्रिज बना और न ही हाइवे पर चढ़ने वाले के लिए मार्ग को बंद किया। बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की संवेदना नहीं जग रही है। मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन व परिवहन विभाग के अधिकारी भी उदासीन बने हुए हैं। बता दें कि शुक्रवार की देर शाम हाईवे पार करने में पीपरडीह गांव का निवासी वरीय राजद नेता उदय उज्ज्वल के छोटे भाई अजय यादव की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। उस जगह पर पूर्व में भी कई दुर्घटनाएं घट चुकी हैं जिनमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पिपराडीह मोड़ पर ओवरब्रिज या अंडरपास बना रहता तो इतनी दुर्घटनाएं नहीं होती, जिन लोगों को हाईवे के ऊपर चलकर सड़क को पार करना पड़ रहा है वे ओवरब्रिज या अंडरपास से होकर सुरक्षित आर पार चले जाते। पूर्व में स्थानीय लोगों की मांग पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तत्कालीन अधिकारियों ने अंडरपास के निर्माण का उस समय आश्वासन भी दिया। लेकिन आज तक ना ही अंडरपास का निर्माण कराया गया और ना ही उस रास्ते को बंद किया गया। जबकि इलाके में मौजूदा समय में जिन स्थानों पर आबादी का घनत्व अपेक्षाकृत कम है, वहां पर अंडरपास का निर्माण शुरू कर दिया गया है, लेकिन सघन आबादी वाला क्षेत्र होने के बावजूद पीपरडीह मोड़ के पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। वह मार्ग सीधे देव को जोड़ती है जिससे सैकड़ों गांव प्रभावित है। घटना की सूचना पर पहुंचे सांसद अभय कुशवाहा, गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा, पूर्व सदर विधायक आनंद शंकर सिंह, जिला पार्षद शंकर यादव, वरीय राजद नेता ई. सुबोध कुमार सिंह आदि ने पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी।

